3 राजधानी
जुलाई में लगेगा खिलौना मेला

6 अभिमत
कर सुधारों के अच्छे नतीजे

10 विदेश
वेस्ट बैंक में संघर्ष में पांच फलस्तीनियों की मौत

11 राष्ट्रीय
मांझी की पार्टी का नीतीश सरकार से समर्थन वापस

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 224
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



तलवारबाजी में भवानी देवी ने रचा इतिहास

स्पोर्ट्स-12

# आदिपुरुष पर देशभर में बढ़ा विवाद

- यूपी के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन, अयोध्या और हरिद्वार में संतों ने रोक लगाने की मांग की, महाराष्ट्र के पालघर में भी विरोध
- नेपाल ने विवाद के बीच हिन्दी फिल्मों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लखनऊ में सोमवार को हजरतगंज पुलिस थाने पर फिल्म आदिपुरुष के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

**फिल्म** आदिपुरुष को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुआ। वहीं नेपाल में सभी हिंदी फिल्मों पर रोक लगा दी गई है। फिल्म को लेकर विवाद बढ़ने के साथ उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली में लोग सड़कों पर उतर गए। फिल्म के निदेशक ओम राउत और इसमें अभिनय करने वाले प्रभाष तथा कीर्ति सेनन भी लोगों के निशाने पर हैं। फिल्म के संवाद तथा कुछ किरदारों के जिस तरह से प्रस्तुत किया गया है, उसको लेकर विवाद है। फिल्म में माता सीता का उल्लेख 'भारत की बेटी' के रूप में किए जाने के बाद नेपाल में आदिपुरुष सहित सभी हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर सोमवार को रोक लगा दी गई। खबरों के मुताबिक, ओम राउत निर्देशित आदिपुरुष की स्क्रीनिंग पर काठमांडू और पोखरा में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद रामायण पर आधारित इस फिल्म पर पूरे नेपाल में रोक लगा दी गई है।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, महाराष्ट्र तथा राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को फिल्म के विरोध में प्रदर्शन किया गया। अयोध्या के संतों ने इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि फिल्म के संवाद सुनकर उनका खून खौलने लगता है। अयोध्या के संतों का मानना है कि यह फिल्म हिंदू धर्म और संस्कृति के खिलाफ विदेशी साजिश के तहत बनाई गई है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, फिल्म के संवाद सुनकर खून खौल उठता है, फिल्म पर तुरंत प्रतिबंध लगना चाहिए। सरकार को इस बात का ख्याल रखना चाहिए, ताकि दोबारा ऐसा ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि ये सब जानबूझकर किया गया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत राम दास ने कहा, फिल्म आदिपुरुष को हिंदू धर्म और संस्कृति के खिलाफ विदेशी साजिशों के तहत बनाया गया है। भगवान राम, भगवान हनुमान और देवी सीता की भूमिका निभाने वाले पात्रों द्वारा दिए गए फिल्म के संवाद रामायण की आदर्श संस्कृति को नष्ट कर देंगे। (शेष पेज 9)

## मनोज मुंतशिर को मिलेगी पुलिस सुरक्षा

**मुंबई।** हालिया प्रदर्शित फिल्म आदिपुरुष के संवाद लेखक मनोज शुक्ला मुंतशिर द्वारा अपनी जान को खतरा बताए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, हमें मनोज शुक्ला से एक आवेदन मिला है और उनकी जान को खतरा होने के बाद हम उन्हें सुरक्षा प्रदान करने पर विचार कर रहे हैं।

## भावनाओं को आहत करने का अधिकार किसी को नहीं: ठाकुर



**मुंबई।** हाल ही में रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि किसी को भी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है और फिल्म के लेखक और निर्देशक हंगामे के बाद कुछ बदलाव करने के लिए तैयार हो गए हैं। विवादास्पद फिल्म पर केंद्र सरकार का रुख पूछे जाने पर ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, किसी को भी दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने इस मुद्दे पर फैसला लिया है। यह उनका काम है। हालांकि, उन्होंने प्रमाणन बोर्ड के फैसले के बारे में विस्तार से नहीं बताया। मंत्री ने कहा, फिल्म के लेखक और निर्देशक ने भी कहा है कि वे जरूरी बदलाव करेंगे।

# भारत में वांछित खालिस्तानी आतंकी की कनाडा में हत्या

- खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख निज्जर को गुरुद्वारे के बाहर कार में मारी गईं गोलियां
- भारत में कई आतंकी वारदात की साजिश में रहा हाथ, दस लाख का इनाम था घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची में शामिल खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस पर दस लाख रुपये का इनाम घोषित था। कनाडा में वह गुरुद्वारे का प्रमुख था। हमलावरों का कोई सुराग नहीं लगा है। अधिकारियों के मुताबिक, दो अज्ञात बंदूकधारियों ने निज्जर (45) पर तब गोलियां चलाईं, जब वह पश्चिम कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा की पार्किंग से सोमवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे (कनाडा समयानुसार 18 जून, रविवार रात साढ़े आठ बजे) अपनी गाड़ी से निकलने की तैयारी कर रहा था। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और किसी संदिग्ध का विवरण जारी नहीं किया है। पिछले चार साल से वह इस गुरुद्वारे का प्रमुख था। ऐसी अटकलें थीं कि पंजाब में आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए यहां से वित्त पोषण किया जा रहा था। निज्जर को जुलाई 2020 में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत भारत द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया था और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सितंबर 2020 में देश में उसकी संपत्ति कुर्क की थी। उसके खिलाफ 2016 में इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। सरे की स्थानीय पुलिस ने भी निज्जर को 2018 में आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के संदेह में कुछ समय के लिए नजरबंद कर दिया था, लेकिन बाद में उसे रिहा कर दिया गया था।

भारत के बाहर कुछ कुख्यात आतंकियों की लक्षित हत्याओं का यह नवीनतम मामला है। इससे पूर्व मई में एक और वांछित खालिस्तानी आतंकवादी परमजीत सिंह पंजवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तान में गोली मार कर ढेर कर दिया था। परमजीत पंजवार (63) खालिस्तान कमांडो फोर्स-पंजवार समूह का नेतृत्व कर रहा था और जुलाई 2020 में यूएपीए के तहत भारत द्वारा आतंकवादी के रूप में नामित किया गया था। पंजाब के जालंधर में गांव भर सिंह पुरा के मूल निवासी निज्जर का 1995 में कनाडा में प्रवास के बाद से खालिस्तान उग्रवाद के साथ लंबा संबंध था। प्रारंभ में, बब्बर खालसा का सदस्य रहा निज्जर सदी के पहले दशक के कुछ सबसे हाई-प्रोफाइल आतंकी मामलों में शामिल था, जिनमें शिंगार सिनेमा बम विस्फोट (लुधियाना, 2007) और राष्ट्रीय सिख संगत के अध्यक्ष रुल्दा सिंह (पटियाला, 2009) की हत्या शामिल है। उसे पाकिस्तान में 2011 में भगोड़े केटीएफ सुप्रीमो जगतार सिंह तारा से मिलवाया गया था। बाद में वह नवगठित केटीएफ में चला गया। जगतार अब भारत में कैद है। निज्जर पाकिस्तान में वार्षिक जत्थे में तारा से मिलता रहता था। इस दौरान उसे कथित तौर पर आईईडी के निर्माण और अत्याधुनिक हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि निज्जर ने कनाडा से भी तारा को अच्छी तरह से वित्तीय मदद की और 2014 में पाकिस्तान से थाईलैंड में उसके ठिकाने को स्थानांतरित करने के लिए वित्त पोषण किया। जब 2014 के अंत में तारा को थाईलैंड से निर्वासन का सामना करना पड़ रहा था, तो निज्जर ने इसे रोकने के लिए थाईलैंड और पाकिस्तान के कई चक्कर लगाए। (शेष पेज 9)

# वरिष्ठ आईपीएस रवि सिन्हा रॉ प्रमुख नियुक्त

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी और पड़ोसी देशों के मामलों के विशेषज्ञ रवि सिन्हा को सोमवार को भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया। सिन्हा, सामंत कुमार गोयल की जगह लेंगे। उनका कार्यकाल 30 जून, 2023 को पूरा हो रहा है। छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी सिन्हा दो दशक से अधिक समय से इस प्रतिष्ठित खुफिया एजेंसी से जुड़े रहे हैं। वह वर्तमान में इस संगठन में दूसरे नंबर के शीर्ष अधिकारी हैं। अपनी पदोन्नति से पहले वह रॉ की अभियानगत शाखा का नेतृत्व कर रहे थे।

सिन्हा के ही बैच के अधिकारी तपन डेका खुफिया ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 59 वर्षीय सिन्हा की दो साल के कार्यकाल के लिए रॉ के सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा को खुफिया जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक को नियोजित करने में महत्वपूर्ण प्रगति करने का श्रेय दिया जाता है। अपनी नई भूमिका में, सिन्हा से आज के समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी और मानव खुफिया आयामों को एकीकृत करने की उम्मीद है। दिल्ली के सेंट स्टीफन्स कॉलेज के पूर्व छात्र सिन्हा ने कई क्षेत्रों में काम किया है और उनके पास अनुभव और ज्ञान का खजाना भी है। पड़ोसी देशों के मामलों के विशेषज्ञ माने जाने वाले सिन्हा की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब पाकिस्तान राजनीतिक और आर्थिक रूप से उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है, कुछ देशों से सिख चरमपंथ को हवा देने की कोशिशें की जा रही हैं और पूर्वोत्तर में, खासकर मणिपुर में हिंसा को बढ़ावा दिए जाने के प्रयास हो रहे हैं।

सिन्हा ने पूर्व में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर के अलावा कई देशों में काफी काम किया है। सिन्हा के पूर्ववर्ती गोयल को जून 2019 में दो साल के लिए रॉ प्रमुख नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें 2021 और जून 2022 में एक-एक साल का दो बार सेवा विस्तार दिया गया था। माना जाता है कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित मामलों के विशेषज्ञ गोयल ने पाकिस्तान के बालाकोट में फरवरी 2019 के सर्जिकल स्ट्राइक की योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सर्जिकल स्ट्राइक पुलवामा आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई थी। पुलवामा हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक आत्मघाती हमलावर ने यह हमला किया था। हमले के जवाब में, भारतीय वायु सेना ने 26 फरवरी, 2019 को बालाकोट में जैश के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया था।

# सम्मान लेंगे, पुरस्कार राशि नहीं: गीता प्रेस

- धार्मिक ग्रंथों की विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था ने प्रतिष्ठित गांधी शांति पुरस्कार मिलने पर कहा-किसी प्रकार का दान स्वीकार नहीं करने के अपने सिद्धांत पर कायम

**भाषा।** गोरखपुर

**गोरखपुर** स्थित धार्मिक ग्रंथों की विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था गीता प्रेस की ओर से सोमवार को कहा गया कि प्रतिष्ठित गांधी शांति पुरस्कार मिलना सम्मान की बात है, लेकिन किसी प्रकार का दान स्वीकार नहीं करने के अपने सिद्धांत के अनुरूप प्रकाशन संस्था एक करोड़ रुपए की नकद पुरस्कार राशि को स्वीकार नहीं करेगी। प्रकाशन संस्था ने गांधी शांति पुरस्कार के लिए चयनित होने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। रविवार देर रात यहां गीता प्रेस के ट्रस्टी बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया कि प्रतिष्ठित पुरस्कार तो स्वीकार किया जाएगा, लेकिन इसके साथ मिलने वाली एक करोड़ रुपए की धनराशि नहीं ली जाएगी।

गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि त्रिपाठी ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, हम केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गांधी शांति पुरस्कार प्रदान करने के लिए धन्यवाद देते हैं। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। किसी भी प्रकार का दान स्वीकार नहीं करना हमारा सिद्धांत है, इसलिए न्यास बोर्ड ने निर्णय लिया है कि हम निश्चित रूप से पुरस्कार के सम्मान के लिए पुरस्कार स्वीकार करेंगे, लेकिन इसके साथ मिलने वाली धनराशि नहीं लेंगे। त्रिपाठी ने कहा कि न्यास बोर्ड के अध्यक्ष केशव राम जी अग्रवाल, महासचिव विष्णु प्रसाद चंदगोटिया और न्यासी देवी दयाल प्रेस का प्रबंधन देखते हैं। (शेष पेज 9)

# मणिपुर में हिंसा बंद करें या परिणाम भुगतने को रहें तैयार

- सैनिक पर हमले के बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने दी कड़ी चेतावनी
- पलायन करने वालों के लिए राज्य सरकार अस्थायी घर बनाकर देगी

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल



मणिपुर में लोगों से बातचीत करते राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह

**हिंसा की** सिलसिलेवार ताजा घटनाओं के बीच मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार को लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्य में हिंसा बंद नहीं की तो, उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। पश्चिम इंफाल जिले में अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में एक सैनिक के घायल होने के बाद मुख्यमंत्री ने यह कड़ी प्रतिक्रिया दी। सिंह ने कहा कि वह हथियार थामे मेइती लोगों से अपील करते हैं कि वे किसी पर हमला न करें और शांति बनाए रखें, ताकि हम सामान्य हालात बहाल कर सकें।

मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में रविवार देर रात 11 बज कर करीब 45 मिनट पर अज्ञात लोगों ने बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें सेना का एक जवान चोटिल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि जवान को लीमाखोंग के सैन्य अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत स्थिर है। अधिकारी के अनुसार, घटना लीमाखोंग (चिंगमांग) के कांतो सबाल गांव में हुई। इसके बाद सेना के जवानों ने इलाके में ग्रामीणों की उपस्थिति का ध्यान रखते हुए सीमित गोलीबारी की। दूसरी ओर, अज्ञात लोगों ने चिनमांग गांव में तीन घरों में आग भी लगा दी, जिसे बाद में सेना ने बुझा लिया। अधिकारी ने बताया कि कुछ देर की शांति के बाद दोपहर दो बज कर करीब 35 मिनट पर कांतो सबाल गांव से अकारण गोलीबारी फिर से शुरू हो गई जो तीन बजे तक चलती रही। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में जारी हिंसा के दौरान अपने घरों से भागे लोगों को वापस लाने के लिए उनकी सरकार 3,000-4,000 अस्थाई घरों का निर्माण करेगी। राहत शिविरों का दौरा करने के बाद सिंह ने कहा कि ये घर दो महीने में तैयार हो जाएंगे। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच एक महीने से अधिक समय से चल रही जातीय हिंसा में अब तक 100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। पिछले महीने की शुरुआत में हिंसा भड़कने के बाद से बंद चल रहे स्कूलों को खोलने के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, जो वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी है।

## क्विक न्यूज

### यूनान नौका त्रासदी में 300 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों की मौत की आशंका

**कराची।** यूनान के तट के निकट लगभग 750 यात्रियों से भरी हुई नौका के डूबने से 300 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों की मौत होने की आशंका है। एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने मानव तस्करों पर नकेल कसते हुए देश के विभिन्न हिस्सों से कम से कम 12 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले सप्ताह जब नौका डूबी, उस समय उसमें 400 पाकिस्तानी नागरिकों के साथ ही मिस्र के 200 और सीरिया के 150 नागरिक सवार थे। उनमें सीरियाई महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। पाकिस्तान सीनेट के अध्यक्ष मुहम्मद सादिक ने नाव दुर्घटना में 300 से अधिक पाकिस्तानी लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, यह विनाशकारी घटना अवैध मानव तस्करी के घृणित कार्य से निपटने और इसकी निंदा करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस हादसे ने यूरोपीय देशों में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानियों की दुर्दशा को उजागर किया।

# इंडिगो ने एयरबस को दिया 500 विमानों का ऑर्डर

- यूरोपीय विमान विनिर्माता कंपनी के साथ किसी भी एयरलाइन की तरफ से अब तक का सबसे बड़ा सौदा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**किफायती** सेवाएं देने वाली एयरलाइन इंडिगो ने यूरोपीय विमान विनिर्माता कंपनी एयरबस को 500 विमानों की आपूर्ति का पक्का ऑर्डर देने की सोमवार को घोषणा की है। इंडिगो ने बयान में कहा कि यह एयरबस को किसी भी एयरलाइन की तरफ से दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर है। हालांकि, इंडिगो ने इस सौदे के वित्तीय पहलुओं का ब्योरा नहीं दिया है। इस विमान खरीद समझौते पर पेरिस एयर शो 2023 के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। इंडिगो ने बयान में कहा कि वर्ष 2030 से लेकर 2035 की अवधि के लिए किए गए 500 विमानों के पक्के ऑर्डर के साथ ही एयरलाइन की ऑर्डरबुक में करीब 1,000 विमान शामिल हो चुके हैं, जिनकी आपूर्ति अगले एक दशक में की जाएगी। इंडिगो ने पहले भी 480 विमान के ऑर्डर दिए थे, जिनकी आपूर्ति होनी अभी बाकी है। फिलहाल उसके बेड़े में 300 से अधिक विमान हैं। इंडिगो के नए विमान ऑर्डर में ए320 नियो, ए321 नियो और ए321 एक्सएलआर विमान शामिल हैं। इंडिगो ने कहा कि वह एयरबस को ए320 सीरीज के 500 विमानों के ऑर्डर देकर अगले दशक के लिए अपना दीर्घकालिक भविष्य परिभाषित कर रही है।

# भीषण गर्मी से बचाव को हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



उप्र के बलिया में जिला अस्पताल में मरीजों के लिए लगाया गया विशाल कूलर

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और लू के कहर से बचाव के पुख्ता प्रबंध करने के लिए सोमवार को अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों की एक उच्च-स्तरीय बैठक में लू की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी और लू का मौसम चल रहा है और ऐसे में गांव या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो। उन्होंने आवश्यकता होने पर अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया तथा कहा कि ट्रांसफॉर्मर जलने और तार गिरने जैसी समस्याओं का अविलंब निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर स्तर पर बचाव के पुख्ता प्रबंध किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कहीं भी पेयजल का अभाव न हो और बाजार में तथा मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की जाए। योगी ने सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ रखवाए जाने के निर्देश दिए और कहा कि इस कार्य में सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए और सभी नल चालू किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लू के लक्षणों और उससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए तथा बीमारी की स्थिति में हर किसी को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्राणी उद्यानों एवं अभयारण्यों में भीषण गर्मी एवं लू से बचाव संबंधी कार्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने गौशालाओं में पशुओं के चारे-पानी की उचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सोमवार को उच्च-स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य), प्रमुख सचिव (चिकित्सा शिक्षा), अपर मुख्य सचिव (वन), प्रमुख सचिव (राजस्व) और राहत आयुक्त मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालक किसानों को भी लू के कहर से सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। योगी ने सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था को एक पुनीत कार्य बताते हुए कहा कि गोवंश, श्वान आदि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के वास्ते आम लोगों में जागरूकता पैदा करने की भी अधिकारियों को सलाह दी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 जून, 2023



# मॉडल बनना चाहता था निखिल, सदमे में मां-बाप

## दो एल्बम में कर चुका था काम, मुम्बई से भी आया था बुलावा: पिता



घटनास्थल जहां चाकू से निखिल की हत्या हुई। मृतक का फाइल फोटो।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

फिल्मी दुनिया में नाम कमाने और मॉडल बनने की चाहत रखने वाले निखिल की हत्या के बाद सबकुछ खत्म हो गया है। निखिल की हत्या के बाद से मां बाप सदमे में हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एक कॉलेज के बाहर रविवार को निखिल चौहान की हत्या हो गई थी। पने युवा बेटे की असामयिक मौत ने माता-पिता को भीतर तक तोड़ दिया है।

निखिल (19) के माता-पिता सोमवार को सफदरजंग अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर पोस्टमॉर्टम के बाद अपने बेटे का शव लेने के लिए अधिकारियों का इंतजार करते दिखे।

सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में मृतक के पिता संजय चौहान एक थाने के बाहर रोते हुए और मदद के लिए चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक पुलिसकर्मी उन्हें अंदर ले जाता है।

चौहान ने कहा कि उनका बेटा मॉडल बनना चाहता था और उसने दो वीडियो एल्बम में अभिनय भी किया था। संजय ने कहा कि मैं रविवार को घर पर सो रहा था जब मुझे दोपहर 12 बजे निखिल के दोस्तों का फोन आया, जो उसे अस्पताल ले गए थे। मैं अस्पताल गया जहां डॉक्टरों ने मुझे उसकी मौत के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, मुझे पता चला कि निखिल के दोस्त बंटी की 11 जून को कुछ लोगों के साथ हाथापाई हुई थी। निखिल ने इसमें हस्तक्षेप किया था और मामला सुलझा लिया गया था।

हालांकि, जब वह रविवार को कक्षा में जा रहा था, तो उसे चाकू मार दिया गया। मृतक की मां सोनिया चौहान काफी सदमे में दिखीं, जिन्हें उनके रिश्तेदार सांत्वना देने की कोशिश कर रहे थे। संजय ने कहा कि मेरा बेटा मॉडल बनना चाहता था और उसने दो वीडियो एल्बम में अभिनय किया था। उसे हाल ही में एक शूट के लिए मुंबई से फोन आया था, लेकिन वह अपने कॉलेज की परीक्षाओं के कारण नहीं जा सका। उसे घूमने का शौक था और हम लगभग 10-12 दिन पहले केदारनाथ गए थे।

निखिल के परिवार में उनकी मां, पिता और दो भाई हैं। बड़े भाई की शादी हो चुकी है जबकि छोटा भाई नकुल 12वीं कक्षा का छात्र है।


नकुल ने कहा कि निखिल को मॉडलिंग का शौक था। वह मुझे हर छोटी-बड़ी बात बताता था, लेकिन पिछले रविवार को हुई घटना के बारे में कुछ नहीं बताया था।

हम हर साल शिरडी जाते हैं और 23 जून को वहां जाने की योजना थी क्योंकि निखिल की परीक्षा 22 जून तक होनी थी। निखिल डीयू के मुक्त शिक्षा विद्यालय (एसओएल) से राजनीति विज्ञान में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रहा था और पश्चिम विहार का रहने वाला था। रविवार को निखिल की दक्षिण परिसर (साउथ कैंपस) में आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि करीब एक सप्ताह पहले एसओएल के एक छात्र ने कॉलेज में निखिल की प्रेमिका के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था।

निखिल द्वारा इसका विरोध किए जाने पर आरोपी कथित तौर पर नाराज हो गया और उसने बदला लेने का फैसला किया। रविवार को दोपहर के समय आरोपी और उसके तीन सहयोगियों ने आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर कथित तौर पर निखिल के सीने में चाकू घोंप दिया। निखिल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## डीयू के छात्र की हत्या में दो लोग गिरफ्तार



सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रविवार को दक्षिण परिसर (साउथ कैंपस) में आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर चाकू मारकर हत्या किए जाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान दिल्ली के बिंदापुर इलाका निवासी राहुल (19) और जनकपुरी निवासी हारून (19) के रूप में की गई है। उसने बताया कि राहुल कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र है और उसके पिता बिंदापुर में ब्रेड की दुकान चलाते हैं। राहुल का मित्र हारून यहां निलोठी इलाके में टी-शर्ट की एक फैक्टरी में काम करता है। पुलिस ने रविवार को बताया था कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि करीब एक सप्ताह पहले स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के एक छात्र ने कॉलेज में निखिल की प्रेमिका के साथ कथित तौर पर दुर्व्यहार किया था और जब निखिल ने इसका विरोध किया तो आरोपी नाराज हो गया और उसने कथित तौर पर बदला लेने का फैसला किया।

## दो बहनों की हत्या में अब तक पांच पकड़े



गमगीन परिवार।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के आर के पुरम इलाके में दो बहनों की हत्या के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आरके पुरम निवासी किशन उर्फ चौधरी (27) और गणेश स्वामी (39) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हत्या के मुख्य आरोपी समेत तीन अन्य को रविवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, बंदूकधारियों ने रविवार को आरके पुरम की आंबेडकर बस्ती में पिंकी (30) और ज्योति (29) नाम की दो महिलाओं को कथित तौर पर गोली मार दी थी। गोली लगने से घायल दोनों महिलाओं को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला कि हमलावरों का पीड़िता के भाई ललित के साथ वित्तीय विवाद था। उन्होंने बताया कि घटना के सिलसिले में रविवार को अर्जुन, माइकल और देव नाम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। तीनों आदतन अपराधी और जुआरी हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आप ने फिर साधा केंद्र सरकार पर निशाना

- आप का दावा- दिल्ली में बढ़े हैं अपराध, भाजपा पर अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का लगाया आरोप



प्रियंका कक्कड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर एक छात्र की चाकू मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में अपराध बढ़े हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का आरोप भी लगाया।

आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में बार-बार ऐसा क्यों हो रहा है। दिल्ली में कानून-व्यवस्था ऐसी सरकार के अधीन है, जो अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है। जो अपराधी भगोड़ा घोषित होते हैं, वे कुछ महीनों के बाद भाजपा के मंचों पर दिखते हैं। आप नेता ने यह भी कहा, वे लोग कानून से डरते नहीं हैं।

वहीं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के एक छात्र और दो बहनों की हत्या की घटनाओं के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

प्रियंका कक्कड़ ने उपराज्यपाल (एलजी) से सवाल करते रहे हैं कि दिल्ली में कितनी पीसीआर वैन बढ़ी हैं और उन्होंने कितने थानों का दौरा किया है। लेकिन वह (एलजी) जवाब नहीं देते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस पर उपराज्यपाल का नियंत्रण होता है।

कक्कड़ ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राष्ट्रीय राजधानी में सीसीटीवी लगाने तक के लिए संघर्ष करना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि केजरीवाल को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए उपराज्यपाल कार्यालय में धरने पर बैठना पड़ा। अब, भाजपा को पैनिक बटन से समस्या हो रही है। भाजपा चाहती है कि अपराध बढ़े। मैं आप लोगों से अनुरोध करती हूं कि आप दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से पूछें कि उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए क्या कदम उठाए हैं। (राष्ट्रीय राजधानी की) कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर क्यों होती जा रही है।

पिछले हफ्ते, भाजपा ने दिल्ली की आप-नीत सरकार के परिवहन विभाग द्वारा वेंडर के माध्यम से निजी टैक्सियों और बसों में पैनिक बटन लगाए जाने की प्रक्रिया में 500 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। केजरीवाल सरकार ने, हालांकि इस आरोप को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया था।



सोमवार को हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इस दौरान इंडिया गेट पर आए सैलानियों ने जमकर मस्ती की।

## बारिश ने दी गर्मी से राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में सोमवार दोपहर को बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

दिल्ली में संसद मार्ग, आईटीओ और चाणक्पुरी जैसे इलाकों के अलावा फरीदाबाद और नोएडा में भी बारिश हुई। इससे पहले दिल्ली के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह हल्की बारिश के बाद उमस हो गई थी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि शहर में सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटे की अवधि में पांच मिलीमीटर बारिश हुई और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य तापमान है। शहर में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 96 प्रतिशत दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने दिन में आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया था। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहा।

दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक, और अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## राजधानी में लगेंगे 50 लाख स्मार्ट मीटर

- अनुबंध अगले माह देने की उम्मीद, परियोजना साल के अंत शुरू होने की संभावना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बीएसईएस अगले महीने तक 50 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का अनुबंध देगी और परियोजना का जमीनी क्रियान्वयन इस साल के अंत से पहले शुरू होने की संभावना है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।, एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर परियोजना पर अनुमानित खर्च 5,000 करोड़ रुपए से 6,000 करोड़ रुपये के बीच होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि अभी निविदा की प्रक्रिया चल रही है और जुलाई तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि सितंबर से दिसंबर की अवधि के दौरान इसका जमीनी क्रियान्वयन शुरू होने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि सेवा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए बीएसईएस कई स्मार्ट मीटर निर्माताओं और सिस्टम इंटीग्रेटर्स के साथ साझेदारी कर रहा है।

बयान में कहा गया है कि मोबाइल एप्लिकेशन के साथ एकीकृत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी ऊर्जा खपत पर अभूतपूर्व नियंत्रण देकर सशक्त बनाएंगे। इसमें प्री-पेड और पोस्ट-पेड दोनों तरह के विकल्प शामिल हैं।

बयान में कहा गया है कि बीएसईएस दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य दिल्ली में 50 लाख उपभोक्ताओं और दो करोड़ लोगों के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करती है। दिल्ली में 58 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं।

## जुर्माने की राशि से लगाएं 10,000 पौधे : कोर्ट

- चूककर्ता वादियों से मिले हैं 70 लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में 10,000 पेड़ लगाने और कई मामलों में चूककर्ता वादियों द्वारा जुर्माने के रूप में जमा कराई गई 70 लाख रुपये से अधिक की धनराशि का इसके लिए इस्तेमाल किए जाने का निर्देश दिया।

अदालत ने टिप्पणी की कि पेड़-पौधे वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड सोख कर हवा को शुद्ध बनाते हैं। न्यायमूर्ति नजमी वजीरी ने कहा कि अदालत में जमा कराई जाने वाली इस राशि का इस्तेमाल व्यापक जनहित के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने चार वकीलों को अदालत के आयुक्तों के रूप में नियुक्त किया गया जो इस मुहिम के लिए स्थलों की पहचान करेंगे। न्यायाधीश ने कहा कि पेड़ शहर और उसके निवासियों की कई पीढ़ियों को अपने जीवित रहने तक लाभ पहुंचाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ पूरे साल शहर में व्याप्त रहने वाले प्रदूषण को न केवल अवशोषित कर हवा को शुद्ध करेंगे बल्कि वे उसकी सुंदरता भी बढ़ाएंगे।

अदालत ने अपने हालिया आदेश में कहा, उप वन संरक्षक (डीसीएफ), जीएनसीटीडी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार) के बैंक खाते में 70 लाख रुपए से अधिक स्थानांतरित किए जाएंगे। इस धनराशि का इस्तेमाल डीसीएफ, जीएनसीटीडी के पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) की मदद से ऐसे इलाकों में पेड़ लगाने में करे, जिनकी पहचान शादान फरासत, आविष्कार सिंघवी, तुषार सन्नू, आदित्य एन प्रसाद करेंगे। वे सभी कम से कम 2,500-2,500 पेड़ लगाएंगे। अत: उन्हें अदालत के आयुक्त नियुक्त किया जाता है। अदालत ने पुलिस को इस काम में डीसीएफ और अदालत आयुक्तों की मदद करने का निर्देश दिया। वृक्षारोपण और पेड़ों के रखरखाव में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और हर छह महीने में डीसीएफ से अभियान की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए।

## बिजली चोरी पर आरोपी को एक साल की सजा

**नई दिल्ली।** बिजली चोरी करने के मामले में यहां की अदालत ने एक व्यक्ति को एक साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि बिजली चोरी की बुराई उपभोक्ताओं को प्रभावित करती है और सरकारों एवं आपूर्तिकर्ताओं को काफी वित्तीय नुकसान पहुंचता है।

अदालत ने कहा कि दोषी को तीन लाख रुपए से अधिक की राशि का जुर्माना भी भुगतान पड़ेगा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जितेंद्र सिंह की अदालत बलिराम के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे पहले एक पार्किंग स्थल पर बिजली की सीधे चोरी के लिए विद्युत अधिनियम के प्रावधान के तहत सजा सुनाई गई थी।

## जुलाई में लगेगा खिलौना मेला, 25 देश होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में आठ जुलाई से तीन दिवसीय खिलौना मेला शुरू होगा। इसमें कम से कम 25 देशों के लगभग 5,000 खरीदारों और उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय खिलौना संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उद्योग निकाय ने कहा कि वॉलमार्ट और लेगो सहित लगभग 20 वैश्विक सोर्सिंग कंपनियों के सीईओ भी मेले का दौरा करेंगे। प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले मेले में 250 से अधिक भारतीय ब्रांड अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय खिलौना संघ के चेयरमैन मनु गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा खिलौना मेला है।

उन्होंने कहा, भारतीय खिलौना विनिर्माताओं के लिए यह वैश्विक खरीदारों को अपने उत्पादों और क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। इससे उन्हें नए ग्राहकों को जोड़ने, बाजार पहुंच का विस्तार करने और ब्रांड पहचान बढ़ाने में मदद मिलेगी।

गुप्ता ने कहा कि मेले में वैश्विक कंपनियों से संबंध बनाने, साझेदारी करने एवं संयुक्त उद्यम कायम करने के अवसर भी मिलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का निरीक्षण करते उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक संजय जैन व अन्य अधिकारी।

### स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन व सुविधाओं का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** ग्रीष्मावकाश के दौरान रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ प्रबंधन और पर्याप्त यात्री सुविधाओं को लेकर उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक संजय जैन ने रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने प्लेटफॉर्म न. 4 पर कुरुक्षेत्र-खजुराहो गीता जयंती एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे की जांच कर उचित निर्देश दिए। संजय जैन ने दिल्ली मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर किए इंतजामों का जाएजा लेते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने कहा कि उत्तर रेलवे बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर दिल्ली मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### हत्या में सबूत मिटाने का आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2004 में हुई हत्या के एक मामले में सबूत नष्ट करने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि कोई आपत्तिजनक सबूत नहीं होने के बावजूद उसने कई वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष को शुरू में उस व्यक्ति के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक सबूत नहीं मिला और यहां तक कि प्राथमिकी या प्रारंभिक आरोपपत्र में भी उसका नाम नहीं लिया गया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 2011 के फैसले को चुनौती देने वाले विजय बहादुर की अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसे आपराधिक साजिश रचने और सबूतों को नष्ट करने के लिए दोषी ठहराया गया था तथा एक साल जेल की सजा सुनाई गई थी। अदालत ने कहा कि जब अपीलकर्ता और अन्य सह-आरोपी हत्या के मूल और मुख्य आरोप से बरी हो गए, और निचली अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि अभियोजन पक्ष बहादुर और अन्य द्वारा हत्या के अपराध को स्थापित करने में विफल रहा, तो उसे सबूत नष्ट करने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उच्च न्यायालय ने कहा कि बहादुर को सबूतों को नष्ट करने के लिए स्वतंत्र रूप से दोषी नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मुख्य अपराध किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ साबित नहीं हुआ।

## आंबेडकर विश्वविद्यालय में चार लाख से अधिक आवेदन

### सीयूईटी परीक्षा देने वाले छात्र ही करा सकेंगे पंजीकरण, 16 जुलाई तक चलेगी प्रक्रिया

- विश्वविद्यालय में स्नातक की 1,123 सीटें





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के जरिए चार लाख से अधिक विद्यार्थियों ने यहां स्थित बीआर अंबेडकर विश्ववद्यालय के लिए आवेदन किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय में स्नातक की 1,123 सीट हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति अनु सिंह लाथेर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय को स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीयूईटी-यूजी के तहत 4,72,357 (4.72 लाख) आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सीयूईटी-यूजी परीक्षा दी है उन्हें विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 16 जून को शुरू हुई और यह 16 जुलाई तक जारी रहेगी।

हालांकि, इन सभी 4.72 लाख आवेदकों ने बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए आवेदन नहीं किया है बल्कि उन्होंने पसंदीदा विश्वविद्यालयों की सूची में इसे जगह दी है। अधिकारियों ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सीयूईटी पंजीकरण के दौरान इस विश्वविद्यालय का विकल्प नहीं चुना था वे भी आवेदन कर सकते हैं। सीईयूटी-यूजी के तहत आवेदन के मामले में बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय देश का चौथा संस्थान है जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय शीर्ष पर है।

## चिकित्सकों को अध्ययन की अनुमति देगा विवि

डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, पेशेवरों, चिकित्सकों और समाज के अन्य सदस्यों को आगामी शैक्षणिक वर्ष से प्रति सेमेस्टर एक या दो पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने की अनुमति देगा, इसके लिए किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में नामांकन की आवश्यकता नहीं होगी। एयूडी के नाम से प्रसिद्ध इस विवि की कुलपति अनु सिंह लाथेर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षमता संवर्धन योजना (सीईएस) का उद्देश्य विविध पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को प्रति सेमेस्टर एक या दो पाठ्यक्रमों में नामांकन करके अपने ज्ञान और कौशल का विस्तार करने का मौका देना है, जो एयूडी के स्कूलों द्वारा पेश किए जा रहे हैं।

## राजघाट के गांधी स्मृति में बाल रंगमंच उत्सव शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली पर्यटन द्वारा राजघाट स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन में पहली बार बाल रंगमंच उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव का उद्घाटन दिल्ली पर्यटन की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी निहारिका राय ने किया। उत्सव का आयोजन 19 जून से 24 जून 2023 तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है।

निहारिका बाल उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा अवसर प्रदान करना है जिससे कि उनके भीतर छिपी हुई प्रतिभा को रंगमंच कार्यशाला और नाटको के माध्यमो से उभारना है। उल्लेखिनीय है किये नाट्य कार्यशालाएं एक ऐसा पटल है जिसके माध्यम से बच्चें रंगमंच / फिल्म उद्योग को अपना व्यवसाय चुन सकते है। रंगमंच ने फिल्म उद्योग को बहुत से कलाकार दिए है।

# जैसे स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी वैसे स्वस्थ वातावरण के लिए वृक्षारोपण : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ओम** योग संस्थान ट्रस्ट शाखा गुरुग्राम, पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम, जीएवी स्कूल समूह के संयुक्त तत्वावधान में जीवीए इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-7 एक्सटेंशन गुरुग्राम के प्रांगण में 5वें दिन योग शिविर जारी रहा। वर्षा के बावजूद योग साधकों की भीड़ रही।

इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने पर्यावरण के महत्व पर आध्यात्मिक दृष्टि कौन से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संपूर्ण विश्व आज ग्लोबल वार्मिंग से जूझ

### बारिश के बावजूद लोगों में रहा योग करने का उत्साह

रहा है। इससे बचने के लिए हम सबको अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करने की जरूरत है। जिससे एक तरफ जहां ग्लोबल वार्मिंग से छुटकारा मिलेगा वहीं, वर्षा समय पर व सही मात्रा में होने से भूजल का स्तर भी ठीक बना रहेगा।

मुख्य अतिथि सीपी कला रामचंद्रन ने कहा कि बरसात में भी लोगों का योग करने के लिए आना


गुरुग्राम के सेक्टर-7 में आयोजित साप्ताहिक संगीतमयी योग शिविर के 5वें दिन मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन को स्मृति चिन्ह भेंट करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व अन्य।

उनका योग के प्रति समर्पण भाव को दिखाता है। उन्होंने कहा यदि हम समर्पित भाव से कर्म करने का प्रयास करते हैं तो निश्चित ही हमें उसमें सफलता मिलती है। विशिष्ट अतिथि गिरिराज (ध्यानचंद अवॉर्डी) डिप्टी डायरेक्टर, युवा मामले एवं खेल विभाग का भी स्वागत किया गया। योग शिविर में वर्षा के कारण मंच पर ही योगीराज ने आए हुए सभी योग साधकों का उत्साहवर्धन करते हुए संगीत की धुनों के साथ पहले अनुलोम विलोम प्राणायाम शीतली, सीत्कारी, उज्जायी एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। स्वरचित गीत के साथ उन्होंने कपालभाति, अग्निसार क्रिया का अभ्यास भी करवाया। मंच पर ही सभी साधकों को बैठा कर ध्यान की विशेष क्रिया प्राण साधना का अभ्यास कराया। यह सभी के लिए एक नया अभ्यास था। मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन का स्वागत पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, रमेश मुंजाल, ओपी कालरा, सुरेंद्र खुल्लर, यदुवंश चुग, एमके कुमार, रामलाल ग्रोवर, अनिल कुमार, रमेश कुमार, ज्योत्सना बजाज, ज्योति वर्मा, रचना बजाज, राजपाल आहूजा, प्रमोद सलूजा, धर्मेंद्र बजाज, संजय, सुभाष गाबा, किशोरी लाल डुडेजा, नरेश चावला, रमेश कामरा, ओपी कालरा, रवि मनोचा, अशोक नासा, चन्द्रप्रकाश, धर्मपाल कटारिया, राजेश आर्य, मधु आर्य, सुषमा आर्य, मीनाक्षी मुंजाल और अन्य ने पुष्प गुच्छ, पौधा, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया।

# सूरत नगर व राजेंद्रा पार्क में सीवरेज की सफाई का कार्य शुरू


गुरुग्राम के सूरत नगर में सीवरेज सफाई कार्य की शुरुआत कराते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### विधायक के निजी सचिव व टीम ने किया शुभारंभ

**विधायक** सुधीर सिंगला के निजी सचिव आरपी सिंह व उनकी टीम द्वारा सूरत नगर, राजेंद्रा पार्क इलाके में सीवरेज की सफाई के कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला के कार्यालय प्रभारी अमित तंवर, निजी सहयोगी कपिल अग्रवाल मोहित चौहान, पार्षद योगेन्द्र सारवान, मंगतराम बागड़ी, गणपत राठौर, रोशन लाल, राजकुमार, खंडेलवाल, हरि त्यागी, चन्द्रपाल, मोहित यादव, नीरज, सूरत, वीर वतन, रमेश मौजूद रहे।

आरपी सिंह ने बताया कि करीब 60 लाख रुपये की लागत से इन क्षेत्रों में सफाई कराकर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधायक सुधीर सिंगला की ओर से पूर्व में अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि बरसात के जलभराव से बचने के लिए नालों, सीवरेज की सफाई करवाएं। इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में विकास के कार्यों को लगातार सिरे चढ़ाया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। कहीं बिजली, कहीं पानी, कहीं सीवरेज, कहीं गली व सड़क का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने पुराने गुरुग्राम में मेट्रो के प्रोजेक्ट की बात भी लोगों से सांझा की। उन्होंने कहा कि इस मेट्रो के चलने से पुराना गुरुग्राम काफी हद तक मेट्रो की सेवा के अधीन हो जाएगा। हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक जाने वाली मेट्रो पुराने गुरुग्राम के जिन इलाकों से होकर गुजरेगी, वहां आम जनता के साथ उद्योगों को भी लाभ होगा।

यहां काम करने वाला कोई भी व्यक्ति चाहे दिल्ली से आए या नोएडा से, उसे यात्रा करने में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। नोएडा से आने वाले यात्री राजीव चौक से मेट्रो बदलकर गुरुग्राम में किसी भी क्षेत्र में पहुंच सकेंगे। मेट्रो शुरू होने के बाद कम समय में लोग अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

# वाईन शॉप नाम नहीं कराई तो गैंगस्टर ने करवा दी हत्या

### पुलिस ने हत्याकांड में शामिल एक बदमाश को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंचगांव** चौक स्थित एक वाईन शॉप चलाने वाले व्यक्ति की इसलिए गोली मारकर हत्या दी गई कि उसने अपनी वाईन शॉप बदमाशों के नाम पर नहीं की। हत्यारे गैंगस्टर लिपिन नेहरा के गुर्गे थे। लिपिन नेहरा द्वारा अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए ही अपने शूटरों से इस घटना को अंजाम दिलाया गया। घटना में एक व्यक्ति की मौत के अलावा दो व्यक्ति घायल भी हुए थे।

बीती 16 जून 2023 को रात करीब 08:30 बजे गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 स्थित पंचगांव चौक के पास स्थित डिस्कवरी वाईन शॉप पर 2 युवकों ने फायरिंग की। इस वारदात की सूचना पाकर थाना मानेसर की पुलिस टीम


पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को पता चला कि वहां तीन लोगों को गोली मारी गई है। इस वारदात में संदीप नामक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि देशराज शर्मा व राजेन्द्र प्रसाद नामक व्यक्ति गोलियां लगने के कारण घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पहले दी थी धमकी पर पुलिस को नहीं दी शिकायत :** इस घटना को लेकर वाईन शॉप के मालिक ने पुलिस को शिकायत दी। उसने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले किसी इन्टरनेशनल नम्बर से इसके व इसके भाई के फोन पर ठेका उनके नाम कराने व ठेका नाम नहीं कराने की सूरत में अन्जाम भुगतने का मैसेज करके धमकी दी गई थी। इस बारे में उन्होंने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी थी। 16 जून को वह अपनी शॉप के पीछे अपने कार्यालय पर था तो गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। वाईन शॉप पर आकर देखा तो 2 अज्ञात व्यक्ति अन्धाधुन्ध फायरिंग कर रहे थे। कुछ ही देर में वे वहां से फरार हो गए। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को फरूखनगर -हेलीमंडी रोड स्थित गांव डाबोदा से काबू किया, जिसकी पहचान रोहित गडरिया निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई। उससे पूछताछ में पता चला कि वह और उसके 2 साथी सौरभ व दीपक नागर गैंगस्टर लिपिन नेहरा के लिए काम करते हैं। उसी के कहने पर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

**अन्य कई वारदातों को भी देना था अंजाम :** शिकायतकर्ता से लिपिन नेहरा ने पंचगांव चौक के पास की डिस्कवरी वाईन शॉप उसके पिता दयाराम नेहरा के नाम करवाने के लिए कहा था। उसने वाईन शॉप नाम नहीं कराई तो लिपिन नेहरा ने उस पर दबाव बनाने व अपना वर्चश्व स्थापित करने के लिए इन्हें इस वारदात को अन्जान देने के लिए कहा था। उसने अपने 2 साथियों (सौरभ व दीपक नागर) के साथ मिलकर लिपिन नेहरा के कहे अनुसार इस वारदात को अन्जाम दिया।

# उप-मुख्यमंत्री को रविन्द्र डबास ने पहनाई पगड़ी


गुरुग्राम में गोदरेज सोसायटी में उप-मुख्यमंत्री का स्वागत करते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### दुष्यंत चौटाला का गोदरेज एरिया के सीनियर सिटीजंस ने किया स्वागत

**गुरुग्राम** में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेक्टर-79 में गोदरेज एरिया और गोदरेज 101 सोसायटी में भी जनसभा हुई। इस दौरान सोसायटी के सीनियर सिटीजंस की ओर से उनका स्वागत किया। यह कार्यकम बिल्डिंग प्रबंधन के फायर तथा सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र डबास की ओर से आयोजित किया गया।

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का स्वागत करते हुए सोसायटी के सीनियर सिटीजंस ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। बिल्डिंग प्रबंधन से रविन्द्र डबास ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को पगड़ी बांधकर उनका अभिवादन किया। इसके बाद उप-मुख्यमंत्री ने वहा मौजूद निवासियों की समस्याओं को सुना। जिसमें सरकार की तरफ से चल रहे जन विकास कार्यों को गति देने की बात कही।

# जनहित कार्यों को प्राथमिकता से निपटाना होगा: डॉ. सुरेश चौहान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेश चौहान ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। रुके हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरु किया जाएगा। शहर के जलभराव समस्या को अन्य विभागों की मदद से जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

स्थानीय नगर परिषद को पटौदी के नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेश चौहान को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आम नागरिक को परेशान नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जनहित कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। आम नागरिकों को जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु


नगर परिषद सोहना के नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेश चौहान।

प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी संपत्ति कर की जानकारी, जमीन से संबंधित किसी भी दस्तावेज को देने या जमा करने में परेशानी नहीं आने दी जाए। डॉ. सुरेश चौहान ने बताया कि पिछले करीब दो माह से रुके विकास कार्यों को गति दी जाएगी। विकास कार्यों को अपने तकनिकी विंग के अधिकारियों से विचार विमर्श करने के बाद जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास रहेगा।

> **नगर** परिषद कार्यालय में आम नागरिकों को कार्य के लिए चक्कर नहीं लगाने होंगे। सीएम विंडो पर तुरन्त प्रभाव से जबाव दिया जाएगा। जिसके लिए सख्त आदेश जारी कर दिए गए है।
> **(डॉ. सुरेश चौहान-ईओ)**

### जलभराव पर ली जाएगी मदद

**नगर** परिषद के नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि शहर में बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। ताकि शहरवासियों को जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलाया जा सके। उन्होने कहा कि इस कार्य के लिए यदि दूसरे अन्य विभागों की मदद लेनी की आवश्यकता पड़ती है। उसके लिए पूरा सहयोग लेकर पूरा किया जाएगा।

# संस्कृत मॉडल स्कूल का विद्यार्थी एशिया में दिखाएगा पंच का दम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो छात्रों ने अपनी योग्यता से अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्र सौरव तंवर ने जेईई एडवांस की परीक्षा में देश के अंदर 2688 रैंक प्राप्त की है। वहीं मुक्केबाजी में इसी स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर पदक जीतकर एशिया स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपने पंच का दम दिखाएगा।

स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी सौरव तंवर ने हाल ही में हुई जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए देश स्तर पर 2688 वीं रैंक प्राप्त की है। सौरव तंवर ने अपनी योग्यता और बुद्धि का सहयोग करते हुए परिवार, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि सिक्किम में हुई छठी राष्ट्रीय स्तर की वाईएमएनबीसी मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थी रुपेश सोनी ने सिल्वर पदक जीता है।

जिसके चलते रुपेश सोनी को एशिया स्तर पर होने वाली मुक्केबाजी में भारत का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। रुपेश सोनी ने अपनी जीत का श्रेय स्कूल



सिक्किम में हुई राष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी में सिल्वर मेडल पहनता हुआ सोहना के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का छात्र रुपेश सोनी।

प्रशासन और परिजनों का सहयोग को दिया है। वहीं स्कूल प्रधानाचार्य से लेकर एसएमसी कमेटी प्रधान और जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों ही विद्यार्थियों को उनके द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों पर बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### एफआइआइ ने सीएचसीसी से किया करार

**गुरुग्राम।** सीएचसीसी की कनाडा में हिंदू समुदाय के बीच रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए ट्रेड शो, सेमिनार, मेले, वार्षिक पर्व, पैनल चर्चा, बिजनेस टूर जैसे विभिन्न आयोजनों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना है। इसे लेकर फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने कैनेडियन हिंदू चेंबर ऑफ कॉमर्स से एमओयू साइन किया। यह एमओयू ऑनलाइन साइन किया गया। अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति-एफआईआई के अध्यक्ष हितेन्द्र मेहता ने एफआईआई के सभी सदस्यों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि कनाडा में रहने वाले सभी अनिवासी भारतीयों को रुचि के क्षेत्रों में उद्योग के विकास की ओर देखना चाहिए। एफआईआई के महानिदेशक डा. दीपक जैन ने सीएचसीसी की पहल में हर समर्थन और सहयोग सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि कनाडा में भारतीय प्रवासियों को जोड़ना एफआईआई के प्रमुख हित में है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लगे 11 करोड़ लोगों के माध्यम से एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत का योगदान देता है। कृषि क्षेत्र में लक्ष्य यह होना चाहिए कि निर्यात को 50 बिलियन से बढ़ाकर उच्च लक्ष्यों तक पहुंचाया जाए। कृषि में उद्यमशीलता को कैसे बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज वैचारिक नेतृत्व की आवश्यकता है। सीएचसीसी के अध्यक्ष कुशाग्र शर्मा ने सदस्यों का परिचय कराया। कविता मेनन, भद्रेश पटेल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। हार्दिक शाह निदेशक सीएचसीसी ने मुख्य अतिथि कल्पक मनियार पूर्व अध्यक्ष आरएनएसबी का परिचय कराया। एफआईआई की ओर से डॉ. शैलेंद्र व्यास, उदितेंदु वर्मा, अतुल गुप्ता, विद्या भूषण धर, कंट्री कोऑर्डिनेटर, कनाडा चैप्टर मौजूद रहे।

### निगमायुक्त मीणा ने अधिकारियों को डेलीगेट की शक्तियां



**गुरुग्राम।** हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को प्रशासनिक स्वीकृति तथा कार्यों के लिए शक्तियां डेलीगेट कर दी गई हैं। निगमायुक्त द्वारा डेलीगेट की गई शक्तियों के अनुसार इंजीनियरिंग ब्रांच से संबंधित नए विकास कार्यों में 50 लाख रुपये तक की अदायगी की शक्तियां अतिरिक्त निगमायुक्त-एक को सौंपी है। बशर्ते वे इंजीनियरिंग अधिकारी की मौजूदगी में पर्याप्त सैंपलिंग तथा सीएससी सदस्यों की संतोषजनक सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, सीवरेज, ड्रेनेज, सड़क मरम्मत और पेयजल आपूर्ति संबंधी संचालन एवं रख-रखाव कार्यों की 25 लाख रुपये तक की राशि की अदायगी की शक्तियां भी अतिरिक्त निगमायुक्त-एक को सौंपी गई है। निगमायुक्त द्वारा सभी संबंधित संयुक्त आयुक्तों को उनके संबंधित जोन में विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रतिमाह 1.5 करोड़ रुपये की शक्ति दी गई है। वार्ड कमेटी या आरडब्ल्यूए को पार्कों व सामुदायिक केन्द्रों के रख-रखाव के लिए दी जाने वाली राशि की अदायगी हेतु संबंधित संयुक्त आयुक्तों को ही शक्तियां दी गई है। इसके अलावा अर्जेंट कार्यों को कोटेशन आधार पर करवाने के लिए संयुक्त आयुक्तों को प्रतिमाह ढ़ाई लाख रुपये लिमिट तक की शक्तियां दी गई हैं। इसी प्रकार, स्वच्छता शाखा से संबंधित कार्यों के लिए अतिरिक्त निगमायुक्त-1 को जिम्मेदारी दी है। संबंधित संयुक्त आयुक्त, अधीक्षक अभियंता, संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) व चीफमेडिकल ऑफिसर की कमेटी सफाई कर्मचारियों के वेतन, उपकरण आदि के बिल अतिरिक्त निगमायुक्त-1 को भेजेगी। अतिरिक्त निगमायुक्त-1 को स्वच्छता शाखा का ओवरऑल इंचार्ज बनाया गया है। इसके साथ ही वे स्ट्रे कैटल, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट बंधवाड़ी, मीट लाईसेंस रिन्यूवल, कार्टरपुरी व चौमा गौशालाओं का कार्य भी संभालेंगे।

# भाजपा अपनी रैलियों को सफल बताकर लूट रही वाहवाही: पंकज डावर

### कहा, सिरसा की जनता ने अमित शाह की रैली का किया बायकॉट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने रविवार को सिरसा में हुई अमित शाह की रैली को लेकर कहा कि सिरसा की जनता ने रैली का बायकाट किया। ऐसा करके जनता ने यह बता दिया है कि अब हरियाणा में भाजपा की कोई भी चाल चलने वाली नहीं।

पंकज डावर ने कहा कि सरकार ने पूरी प्रशासनिक मशीनरी लगाने के बाद भी जनता को पंडाल तक लाने में सफल नहीं हो पाई क्योंकि अब सिर्फ सिरसा ही नहीं, पूरे प्रदेश की जनता भाजपा के शासनकाल से तंग आ चुकी है और किसी भी हाल में इस सरकार से छुटकारा पाना चाहती है । इसीलिए सिरसा की जनता ने अमित


पंकज डावर।

शाह की रैली को बायकाट कर के भाजपा वालों को एक तगड़ा संदेश दे दिया है।

पंकज डावर ने कहा कि अमित शाह की रैली सफल हुई होती तो आज जगह-जगह शाह की रैली की ही चर्चा हो रही होती। हरियाणा में भाजपा के किसी इतने बड़े नेता की रैली हुई हो और भाजपा के नेता भी उस रैली की चर्चा ना करें तो इसका अंदाजा लगाया है।

# योग दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में दो हजार से अधिक स्कूली बच्चे पहुंचे

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग मैराथन आयोजित

### ताऊ देवीलाल स्टेडियम में कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद धर्मबीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सलस के साथ योग मैराथन का आयोजन किया गया।

आमजन में योग दिवस को लेकर जागरूकता लाने के लिए आयोजित इस मैराथन दौड़ को जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद ने झंडी दिखाकर रवाना किया। योग मैराथन में पैरा एथलीट देवर्षि सचिन, भीम अवार्डी आरती कोहली, कुश्ती में एशियन मेडलिस्ट सृष्टि, दृष्टि, जिम्नास्ट ध्रुवी व माहिरा


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल को लेकर मैराथन में भाग लेते युवा।

आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की ओर से की जा रही तैयारियों के क्रम में स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल के तहत लोगों व स्कूली बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया।

इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग क्रियाओं से होने वाले लाभ के बारे में उन्हें सही योग मुद्राओं के साथ योगासन करवाया। योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षक डा भूदेव ने प्रोटोकॉल योगासन करवाए। उन्होंने उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मक्रासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपाद आसन, अर्धहलासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायम, भ्रामरी प्राणायम तथा ध्यान लगवाया गया।

उन्होंने योग साधकों को इन सभी आसनों से मिलने वाले लाभ के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर-38 स्थित ताउ देवी लाल स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भिवानी के सांसद धर्मबीर सिंह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

# टेबलेट पर होमवर्क करने से मिलेगा समर हीरो टीचर व स्टूडेंट अवार्ड : डीसी

**मेवात** । उपायुक्त प्रशांत पंवार ने शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि गर्मियों की छुट्टियों का ज्यादा से ज्यादा होमवर्क टेबलेट पर करने से शिक्षकों व छात्रों को समर हीरो टीचर व समर हीरो स्टूडेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा विभाग के अधिकारी व शिक्षक सरकार की प्राथमिकता को समझें और ई- लर्निंग पर फोकस करें। डीसी ने कहा कि समर हीरो टीचर व समर हीरो स्टूडेंट कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों व छात्रों को ई-लर्निंग की आदत डालना, छुट्टियों में भी ई-लर्निंग के माध्यम से होमवर्क करना है। कार्यक्रम के तहत छात्र को सप्ताह में कम से कम दो होमवर्क टेबलेट पर करने होंगे, एक क्विज करनी होगी और लगातार एक घंटा कम से कम टेब का उपयोग करना होगा। इसी तरह शिक्षक को भी सप्ताह में कम से कम दो होमवर्क छात्र को टेबलेट पर भेजने होंगे और लगातार एक घंटा टेब का उपयोग करना होगा।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने आईआईटी जेईई एडवांस्ड में पलवल जिले में किया टॉप



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**केसीएम** वर्ल्ड स्कूल के 20 छात्रों ने जेईई एडवांस (आईआईटी) की परीक्षा उत्तीर्ण करके देश की विभिन्न आईआईटी में अपना दाखिला सुनिश्चित कर लिया है। गौरतलब यह है कि इन सभी विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के साथ-साथ प्रथम प्रयास में ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।

आयुष शर्मा ने देशभर में सीआर 84 तथा एयर 907 लेकर नया इतिहास रच दिया। छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों व विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ अध्यापकों की पूरी टीम की खुशी का ठिकाना न रहा। परीक्षा उतीर्ण करने वाले अन्य छात्रों में दक्ष दीक्षित ने एयर 3095 लेकर द्वितीय तथा हिमांशु सैनी ने सीआर 1034 तथा एयर 5277 ले तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इनके अलावा प्रियांशी आर्य ने एयर 6932, अभय सिंह ने सीआ 1022 तथा एयर 7768, जतिन ने सीआर 1146 तथा एयर 8567, तरुण कुमार ने सीआर 3867 तथा एयर 15641, अरुण चौहान ने सीआर 2458 तथा एयर 16586, प्रिंस पोसवाल ने सीआर 4175 तथा एयर 16679, यश फौजदार ने सीआर 2476 तथा एयर 16698, मनीषा ने एयर 24158, खुशी ने एयर 24200 व इशिका गुप्ता, मोहम्मद अफसान व छायांश ने भी अच्छी रेंक प्राप्त करके स्कूल तथा जिला पलवल में सर्वाधिक चयन देकर पूरे देश में पलवल जिले का लोहा मनवाया। केसीएम वर्ल्ड स्कूल के अनेक विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार देश के विभिन्न आईआईटी तथा सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाते आ रहे हैं।

स्कूल के चेयरमैन डॉ. राम नारायण भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर सभी विषयों के संयोजकों की सराहना की तथा हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के डायरेक्टर अनिल भारद्वाज व प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने भी इस उपलब्धि पर सभी अभिभावकों तथा छात्रों को बधाई दी तथा पूरी केसीएम टीम को भविष्य में भी इसी प्रकार प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

**एडवांस्ड टॉपर आयुष शर्मा बनना चाहता है कंप्यूटर साइंस इंजीनियर :** आईआईटी एडवांस्ड 2023 में सीआर 84 (ईडब्ल्यूएस) तथा एयर 907 प्राप्त करके केसीएम वर्ल्ड स्कूल को टॉप करने वाले गांव औरंगाबाद निवासी आयुष शर्मा के पिता नरेंदर कुमार पेशे से अध्यापक हैं तथा माता दीपा रानी गृहणी हैं। आयुष शर्मा आईआईटी से बीटेक करने के बाद गूगल कंपनी में जॉब करना चाहता है और अपने पलवल क्षेत्र के अन्य युवाओं को आईआईटी में जाने के लिए प्रेरित करना चाहता है। आयुष शर्मा ने बताया कि वह स्कूल के अतिरिक्त प्रतिदिन 10-12 घंटे पढाई करता था और उसके अध्यापकों की टीम हमेशा उसकी पढाई में मदद करने के लिए तत्पर रहती थी। इस सफलता के लिए आयुष शर्मा ने अपने माता-पिता, अध्यापकों तथा स्कूल की प्रबंधन कमेटी का विशेष योगदान बताया। आयुष के पिता नरेंदर ने बताया कि आयुष के दादा जी का सपना था कि आयुष आईआईटी में दाखिला लेकर कंप्यूटर साइंस इंजीनियर बने। आयुष के अध्यापकों ने बताया कि आयुष प्रारंभ से ही एक अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र रहा है। हाल ही में घोषित हुए कक्षा 12वीं के बोर्ड रिजल्ट में भी आयुष ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आयुष के माता-पिता तथा विद्यालय को उसकी इस उपलब्धि पर गर्व है।



# वृद्धा से बैंक लोन क्लीयर करने का झांसा देकर हड़प ली जमीन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बैंक** लोन का ब्याज माफ कराने के नाम पर बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी कर कुछ जमीन अपने नाम कराने के कागजात तैयार कर अंगूठा लगवा लिया। कागजों में 19 लाख रुपए दिए हुए दिखा दिए। मामले में महिला का बेटा भी सुसाइड कर चुका है। हसनपुर थाना पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार धतीर गांव निवासी 73 वर्षीय बीरवती ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा है कि उसने 30 कनाल 10 मरला कृषि भूमि हसनपुर में 40 लाख रुपए में खरीदी थी। जिस पर उसने चार लाख रुपए सिंडीकेट बैंक से लोन लिया हुआ था। पास के गांव निवासी मंगल सिंह का उसके घर आना जाना था। जब लोन के बारे में बताया तो उसने कहा कि वह उसका ब्याज माफ करा देगा। बुजुर्ग होने के कारण वह उसकी चाल में आ गई और जून 2019 में बैंक में जाकर मैनेजर को चार लाख रुपए देकर लोन क्लियर करा दिया। इसके बाद मंगल सिंह ने कहा कि जमीन के कागजों से लोन हसनपुर तहसील में जाकर पाक साफ कराना होगा। उसके कहने पर वह हसनपुर तहसील चली गई और उससे वहां कई कागजों पर उसके अंगूठा लगवा लिए।

### बेटा पहले ही कर चुका आत्महत्या

### ऐसे हुआ धोखाधड़ी का खुलासा

**महिला** ने बताया कि दिसंबर 2021 में उसने जमीन झाडसेंतली निवासी संतोष को बेचने का सौदा कर दिया। चार जनवरी को विक्रम सिंह ने बताया कि आपने उक्त 30 कनाल 10 मरले भूमि में से 16 कनाल भूमि 19 लाख रुपए लेकर मंगल सिंह को बेची हुई है, उसने कागजात भी दिखाए। यह सुनकर उसे धक्का लगा। उससे बैंक लोन क्लियर कराने के नाम पर कागजातों पर अंगूठा लगवा लिया था।



महिला ने बताया कि जिस स्टांप पर उसका अंगूठा लगवाया हुआ था, वह स्टांप विक्रेता ने आरोपी के साथ साजबाज होकर दो नामों पर लिया हुआ दर्शाया है। इसकी शिकायत उसने ने एसपी पलवल को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद आरोपी मंगल सिंह व कैलाश उन पर दबाव बनाकर उनसे 19 लाख रुपए की मांग करने लगे।

### बेटा कर चुका आत्महत्या

**आरोपियों** के दबाव में उसका बेटा धर्मेंद्र मानसिक सदमे में आ गया और धर्मेंद्र ने 11 सितंबर 2022 को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। गदपुरी थाना में आरोपी मंगल सिंह व कैलाश के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा भी दर्ज है। हसनपुर थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला बीरवती के इस्तगासा पर धतीर गांव निवासी मंगल सिंह व विवेक, माहौली निवासी मोहन सिंह व स्टांप विक्रेता के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पलवल में दंपति से मारपीट कर लूटपाट की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एक** गांव में अपने घर के बाहर खड़े व्यक्ति को बाइक सवार तीन युवकों ने टक्कर मार दी। घायल पति को उसकी पत्नी बचाने आई और उसने आरोपियों का विरोध किया तो युवकों ने अश्लील हरकतें करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए और सोने के कुंडल लूट कर ले गए। आरोप है कि उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित करके मारने की धमकी भी दी गई।

सदर थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर पांच युवकों को नामजद करके अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया, लेकिन सभी आरोपी फरार है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव के अनुसार, थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया है कि वह अपने किराए के घर में किसी काम से जा रहा था।

तीन युवक बाइक पर आए और बाइक को लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। उसने विरोध किया तो तीनों से उसके साथ मारपीट की। वह उनसे छूटकर घर के अंदर चला गया तो तीनों युवकों ने अपने साथियों को लाठी-डंडे लेकर बुला लिया और उसके घर में घुस आए। घर के अंदर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

पीड़ित ने बताया कि बीच बचाव करने उसकी पत्नी आई तो आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए कपड़े फाड़ दिए और कानों से सोने के कुंडल लूट लिए। उन्होंने विरोध किया तो जातिसूचक शब्द कहते हुए गाली-गलौच की। पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी।

झगड़े का शोर सुनकर लोग आए तो आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विनोद, प्रभी, नीरज, ठुल्ला व करण सहित 5-6 अन्य युवकों के खिलाफ मारपीट, लूटपाट, छेड़छाड़, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चाकू सहित पकड़े आरोपी से चोरी की चार बाइक व स्कूटी बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले और वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आकाश है, जो पलवल के गांव दुधोला का रहने वाला है।

टीम ने सूचना पर उसे थाना सेक्टर-58 के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से बटनदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान चार मामले सुलझाते हुए चार मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद किए गए है। आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी पर फरीदाबाद में 21, पलवल में 14 तथा नूंह में एक चोरी का मामला दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।



### होटल में शराब पीते पांच लोग गिरफ्तार

**पलवल।** शहर थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू शेखावत के अनुसार थाना अंतर्गत चौकी भवनकुंड पलवल में तैनात हेड कांस्टेबल संजीत कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर सेक्टर-2 मोड़ पर मौजूद थे। जहां उन्हें सूचना मिली कि नमस्ते नेशन होटल का मालिक रचित सिंगला अपने होटल में लोगों को अवैध शराब पिलाता है। जिसके पास कोई शराब पिलाने का राज्य सरकार से परमिट या लाईसेंस नहीं है। सूचना पर नमस्ते नेशन होटल पर रेड की गई, जहां एक टेबल पर पांच लोग बैठे शराब का सेवन करते हुए मिले, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा काबू किया गया। जिनकी पहचान नमन निवासी शिवपुरी मोहल्ला पलवल, सजल निवासी श्यामनगर कॉलोनी पलवल, उमंग, विशाल निवासीयान गांधी आश्रम पलवल व मंयक निवासी बाली नगर पलवल के रूप में हुई।

# जीवन ज्योति की प्राची ने जेईई एडवांस में 121 रैंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

**पलवल।** जेईई एडवांस 2023 के परीक्षा परिणाम में जीवन ज्योति ग्लोबल स्कूल की छात्रा प्राची ने 121 स्कोर के साथ स्कूल का नाम जिला पलवल में रोशन किया है। स्कूल में प्रबंधक विरेंद्र गहलौत द्वारा प्राची तथा उनके अभिभावाकों का फूलमाला तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। प्रबंधक ने बताया कि प्राची जीवन ज्योति ग्लोबल स्कूल पलवल की 2022-23 में बारहवीं कक्षा की टॉपर छात्रा रही है। प्राची ने जेई मेंस में भी 99 परसेंटाइल के साथ जिले में अपना स्थान बनाया था। प्रबंधक ने प्राची, उनके अभिभावकों तथा स्कूल के समस्त स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार तथा अशोक गहलौत ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# आढ़त की दुकान से चार लाख की चोरी

**पलवल।** अनाज मंडी में दुकान से चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर चार लाख रुपए चुरा लिए हैं। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्य नारायण के अनुसार अनाज मंडी स्थित दुकान के मालिक रिषभ तायल ने शिकायत दी है। इसमें उन्होंने बताया कि वह रविवार सुबह दुकान पर आया और किसी को चार कट्टे जौ देकर दुकान के शटर का ताला लगा दिया। जब वह वापिस आया तो देखा कि कैश लॉकर के ताले टूटे हैं और करीब चार लाख रुपए गायब हैं। उसने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना करने के बाद लिखित शिकायत ले ली।

# छात्रों ने नशे से खुद एवं समाज को दूर करने का लिया प्रण



**पलवल।** सोमवार को राहगीरी नोडल अधिकारी डीएसपी शहर पलवल विजयपाल की अगुवाई में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल मे राहगीरी कार्यक्रमों का किया आयोजन गया। राहगीरी कार्यक्रम में स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों तथा स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उसके बाद पलवल पुलिस की पाठशाला में उन्हें नशा, यातायात एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। नोडल अधिकारी विजयपाल ने समाज में बढ़ते हुए अपराध और अपराधियों के प्रति सचेत रहने के लिए उपस्थित सभी को जागरूक किया और लोगों से किसी भी अपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने छात्र व युवाओं से भी अपील करते हुए कहा कि युवा नशा के दलदल से बच सकते हैं और देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। इसलिए वह नशे से दूर रहें और नशा न करें। उन्होंने बताया कि एसपी लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में नशा तस्करों के खिलाफ भी जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नशा तस्करों को पकड़कर जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उपस्थित सभी छात्रों ने स्वयं और अपने समाज को नशे से दूर रखने का प्रण लिया। डीएसपी ने कहा कि पर्यावरण एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। साथ ही उन्होंने चेताया कि यदि कोई इन्हें प्रदूषित करता है तो कानून में दंड का भी प्रावधान है।

# योग दिवस की तैयारियों को लेकर की फाइनल रिहर्सल, मैराथन दौड़ का भी हुआ आयोजन

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में जिलास्तर पर मनाया जाएगा योग दिवस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस 21 जून को जिलास्तर पर स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में योग प्रोटोकोल के अनुसार मनाया जाएगा। 21 जून को ही जिला स्तर के साथ-साथ खंड स्तर पर भी योगाचार्यों द्वारा आमजन को योग करवाकर योग दिवस मनाया जाएगा। जिलास्तर पर आयोजित योग कार्यक्रम में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

जिलास्तरीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के उद्देश्य से सोमवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में योग दिवस की फाइनल रिहर्सल की गई। योग दिवस की फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ डीएसपी विजयपाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत यादव, योगाचार्य डॉ. रामजीत, गुरमेश सहित योग सहायक मौजूद रहे।



मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी।

योगाचार्य डॉ. रामजीत ने लोगों को विभिन्न योग करवाते हुए क्रमवार उनके लाभ भी बताए। उन्होंने शिथिलीकरण के अभ्यास ग्रीवा चालन, स्कंद चालन, कटि चालन, घुटना संचालन करवाए। इसके साथ खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में ताडासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन और बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन का अभ्यास करवाया। वहीं उन्होंने पेट के बाल लेटकर किए जाने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन, शलभासन तथा पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों में सेतुबंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन और बैठकर करने वाले प्राणायाम में कलालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास करवाया। योगाचार्य डॉ. रामजीत ने सभी को संकल्प-पाठ तथा शांति-पाठ भी करवाया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बहनजी ममता ने उपस्थिति को मेडिटेशन हिलिंग भी करवाई।

नेताजी सुभाषच्रंद बोस स्टेडियम में जिला प्रशासन और आयुष विभाग द्वारा योग मैराथन का आयोजन भी किया गया। योग मैराथन को डीएसपी विजयपाल तथा जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार व जिला खेल अधिकारी अनिल सैनी बघेल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योग मैराथन में शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं अन्य लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। योग मैराथन में प्रतिभागियों ने करो योग-रहो निरोग के बैनर व स्लोगन से आमजन मानस को योग का संदेश दिया। योग मैराथन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम से प्रारंभ होकर आगरा चौक, पुराना सोहना मोड, प्रेम जीवन अस्पातल, पंचवटी चौक होते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल पलवल में संपन्न हुई।

इस मौके पर डीएसपी विजयपाल ने उपस्थित प्रतिभागियों एवं अन्य सभी को नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियमों का पालन और पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, डीपीई राजवीर, जसवीर तेवतिया, आयुष विभाग से डॉ. संजीव तोमर, डॉ. प्रवीण गोयल, डॉ. सूरजभान, डॉ. मोहम्मद इरफान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 51 नशे के इंजेक्शन सहित ऑटो चालक गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सन्नी है, जो फरीदाबाद की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सूचना से बल्लबगढ़ सब्जी मंडी के पास से नशे के इंजेक्शन सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी 51 नशे के इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। वह ऑटो चलाने का काम करता है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। उसे पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। जिसमें सामने आया कि आरोपी दिल्ली के सीमापुरी के व्यक्ति से 100 रुपये में एक इंजेक्शन लेकर 75 इंजेक्शन 7500 में खरीद कर लाया था। उसने कुछ इंजेक्शन बेच दिए, कुछ प्रयोग कर लिए। आरोपी इंजेक्शन को 150/200 रुपये में मौकानुसार बेच देता है। वह नशा करने का आदी है तथा खुदी भी नशे के इंजेक्शन लगाता है। नशे की पूर्ति के लिए इंजेक्शन बेचने का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

### नुक्कड़ सभा में नशे के खिलाफ जागरूक किया



**फरीदाबाद।** सेक्टर-8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम पुलिस चौकी सेक्टर-11 इंचार्ज कर्मवीर ने कृष्णा कॉलोनी के नशे के दुषप्रभाव और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक किया है। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद पुलिस आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर रही है। पुलिस टीम द्वारा फरीदाबाद में समय-समय पर लोगों को नुक्कड़ सभा व प्रोग्राम कर जागरुक किया जाता है। पुलिस टीम ने कृष्णा कॉलोनी सेक्टर-11 में नुक्कड़ सभा कर लोगों को डायल 112, पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, चाइल्ड मैरिजएज एक्ट, घेरलू हिंसा, दुर्गा शक्ति एप व साइबर अपराध व नशा रोकने के खिलीाफ जागरुक किया गया तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सीनियर सिटीजन को उनके अधिकार के संबंध में जागरुक किया। साथ ही अगर किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होने पर पुलिस की सहायता ले सकते हैं। प्रोग्राम कर लोगों से अपील की जा रही है कि अगर कोई आपके आस-पास नशा तस्करी का कार्य करता है। तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि नशे तस्करों पर काबू पाया जा सके। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा का स्वागत किया



**पलवल।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य प्रशिक्षण केंद्र तारा देवी शिमला में आयोजित सम्मान समारोह में जिला पलवल की टीम ने संस्था के नवनियुक्त सचिव मनीराम शर्मा आईएएस आयुक्त श्रम मंत्रालय का हरियाणवी तथा बृज संस्कृति के अनुरूप पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एलएस वर्मा द्वारा की गई तथा संचालन जिला संयोजक विष्णु गौड़ तथा रोवर सद्दाम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला पलवल के संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया संस्था के सचिव के रूप में कार्यभार संभालने पर सर्वप्रथम मनीराम शर्मा द्वारा संस्था के राज्य प्रशिक्षण केंद्र तारा देवी शिमला का निरीक्षण किया गया। जिला पलवल की ओर से प्रधानाचार्य ओमपाल तेवतिया, नरेंद्र तेवतिया चेयरमैन एसएलडी कॉलेज छपरोला सहित सभी 21 सदस्यों ने पलवल जिले के पूर्व उपायुक्त तथा संस्था के सचिव का हरियाणवी तथा बृज संस्कृति के अनुरूप पगड़ी तथा पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मनीराम शर्मा ने अपने पलवल जिले के विभिन्न सुखद अनुभवों का भी वर्णन किया तथा सभी स्वयंसेवकों को जीवन में निरंतर कर्म करने व संघर्ष द्वारा अपने मुकाम हासिल करने के साथ-साथ अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों को भी सांझा किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में स्काउटिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गुरचरण, रामचंद्र, देवेंद्र, सुनील कुमार शिवम आदि प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### पांच-ए ब्लॉक में मनाया पिता दिवस




**फरीदाबाद।** पिता दिवस के अवसर पर फरीदाबाद में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेजिडेंट वैलफेयर एसोसिएशन की महिला विंग द्वारा 5ए ब्लॉक पार्क में फादर्स डे पर पिताओं को सम्मानित किया गया। आयोजक मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर चाय पकोड़े का नाश्ता परोसा गया। आए हुऐ मेहमानों में अमर नाथ बागी, समाजसेवी राम दास कटारिया ने बतौर पिता अपने अनुभव एवं विचार सांझा किए।

### पलवल में गवाह के घर के बाहर चलाई गोलियां

**पलवल।** मर्डर केस में मुख्य गवाह के घर के बाहर रात को हवाई फायर किए गए। इस दौरान बदमाशों ने गाली-गलौच भी की। हसनपुर थाना में पुलिस ने तीन नामजद सहित चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार भिड़ूकी गांव निवासी नानकचंद ने दी शिकायत में कहा है कि वह रात के समय अपने परिवार के साथ घर में सोया हुआ था। उसी दौरान रात करीब 12 बजे उसे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वह उठकर अपने घर की छत पर गया और देखा तो तीन लड़के जिनके हाथों में देसी कट्टा थे, हवाई फायर करते हुए गाली देते हुए पैदल जा रहे थे। उसका आरोप है कि उनके घर के सामने इसलिए गोली चलाई, क्योंकि उसका भाई बहादुर गांव के ही जयवीर द्वारा हसनपुर थाने में घनश्याम के खिलाफ दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में मुख्य गवाह है। उसकी गवाही अभी होनी है। उनको गवाही न देने के लिए डराया जा रहा है। घनश्याम के बड़े भाई महेंद्र ने उसके भाई बहादुर को जान से मरवाने की नीयत से गांव के ही पोहपी, अजय व एक अन्य को उनके घर पर हमला कर बहादुर को जान से मारने के लिए भेजा है। लेकिन उस समय उसका भाई बहादुर घर पर नहीं था। हसनपुर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुस्तकों में परिवर्तन
## तार्किकीकरण के प्रयास


**एनसीईआरटी** पुस्तकों के 'तार्किकीकरण' पर गरमागरम बहस छिड़ गई है। इस परिवर्तन पर सवाल उठ रहे हैं। एनसीईआरटी की इस कार्रवाई से पाठ्य पुस्तकों के कुछ अंश हटाए गए हैं। इनमें विकासवाद का सिद्धान्त, शीतयुद्ध के संदर्भ, मुगल दरबार, औद्योगिक क्रांति, गुजरात में 2002 के दंगे, भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान तथा लोकतंत्र को चुनौतियां शामिल हैं। पाठ्यक्रम में ये परिवर्तन परिषद की तार्किकीकरण कार्रवाई के दौरान किए गए थे ताकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद छात्रों से बोझ घटाया जा सके। योगेन्द्र यादव व सुहास पलासीकर के नाम राजनीतिक विज्ञान पाठ्यपुस्तकों में प्रमुख सलाहकारों के रूप में शामिल थे। अब उन्होंने एनसीईआरटी से अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है क्योंकि उनको लगता है कि परिवर्तनों के कारण पाठ्यपुस्तकें 'अपनी पहचान खो चुकी' हैं। इन दो लोगों का अनुसरण करते हुए 33 अन्य अकादमीशियनों ने एनसीईआरटी से अपने नाम संशोधित पाठ्यपुस्तकों से हटाने के लिए कहा। इस बीच 100 से अधिक अकादमीशियनों ने आरोप लगाया है कि उनके समकक्ष पाठ्यपुस्तकों से अपने नाम हटाने की मांग इसलिए कर रहे थे क्योंकि वे मीडिया में आकर्षण का केन्द्र बनना चाहते हैं। वे भूल गए हैं कि पाठ्यपुस्तकें सामूहिक बौद्धिक गतिविधि का परिणाम हैं। इन अकादमीशियनों ने यह उल्लेख भी किया कि स्कूली पाठ्यक्रम पिछले दो दशकों से अपडेट नहीं किया गया है। इन अकादमीशियनों में अनेक विश्वविद्यालयों के उप-कुलपति तथा प्रतिष्ठित प्रबंधन व विज्ञान संस्थानों के प्रमुख शामिल हैं।




पाठ्यपुस्तकों में परिवर्तन को यह कह कर सही ठहराया जा रहा है कि वर्तमान समय में ज्ञान-विज्ञान की प्रगति को देखते हुए छात्रों को समग्र रूप से विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी देना जरूरी है। कुछ विषय कक्षा 9 व 10 की पाठ्यपुस्तकों में हैं जिनको कक्षा 11 व 12 की पुस्तकों में दुहराया नहीं गया है। 'राष्ट्रवादी' विचारकों का मानना है कि अत तक मोटेतौर से इतिहास, समाजविज्ञान व राजनीति विज्ञान में औपनिवेशिक शासकों के दृष्टिकोण से भारत को देखा गया है तथा भारत के राष्ट्रनायकों को समुचित महत्व नहीं दिया गया है। वर्तमान समय में सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा 'न्यू इंडिया' आत्मविश्वास से भरा है और वह इतिहास समेत ज्ञान-विज्ञान के सभी क्षेत्रों को पश्चिमी विद्वानों, औपनिवेशिक शासकों तथा देश पर हमला करने वालों के दृष्टिकोण से देखने के बजाय अपने दृष्टिकोण से देखना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार जोर दिया है कि भारत 'गुलामी की मानसिकता' से मुक्ति पाना चाहता है और स्वतंत्रता के 75 साल बाद 'अमृत काल' में इस दिशा में प्राणपण से जुटा है। भारत ने अतीत में ज्ञान-विज्ञान के सभी क्षेत्रों में असाधारण प्रगति की थी, पर औपनिवेशिक शासकों व गुलाम मानसिकता वाले बुद्धिजीवियों ने उसे लगातार खारिज किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेकानेक राष्ट्रनायकों को स्थान दिया जा रहा है, जबकि एक खास 'वंश परिवार' के समर्थकों ने उनका योगदान लगभग नकार दिया था। शिक्षा मंत्रालय तथा एनसीईआरटी वर्तमान समय में ज्ञान-विज्ञान की प्रगति, भारत द्वारा प्राचीन काल में प्राप्त उपलब्धियों तथा अपनी गौरवमयी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक परंपराओं को समग्र रूप से छात्रों के समक्ष पेश करने का प्रयास कर रहा है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि पिछले नौ साल में भारत ने विज्ञान व प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में असाधारण प्रगति की है जिससे दुनिया में हमारे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, अंतरिक्ष वैज्ञानिकों व रक्षा वैज्ञानिकों का मान-सम्मान बढ़ा है। भारत इस मार्ग पर चलते हुए 'विश्व गुरु' का स्थान प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है। एनसीईआरटी पुस्तकों में परिवर्तन को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

# कर सुधारों के अच्छे नतीजे

आयकर विभाग ने तकनीक का प्रयोग कर अ-हस्तक्षेपकारी तरीके से नए करदाताओं तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की है। कर सुधारों के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उल्लेखनीय सफलतायें प्राप्त की हैं। सरकार ने ढांचागत संरचना और अन्य विकास गतिविधियों में निवेश की गति बनाए रखी है। इसके साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में समुचित योगदान के बावजूद राजकोषीय घाटे का निर्धारित लक्ष्य बनाए रखा गया है तथा कर संग्रह में भारी वृद्धि हुई है। सकल कर राजस्व-जीटीआर में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह, वस्तु एवं सेवाकर या जीएसटी से प्राप्त धनराशि तथा कस्टम व एक्साइज़ ड्यूटी शामिल हैं। जीटीआर वित्त वर्ष 2019-20 में 21,11,000 करोड़ था जो 2022-23 में बढ़ कर 30,50,000 करोड़ रुपये हो गया जो लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि है। हालांकि, कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण जीटीआर 2020-21 में 22,17,000 करोड़ रुपये रह गया, पर 2021-22 व 2022-23 में इसमें काफी वृद्धि हुई।

अतीत के उलट, जब अपरिहार्य रूप से संशोधित अनुमान-आरई या वर्ष का प्रासंगिक आंकड़ा बजट अनुमान-बीई से कम होता था, पिछले दो वर्ष में यह स्थिति उलट गई है। अब आरई या वास्तविक खर्च बीई की तुलना में काफी बढ़ा है। 2021-22 में जीटीआर का आरई 25,20,000 करोड़ था जो 22,20,000 बीई से 300,000 करोड़ अधिक था। वित्त वर्ष के 12 महीनों में 'वास्तविक' अनुमान 27,10,000 करोड़ था जो 1,90,000 करोड़ आरई से भी अधिक था। इस प्रकार 2021-22 में वास्तविक जीटीआर बीई से असाधारण रूप से 490,000 करोड़ अधिक था। 2022-23 के लिए वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने जीटीआर का लक्ष्य 27,60,000 करोड़ रखा था। इसके विपरीत 1 फरवरी, 2023 को पेश 2023-24 के बजट में आरई 30,40,000 करोड़ था जो 280,000 करोड़ अधिक था। 'वास्तविक' 30,50,000 करोड़ आरई से 10,000 करोड़ अधिक था। बीई की तुलना में वास्तविक 290,000 करोड़ रुपये अधिक था।

मई, 2022 में सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर केन्द्रीय एक्साइज़ ड्यूटी में कटौती की घोषणा की। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना था जो इन ईंधनों की अधिक कीमतों से परेशान थे। इसके परिणामस्वरूप राजस्व का 90,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। लेकिन 2022-23 के दौरान वास्तविक जीटीआर 380,000 करोड़ की बीई से अधिक 31,40,000 करोड़ था। इस शानदार प्रदर्शन के मुख्यत: दो कारण थे। पहला, 2021-22 में नामिनल जीडीपी में 18.4 प्रतिशत वृद्धि हुई जो बीई के समय 14.4 प्रतिशत अनुमानित से 4 प्रतिशत अधिक था। इसी प्रकार 2022-23 के दौरान नामिनल जीडीपी में 15.9 प्रतिशत वृद्धि हुई जो बजट में अनुमानित 10.3 प्रतिशत वृद्धि से 5.6 प्रतिशत अधिक था। दूसरे कारण का संबंध टैक्स-जीडीपी अनुपात से है। नामिनल जीडीपी के किसी भी स्तर पर यदि यह अनुपात अधिक हो तो इसका परिणाम अधिक कर संग्रह के रूप में सामने आता है।

2022-23 में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने जीटीआर का अनुमान टैक्स-जीडीपी के 10.7 प्रतिशत के आधार पर लगाया था। यदि यह अनुपात 2022-23 के वास्तविक नामिनल जीडीपी पर लागू किया जाए तो जीटीआर 2910,000 करोड़ हो जाएगा। इसके विपरीत वास्तविक जीटीआर 30,50,000 करोड़ था। इसे वास्तविक नामिनल जीडीपी से भाग देकर हम टैक्स-जीडीपी अनुपात पर पहुंचते हैं। यह बजट अनुमान की तुलना में 11.2 प्रतिशत अधिक था। इस प्रकार वास्तविक टैक्स-जीडीपी अनुपात 2021-22 के दौरान बजट में अनुमानित 9.9 प्रतिशत की तुलना में 11.5 प्रतिशत था। संक्षेप में कर संग्रह में असाधारण वृद्धि से न केवल आर्थिक गतिविधियों में कई गुना वृद्धि हुई, बल्कि जीडीपी में भी वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप ज्यादा संख्या में उद्यमों ने टैक्स देना शुरू किया और प्रत्येक उद्यम द्वारा दिया गया ज्यादा टैक्स उच्च टैक्स-जीडीपी अनुपात में भी दिखा। दोनों मामलों में मोदी सरकार को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने जीडीपी तथा टैक्स-जीडीपी अनुपात बढ़ाने के लिए सारे प्रयास किए।

सरकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण उथलपुथल भरे समय को पार करने में सफल हुई। नागरिकों के स्वास्थ्य व आजीविका संरक्षण के लिए भारी वित्तीय प्रतिबद्धता के बावजूद ढांचागत संरचनाओं में निवेश में कोई कमी नहीं की गई। सरकार ने सामने आकर नेतृत्व करते हुए पिछले दो साल में निवेश की गतिशीलता बनाए रखी है। इसके साथ ही उसने एक ओर निजी क्षेत्र द्वारा निवेश करने का उपयुक्त माहौल बनाया तथा दूसरी ओर समग्र मांग बढ़ाने के प्रयास किए। सुधार उपायों में तेजी से निर्णय लेना तथा प्रक्रियाओं को नीति-संचालित बनाना शामिल है। इनमें बिजनेस सुगमता, नियमों का सरलीकरण, अनुमतियों में तेजी लाना, नौकरशाही लाल फीताशाही पर लगाम लगाना, सेवायें प्रदान करने में तकनीक का प्रयोग, विशिष्ट क्षेत्र आधारित नीतिगत सुधार, स्टार्टअप को बढ़ावा तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने के साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों-एमएसएमई को महत्व देना आदि शामिल हैं।

टैक्सेशन के मोर्चे पर बड़े सुधार किए गए। इनमें कार्पोरेट आयकर-सीआईटी दर में भारी कमी उल्लेखनीय है। इसके अंतर्गत नए विनिर्माण उद्यमों के लिए 15 प्रतिशत तथा वर्तमान फर्मों के लिए 22 प्रतिशत की दर रखी गई। इसके साथ ही व्यक्तिगत आयकर-पीआईटी में कमी कर इस बात पर जोर दिया गया कि रियायतों व छूटों को समाप्त किया जाए। इसके अलावा डिविडेंट डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स-डीडीटी को समाप्त किया गया। जहां तक प्रत्यक्ष करों का सवाल है, वस्तु एवं सेवाकर व्यवस्था-जीएसटी का तार्किकीकरण किया गया तथा समय-समय पर इसका पुनर्गठन कर इस बात पर ध्यान दिया गया कि करों का बोझ घटे तथा बिजनेस सुगमता में वृद्धि हो। इन सभी प्रयासों के संयुक्त परिणाम से जीडीपी में वृद्धि हुई तथा प्रत्यक्ष व परोक्ष टैक्सेशन के मामलों में कर अधिकारियों द्वारा किए अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप करापवंचन में कमी आई तथा कर अदायगी बढ़ी।

परोक्ष करों के क्षेत्र में सरकार ने जीएसटी ढांचा मजबूत करने के साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सभी बिजनेसमैन जीएसटी नेटवर्क का हिस्सा बनें तथा ईमानदारी से सभी लेनदेन की रिपोर्टिंग करें। इनमें ई-वे बिल, ई-इन्वायस जैसी व्यवस्थायें शामिल की गईं। इसके साथ ही इन्पुट टैक्स क्रेडिट या आईटीसी दावों में धोखाधड़ी रोकने के प्रयास किए गए। इन कदमों से सुनिश्चित हुआ कि सप्लाई श्रृंखला में सभी स्तरों पर बिजनेस सरकार की नजर मे रहे तथा उचित समय पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। 2022-23 में महानिदेशक जीएसटी इंटेलीजेंस-डीजीजीआई ने 100,000 करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी चोरी पकड़ी। ये प्रयास बहुत तेजी से जारी हैं। जीएसटी अधिकारियों द्वारा हालिया राष्ट्रव्यापी खुलासे से यह स्पष्ट है जिसके अंतर्गत 30,000 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। इसके परिणामस्वरूप परोक्ष कर जीडीपी अनुपात 2019-20 में 4.7 प्रतिशत से बढ़ कर 2022-23 में 5.2 प्रतिशत हो गया।

परोक्ष कर के मोर्चे पर आयकर विभाग ने तकनीक का सफल प्रयोग कर गैर-हस्तक्षेपकारी तरीके से नए करदाताओं तक पहुंच बनाई। उदाहरणार्थ ई-मेल के माध्यम से करदाताओं को याद दिलाया गया कि उन्होंने रिटर्न नहीं फाइल किया है या 'आटो-पापुलेटेड' फार्म सृजित हुआ है जिसमें विभिन्न स्रोतों से करदाता की आय पहले से भरी जाती है। खासकर 'डेटा एनालिटिक्स' व 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस' के गहन और व्यापक प्रयोग से आय का सटीक आंकलन संभव बनाया है जिससे कर के कम भुगतान की संभावना घटी है। इसके परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष कर जीडीपी अनुपात 2019-20 में 5.3 प्रतिशत से बढ़ कर 2022-23 में 6 प्रतिशत हो गया। यह परोक्ष कर जीडीपी अनुपात 5.2 प्रतिशत से अधिक है। इससे पता चलता है कि सरकार धीरे-धीरे प्रगतिशील कराधान ढांचे की ओर बढ़ रही है।

# सशक्त मस्तिष्क निर्माण की आवश्यकता

" शक्तिशाली मस्तिष्क को योग, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। "

**रवि वल्लूरी**
(लेखक, छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लि. के सीईओ हैं।)



समय के साथ मानव मन व्यक्तिगत भिन्नताओं, व्यवहारिक संशोधनों और विभिन्न कौशलों के आकलन की तकनीक के माध्यम से मजबूत हो जाता है। महर्षि पतंजलि ने अपने ग्रंथ पतंजलि योग सूत्र में लिखा है, तदो दृष्टुहु स्वरूप अवस्थाम, (सूत्र 3), जिसका अर्थ है कि द्रष्टा तब आराम करता है या अपनी प्रकृति में रहता है। अनुशासित मन से ही यह उच्च स्थिति प्राप्त की जा सकती है। सूत्र 4 को देखना और समझना सार्थक होगा; वृत्ति सारूप्यमित्रता, अर्थात, एक साधक हर समय मन के उतार-चढ़ाव के साथ स्वयं की पहचान करता है।

मानव मन पर असंख्य विचारों का निरंतर आक्रमण होता रहता है और साथ ही वह हर समय बाहरी दुनिया से जुड़ा रहता है। जाग्रत अवस्था में खुली आँखों से व्यक्ति दृष्टि, गंध, ध्वनि, स्पर्श और स्वाद की इन्द्रियों द्वारा फंसा जाता है। ऐसी स्थिति में उसे स्वयं को खाली करना पड़ता है और शांति प्राप्त करने के लिए रूपांतरित होना पड़ता है।

एक इतालवी चित्रकार राजा रवि वर्मा और महाकाव्य महाभारत के चित्रों पर मोहित था। यह कलाकार महान भारतीय चित्रकार द्वारा चित्रित हिंदू देवी-देवताओं के दिव्य चित्रों से अभिभूत था। राजा रवि वर्मा ने भारतीय संवेदनाओं के साथ यूरोपीय तकनीकों के निपुण संलयन के माध्यम से सफलतापूर्वक खुद के लिए एक जगह बनाई थी और लिथोग्राफ के माध्यम से भारतीय कला प्रेमियों के लिए चित्रों को सस्ती बना दिया था। इस बीच , कुशल इतालवी चित्रकार ने महाकाव्य महाभारत की कहानी को कैनवास पर चित्रित करने के लिए अपने ओडिसी की शुरुआत की। उन्होंने कई पुस्तकालयों का दौरा किया, इस विषय पर शोध किया और लगभग दस साल बिताए और ऋषि वेद व्यास द्वारा लिखित महाकाव्य की विभिन्न बारीकियों, अंतर्धाराओं और भावनाओं को महसूस किया।



उन्होंने मनोवैज्ञानिक रूप से अपने जीवन में विभिन्न घटनाओं को देखने की तकनीकों के माध्यम से अपने दिमाग को प्रशिक्षित और कुशल बनाया, प्रेम और स्नेह के अर्थ को समझा और महाभारत के युगीन विद्वानों और चित्रकारों की बिरादरी के बीच संबंध और एकता की खोज की। जोरदार प्रशिक्षण अनुशासन और यह निर्धारित करता है कि कौशल-सेट का दोहन और उन्नयन करने के लिए एक नियम के रूप में क्या कहा जा सकता है। इस तरह का उन्नयन मानव मन के लिए निर्धारित पैटर्न में गिरने से बचने और इसके बजाय कुछ नया खोजने के लिए आवश्यक है।

एक अप्रशिक्षित दिमाग बार-बार सबूत मांगता है। यह एक अनुशासित दिमाग नहीं है और मनोवैज्ञानिक कौशल विकसित करने के लिए अभी भी खुला नहीं है। पतंजलि योग सूत्र के सूत्र 5 में कहा गया है कि, वृताय: पंचतय्य: क्लिष्टक्लिष्ट: जिसका अर्थ है कि मानव मन में संशोधन पांच गुना हैं और पीड़ादायक हो सकते हैं या बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं हो सकते हैं। मन की कुछ वृत्तियां या उतार-चढ़ाव हैं जो अवांछित और निषिद्ध हैं। इसे सूत्र 6 में आगे समझाया गया है, प्रमाणविपर्यविकल्पनिद्र-स्मृतय: मानव मन या तो प्रमाण की तलाश में है, गलत समझ के रास्ते पर है, कल्पना की अवस्था में है, नींद की अवस्था में है या स्मृति की अवस्था में है।

वे अच्छी तरह से विरोधाभासी लग सकते हैं लेकिन ये सभी जीवन के प्राकृतिक चरण हैं। और शायद यह आवश्यक है कि मानव मन ऐसी विचार प्रक्रियाओं के संपर्क में आए, क्योंकि संदेह से ही समाधान उत्पन्न होता है। लेकिन स्पष्टता की तलाश के लिए मानव मन पर छाए संदेह के काले बादलों को साफ करना जरूरी है। यह भी अभ्यास (अभ्यास) और अनुशासन के मनोवैज्ञानिक कौशल-सेट विकसित करने के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इतालवी चित्रकार और प्रसिद्ध धनुर्धर अर्जुन के उदाहरण तुरंत सूची में आते हैं; अभ्यास और अनुशासन के माध्यम से अकेले मार्ग का अनुसरण करके उनका दिमाग कैसे मजबूत हो सकता है। दूसरों को जानना बुद्धिमानी है। स्वयं को जानना ही सच्चा ज्ञान है। दूसरों को काबू करना एक ताकत है, खुद को काबू करना सच्ची ताकत है, लाओ त्जु ने कहा।

## आप की बात

### फिल्मों पर विवाद

**अक्सर** देखने को मिल रहा है कि धार्मिक व ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्में रिलीज होने से पहले विवादग्रस्त हो जाती हैं। इससे समाज में तनाव फैलता है, मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाता है और निर्णय लिया जाता है। जनता लगातार फिल्म देखती भी रहती है, विरोध भी जारी रहता है, सिनेमाघरों में तोड़फोड़ भी की जाती है और सामाजिक ताना-बाना प्रभवित होता है। आदिपुरुष फिल्म रिलीज होने के बाद देशभर में तनाव का माहौल है सिनेमाघरों मे तोड़फोड़ की जा रही है और इसके बावजूद फिल्म जोरदार प्रदर्शन भी कर रही है। ऐसा लगता है कि विरोध प्रदर्शन भी फिल्म के प्रचार का हिस्सा बन गया है। सेंसर बोर्ड के कार्यक्षेत्र का विस्तार करने तथा उसके द्वारा कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता है। लेकिन सवाल यह भी है कि निहित स्वार्थी तत्व किसी भी फिल्म का विरोध करने के बहाने तलाश सकते हैं। ऐसे में बुद्धिजीवियों, फिल्म निर्माताओं, थियेटर मालिकों तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आपस में मिल बैठ कर एक आचार संहिता बनानी होगी। सोशल मीडिया के वर्चस्व वाले युग में यह काम आसान नहीं लगता है, लेकिन शायद इसके सिवा कोई और रास्ता भी नहीं है। जनता को ज्यादा सहिष्णु भी बनना होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### चुनावी हिंसा

**पश्चिम बंगाल** एक ऐसा राज्य है जहां प्रत्येक चुनाव में बड़े पैमाने पर हिंसा होता है। पंचायत चुनावों को लेकर शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां हिंसा मतदान के पहले ही शुरू हो जाती है और नतीजे आने के बाद भी जारी रहती है। पिछले विधानसभा चुनाव के समय तो इतने बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी कि विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जान बचाने के लिए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इस भीषण हिंसा के कारण ममता सरकार को चौतरफा निंदा व बदनामी का सामना करना पड़ा था लेकिन इससे उसकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। बंगाल में राजनीतिक व चुनावी हिंसा की संस्कृति कायम रहना यही बताता है कि ममता बनर्जी परिवर्तन के जिस नारे के साथ सत्ता में आई थीं वह दिखावटी था। बंगाल में चुनावी हिंसा पर इसलिए रोक नहीं लग पा रही है क्योंकि ममता बनर्जी ने राजनीतिक विरोधियों के मामले में उन्हीं तौर-तरीकों को अपना लिया है जो वामदलों की संस्कृति का हिस्सा थे। हिंसा की इस संस्कृति से उस बंगाल की छवि मिट्टी में मिल गई है जो टैगोर, राममोहन राय, नेताजी सुभाष बोस तथा अनेक महान लोगों की भूमि है।

– **सदन जी,** पटना

### शांति स्थापना प्रयास

**मणिपुर** में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूल, दुकानें, कॉलेज, उद्योग-धंधे सब तीन हफ्तों से बंद पड़े हैं। मणिपुर में शांति स्थापना के लिए मैराथन बैठकों के जरिए सुरक्षा सुनिश्चित करने, बातचीत की पहल करने, दोनों समुदायों की चिंताओं का हल करने, जमीन पर उतर कर समुदायों में विश्वास बहाली, महिलाओं व युवाओं एवं सामाजिक संगठनों का साथ लेने तथा संवाद के साथ ही सुरक्षाबलों को सख्त निर्देश देने की आवश्यकता है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में राज्य की प्रमुख हस्तियों, बुद्धिजीवियों, रिटायर सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ महिला और युवा संगठनों के प्रतिनिधियों और सिविल सेवकों के साथ बातचीत की। इस दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनको आश्वासन दिया कि सब साथ मिलकर मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने में अपना योगदान देंगे। समय आ गया है कि म्यांमार से प्रवासियों की घुसपैठ को रोकने के लिये सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक निगरानी की व्यवस्था की जाए। उम्मीद करनी चाहिए कि मणिपुर में शांति स्थापना प्रयास सफल होंगे और राज्य प्रगति करेगा।

–**रवि रंजन,** नई दिल्ली

### सार्थक पहल

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने राज्य में यह अभिनव निर्णय लिया है कि आगे से विधायक चाहे कितनी भी बार चुनाव लड़ कर विधायक बने हो परंतु अब आगे से उन्हें आखरी बार जीते हुए विधायक पद की ही पेंशन दी जाएगी। काफी समय से हर प्रदेश के जागरूक नागरिक इस बात पर अडिग है कि अब आगे से हर विधायक को केवल एक बार यानी अंतिम बार मिलने वाली विधायकी की पेंशन ही मिलनी चाहिए। इसका राज्य के बजट पर भी गहरा असर पड़ता है। जो विधायक 3-3, 4-4 बार पहले भी विधायक बन चुके हो उन्हें उस समय की पेंशन सहित आज की भी तनख्वाह मिल रही हो जो कि लाखों में हो जाती है । यह किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता है। अन्य दलों से भी हमारा अनुरोध है कि पंजाब सरकार की तरह अब यह फार्मूला देश के हर राज्य को एवं केंद्र सरकार को भी अपनाना चाहिए। इससे बचने वाला पैसा जन-कल्याण के कामों पर खर्च किया जाना चाहिए। इस पहल का सभी ट्रेड यूनियनों व बुद्धिजीवियों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# कृषि विवि में बनेंगे टेस्टिंग लैब, होगा जैविक उत्पादों का सत्यापन

● मुख्यमंत्री के निर्देश, मंडियों में हो किसानों की सुविधा और फसलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 168वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा किसानों का हित संरक्षण सुनिश्चित करते हुए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ सलों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्ण रोपण सामग्री, बागवानी फ सलों के गुणवत्ता पूर्ण रोपण एवं रोग मुक्त बनाने के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) में टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना की जाए। यह प्रयोगशाला कम से कम 3 हेक्टेयर के विशाल परिसर में स्थापित हो। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था मंडी परिषद द्वारा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा किसानों के हित का ध्यान रखते हुए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां 614 करोड़ की आय हुई, वहीं 2022-23 में 1520.95 करोड़ की आय हुई थी। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले दो माह ने अब तक 251.61 करोड़ का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है।

योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। वर्तमान में 5 विश्वविद्यालयों एवं 23 महाविद्यालयों में कृषि एवं गृह विज्ञान के विद्यार्थियों को 3000 मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ अधिकाधिक युवाओं को मिले, इसके लिए इसमें कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी तथा 37 अन्य महाविद्यालयों को भी इसमें शामिल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के आउटलेट वर्तमान में मंडल मुख्यालय पर स्थापित हैं। इन्हें जिला मुख्यालय तक विस्तार देने की आवश्यकता है। मंडी समितियों में भी आउटलेट खोले जाएं। जैविक-प्राकृतिक बाजार लगवाएं। हमारे किसानों के जैविक-प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन, ब्रांडिंग के लिए लैब टेस्टिंग आवश्यक है। यद्यपि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा लखनऊ, मेरठ, बनारस एवं झांसी में प्रयोगशालाएं संचालित हैं लेकिन प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में कोई लैब संचालित नहीं है। ऐसे में मंडी परिषद द्वारा प्रदेश के सभी 4 कृषि विश्वविद्यालयों में टेस्टिंग लैब स्थापित किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ग्रामीण हाट पैठ और आधुनिक किसान मंडियों का निर्माण कराया है। क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार नए हाट पैठ और किसान मंडियों का निर्माण कराया जाना चाहिए। इनका अच्छा मेंटीनेंस रखें। पटरी व्यवसायियों को यहां समायोजित किया जाना चाहिए। मंडियों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखें और कृषि फ सल की सुरक्षा के अच्छे प्रबंध हों। शौचालय-पेयजल के पर्याप्त इंतजाम रखें। यह सुखद है कि मंडी परिषद की सहायता से कृषि विश्वविद्यालयों में छात्रावासों का निर्माण कराया जा रहा है। इन छात्रावासों का निर्माण कार्य गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए।

# विकास कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के हाथों मिलेगी हेल्थ इंफ्रास्ट्रर की सौगात

● गोरखपुर में 2604 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

● सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का भी करेंगे शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के हाथों मंगलवार को गोरखपुर को बाढ़ बचाव, पेयजल समेत 2604 करोड़ रुपये की 727 विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। जिले में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए सीएम योगी सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर हेल्थ एटीएम का भी लोकार्पण करेंगे। शिलान्यास-लोकार्पण का यह कार्यक्रम अपराह्न चार बजे से रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित महंत दिग्विजयनाथ पार्क में जनसभा के साथ होगा।

4 जून को भटहट सीएचसी पर आयोजित समारोह में सीएम योगी ने भटहट समेत सहजनवा, पाली, हरनही व बांसगांव सीएचसी पर पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का लोकार्पण किया था। इसके पहले 6 मार्च को उन्होंने जंगल कौड़िया और खुटहन सीएचसी को पीकू की सौगात दी थी। इन सभी पीकू की स्थापना हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लि. के कॉरपोरेट एनवायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी फंड से कराई गई है। 4 जून के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह ऐलान किया था कि पीकू वाले सभी सीएचसी पर हेल्थ एटीएम भी लगाए जाएंगे।

स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगवाने की सरकार की पहल पर इंडस टॉवर लिमिटेड गुरुग्राम, हरियाणा ने सहयोग का कदम बढ़ाते हुए दस स्वास्थ्य केंद्रों पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड से 10 हेल्थ एटीएम की व्यवस्था की है। देवरिया, महराजगंज और गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखपुर में हेल्थ एटीएम स्थापित किया जा चुका है। सात सीएचसी भटहट, सहजनवा, जंगल कौड़िया, पाली, चौरीचौरा, खुटहन, हरनही में हेल्थ एटीएम का लोकार्पण मंगलवार 20 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 जून को गोरखपुर में 2427.63 करोड़ रुपये के 692 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 176.83 करोड़ रुपये के 35 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं में जल निगम (ग्रामीण) की 623 परियोजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है।

# गैंगेस्टर एक्ट में आजमगढ़ से वांछित पचास हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने गैंगेस्टर एक्ट में आजमगढ़ से वांछित 50 हजार के ईनामी अपराधी सरफराज उर्फराजू को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की एक टीम अभिसूचना संकलन के क्रम में जनपद आजमगढ़ में मौजूद थी। मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि थाना सरायमीरए जनपद आजमगढ़ में दर्ज धारा 3 (1) गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 50,000 रुपए का पुरस्कार घोषित अपराधी सरफराज इमामबाड़ा के पास आने वाला है। इस सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुएए मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंचकर वांछित अभियुक्त सरफराज को कर गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि वर्ष.2005 में पहली बार मैं अपने गांव के बसरे आलमए अह्लन एवं असलनए फैसल डब्लू के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दियाए जिस सम्बन्ध में थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ में हम सभी के विरूद्ध लूट का अभियोग पंजीकृत हुआ। इस अभियोग में मैं वांछित था और थाना गम्भीरपुर पुलिस से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हुआ और जेल चला गया। एक वर्ष बाद जमानत पर छूटने के बाद मैं अपने साथी अख्तर सैफ के साथ मिलकर ष्लैसष् निवासी कोटिला की गोली मारकर हत्या कर दिया एवं लाश को छोटे.छोटे टुकडों में काट दिया थाए जिस सम्बन्ध में थाना जहानागंजए जनपद आजमगढ़ में अभियोग पंजीकृत हुआ तथा मुझे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 17 माह बाद जेल से छूटने पर मैं अपने गांव में रहने लगा। वर्ष.2009 में मुम्बई पुलिस द्वारा गुफ्रान ;मुम्बईद्ध की हत्या के जुर्म में जनपद आजमगढ़ से गिरफ्तार कर ट्रॉजिंट रिमाण्ड में लेकर थाना पड़गाए मुम्बई ले जाया गयाए इस घटना में वर्ष.2014 में मेरे भाई अफ्जल द्वारा मेरी जमानत करायी गयी है। उसके पश्चात नासिर के साथ मिलकर जमीन का खरीदने बेचने का कार्य प्रारम्भ किया। वर्ष.2017 में नन्हे निवासी खेतासराय कासिमपुर की जमीन खरीदा और पैसे के विवाद में जावेद और समद के साथ मिलकर नन्हे की गोली मारकर हत्या कर दिया। जिसके सम्बन्ध में थाना दीदारगंज, जनपद आजमगढ़ में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस मुकदमें में वर्ष 2018 में गिरफ्तार हुआ और जेल चला गया तथा वर्ष 2019 में जमानत पर बाहर आया। वर्ष 2023 में मेरे विरु द्ध थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ में धारा 3;1 यूपी गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत हुआ। जिसमें गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का पुरस्कार घोषित होने के बाद से अपना घर छोड़कर इधर-उधर छिपकर रह रहा था।

# कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना शासन की प्राथमिकता: संजय प्रसाद

● आपराधिक तत्वो पर रखी जाये पैनी नजर: डीजीपी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांवड** यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु शासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद एवं डीजीपी विजय कुमार द्वारा कांवड यात्रा को लेकर की गयी तैयारियों का जायजा लिया। मेरठ मंडलायुक्त सभागार में मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ, मुरादाबाद मंडल एवं अन्य राज्यो उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक की गयी। भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव गृह एवं डीजीपी ने बाबा औघडनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओ का जायजा लिया। बैठक में पश्चिमी उप्र के समस्त जनपदो के अधिकारियो द्वारा वर्चुअल माध्यम से कांवड के संबंध में अवगत कराया गया।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि कांवड यात्रा के दौरान कांवडियो के प्रति अच्छा व्यवहार रखा जाये। कांवड शिविरए भण्डारे को परमिशन देना आदि के संबंध में कांवड संघो से वार्ता करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि कावंडियो की सुरक्षा तथा उनको सुविधाएं देना प्रशासन का काम हैए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। चिकित्सा शिविरो में एंटीवेनम तथा एंटी रेबीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। महिला कावंडियो के लिए शौचालयए स्नान एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। घाटो की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग करा ली जाये। अवैध शराब, मांस की दुकानो पर आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि जनपद में यदि कोई बड़ा आयोजन या परीक्षा हो तो इसकी सूचना तत्काल शासन को उपलब्ध करायी जाये। अंतर्राज्यीय व अंतरजनपदीय सूचना तंत्र को मजबूत किया जाये ताकि एक स्थान पर होने वाली घटना की जानकारी सभी

डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि सडक के दोनो ओर झांडियो की सफाईए चिकित्सा व्यवस्था का उचित प्रबंध किया जाये। कावंडियो के ठहरने एवं उनके आराम के लिए उचित स्थान की व्यवस्था की जाये। कांवड मार्ग पर वाहनो की आवाजाही न हो तथा डीजे की आवाज को संयमित, नियंत्रित रखने हेतु शिविर संचालको एवं कावंडियो को जागरूक किया जाये। डीजे पर कोई भी अशोभनीय गाना न बजे। कांवड खंडित होने की दशा में गंगाजल की व्यवस्था पूर्व में ही कर ली जाये। उन्होने कहा कि आपराधिक तत्वो पर पैनी नजर रखी जाये तथा आवश्यक कार्यवाही की जाये। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि कांवड यात्रा को पूर्ण रूप से प्लास्टिक फ्री रखा जायेगा। उन्होने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के अलावा थर्माकोल पर भी प्रतिबंध रहेगा। मंडलायुक्त मेरठ मंडल सेल्वा कुमारी जे. ने कांवड की तैयारियो से प्रमुख सचिव गृह को अवगत कराते हुये बताया कि मंडल के सभी जनपदो में कांवड मार्ग में पडने वाली सडको को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है। अंत में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि सभी जनपद व राज्य समन्वय स्थापित करते हुये शासन की मंशा के अनुरूप कांवड यात्रा को भव्य रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

# आठ सीनियर आईपीएस अफसरों के किए तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** शासन ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर में नीलाब्जा चौधरी को संयुक्त पुलिस कमिश्नर (जेसीपी) बनाया गया है। इससे पूर्व वह लखनऊ में संयुक्त पुलिस कमिश्नर अपराध एवं मुख्यालय का कार्यभार देख रहे थे। वहीं आकाश कुलहरि अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज को संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध और मुख्यालय कमिश्नरेट लखनऊ के पद की जिम्मेदारी दी गई है। रविशंकर छवि को अपर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर की जगह पुलिस उपमहानिरीक्षक लोक शिकायत मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के पद की जिम्मेदारी दी गई है। अमित वर्मा को पुलिस महानिरीक्षक राज्य विशेष अनुसंधान दल की जगह अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के पद पर स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है।

# अखिलेश ने भाजपा के खिलाफ सपा का साथ देने का विपक्षी दलों से किया आह्वान

● कहा, 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की तय होगी रूपरेखा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को हटाने को तैयार है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट करेगी। जो दल भाजपा को हटाना और हराना चाहते है वे बड़े दिल के साथ समाजवादी पार्टी के साथ आएं। सपा का साथ और सहयोग दें। सपा ने भाजपा के खिलाफ लड़ाई में समय-समय पर सभी दलों का साथ लिया है और उनको सम्मान दिया है। अखिलेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भूमिका बहुत बड़ी है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने यूपी की जनता को निराश और दुखी किया है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बहुत बड़ा बदलाव होगा। समाजवादी पार्टी के पास प्रदेश और देश को लेकर विजन है। विकास का माडल है। गरीबों को आगे बढ़ाने का जज्बा है। समाजवादियों ने हमेशा पीड़ितों और गरीबों को न्याय दिलाया है। जनता को समाजवादियों से उम्मीद है। सपा अपनी पूरी ताकत के साथ भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके अन्याय, अत्याचार से खत्म करेगी और जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ थी। जनता ने भाजपा के विरोध में और समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट किया था भाजपा ने प्रशासनिक अधिकारियों और सत्ता का दुरूपयोग करके परिणाम अपने पक्ष में कराया जिससे जनता में भाजपा को लेकर बहुत नाराजगी है। उत्तर प्रदेश और पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा के दुरूपयोग से परेशान और पीड़ित है। यही जनता भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बाहर करेगी।

यादव ने कहा है कि 23 जून 2023 को पटना में विपक्षी दलों की बैठक है। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की रूपरेखा तय होगी। उत्तर प्रदेश में सपा मजबूती से भाजपा का मुकाबला कर रही है। सपा जमीन पर अपने कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही है। संगठन को मजबूत करने में लगे है। सपा जनता के मुद्दों को लेकर लगातार हर स्तर पर संघर्षरत है। यादव ने कहा कि भाजपा ने सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर रखा है। धर्म के आधार पर भेदभाव करती है और नफरत फैलाती है। भाजपा निर्दोषों को फर्जी केस में फंसाती है जिससे दहशत फैले। भाजपा का काम झूठ तंत्र का मायाजाल फैलाना है। यादव ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में बिजली संकट के कारण इस भीषण गर्मी और लू में लोगों की जानें जा रही है। अस्पतालों में मौतें हो रही है।

# वरिष्ठ नेताओं के अनुभवों व सहयोग से अधिक सीटें जीतेगी कांग्रेस: खाबरी

● लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस के सभी पूर्व सांसदों, वर्तमान व पूर्व विधायकों की हुई अहम बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा**-2024 की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के सभी पूर्व सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने की। बैठक में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, प्रान्तीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं नकुल दुबे सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के भारी संख्या में पूर्व सांसद व पूर्व विधायक शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की और बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप लोग बहुत अनुभवी हैं और कई दशकों से कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर चल रहे हैं आप लोगों से लगातार संपर्क और आपके अनुभवों का लाभ आगामी लोकसभा चुनाव में लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में अवश्य परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि आप लोगों के सुझाव से कांग्रेस संगठन को काफ ी बल मिलेगा, जिसका लाभ आगामी लोकसभा में पार्टी को मिलेगा। आप सभी वरिष्ठ नेताओं के अनुभवों और आपके सहयोग से कांग्रेस इस बार लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतेगी।

कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सभी वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोग पार्टी की धरोहर हैं। आप सभी ने गांधी परिवार के साथ लम्बे समय तक काम किया। चुनाव में पार्टी का कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा ने कांग्रेसजनों में नई ऊर्जा का संचार किया है और भाजपा के खिलाफ रेखा खींच दी है। हमें अपने कैडर को मजबूत करना है और पूरे प्रदेश में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना है जिसकी शुरुआत हो चुकी है। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बूथ कमेटी की समीक्षा पर विशेष जोर दिया। बूथों पर वोट कट जाते हैं इस पर ध्यान देना है तथा हर विभाग और प्रकोष्ठ से एक-एक व्यक्ति को लेकर बूथ कमेटी बनाना चाहिए इससे काफ ी बल मिलेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि हम सभी को विधानसभावार हर बूथ पर कम से कम 25 सक्रिय कार्यकर्ताओं की लिस्ट बनानी होगी और उन्हें अधिक से अधिक सक्रिय करना होगा।

# संगठन का सभी 80 सीटों पर विजय का लक्ष्य: भूपेन्द्र चौधरी



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सोमवार को पार्टी के विस्तारकों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री ;संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों व अभियानों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की एवं आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में मार्गदर्शन किया। बैठक में विस्तारकों को महा.जनसम्पर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया। साथ ही विगत कार्यक्रमों व अभियानों की समीक्षा के साथ आगामी अभियानों तथा कार्यक्रमों से प्रत्येक कार्यकर्ता तथा मतदाता को जोड़ने के लिए संगठनात्मक योजना.रचना साझा की।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विस्तारकों को बड़ी जिम्मेदारी निभाते हुए संगठन के सभी कार्यक्रमों व अभियानों के समय से तथा प्रभावी रूप से संपादन में प्रमुख कड़ी के रूप में काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ऐतिहासिक निर्णयों के साथ पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से कार्यक्रमों को सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य प्रदेश में सभी 80 सीटों पर विजय का है और उस लक्ष्य की प्राप्ति में विस्तारक सहायक सिद्ध होंगे।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने विस्तारकों से संवाद करते हुए कहा कि सम्पर्क, संवाद, समन्वय तथा सहभागिता के सूत्र के साथ लोकसभा तथा विधानसभा स्तर पर आपको काम करना है। प्रभावी विस्तारक की भूमिका सभी के साथ समन्वय करके सबकी सहभागिता के साथ पार्टी के कार्यक्रमों व अभियानों की सफलता सुनिश्चित करती है। विस्तारक की जिम्मेदारी समर्पितए निष्ठावान तथा वैचारिक रूप से परिपक्व कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है। जिन्हें संगठन की प्रदेशए क्षेत्रए जिला तथा मण्डल ईकाइयों के बीच सेतु का काम करना है। उन्होंने कहा कि महा.जनसम्पर्क अभियान के तहत 21 जून से घर.घर सम्पर्क अभियान प्रारम्भ हो रहा है। अभियान के तहत पार्टी हर दरवाजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं से आत्मनिर्भर भारत निर्माण तथा साहसिक निर्णयों से सामरिक व आर्थिक सम्पन्न राष्ट्र निर्माण का लेखा.जोखा लेकर पहुंचेगी। अभियान की सफलता के लिए सभी को पूर्ण मनोयोग के साथ जुटना है। बैठक में प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा भी उपस्थित रही।

# बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत अब तक 2000 कामकाजी बच्चों को अवमुक्त कराया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश सरकार** द्वारा चलाई जा रही बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत वर्तमान में 2000 कामकाजी बच्चों के लक्ष्य के सापेक्ष सभी 2000 कामकाजी बच्चों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराकर उनको आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना से निराश्रित कामकाजी बच्चों को अवमुक्त कराकर शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराते हुए उनके आय की प्रतिपूर्ति की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराने के उपरान्त कामकाजी बच्चें को विद्यालय में 70 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के उपरान्त बालकों के लिए 1000 रुपए प्रतिमाह की धनराशि और बालिकाओं के लिए 1200 रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। इस योजना का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 12 जून 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर किया गया था।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस ने किए विभिन्न आयोजन

● कई जगहों पर भंडारा, हवन-पूजन, फल, भोजन व शरबत वितरण कर की दीर्घायु होने की कामना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सहित राजधानी लखनऊ व प्रदेश के सभी जनपदों में विभिन्न स्थानों पर मनाया गया। कांग्रेसजनों द्वारा इस अवसर पर कई जगहों पर भंडारा, हवन-पूजन, फ ल वितरण, भोजन वितरण एवं शरबत वितरण कर राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गयी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय न बताया कि राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर के बगल में कांग्रेसजनों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी द्वारा प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया गया तथा प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, वेद प्रकाश त्रिपाठी, वीरेन्द्र मदान सहित तमाम कांग्रेसजनों द्वारा भी प्रसाद वितरण किया गया। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद पाण्डेय एवं पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस मुख्यालय में हवन-पूजन करके राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गई तथा श्रमिक-दलित बस्तियों में फ ल वितरण किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा भी उपस्थित रहीं। उप्र कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी एवं विगत विधानसभा की प्रत्याशी रही शहाना सिद्दीकी द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजयी घोषित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, उपस्थिति रहे। इसके साथ ही कांग्रेस मुख्यालय पर श्रम प्रकोष्ठ के वाइस चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा भोजन वितरित किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर रमाशंकर द्विवेदी द्वारा केकेसी के पास राहगीरों को पानी एवं शरबत का वितरण कर राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गयी। इस मौके पर युवा नेता मनोज पाठक द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 20 जून, 2023



# डीएम ने की समीक्षा, दिए कड़े निर्देश

- डीएम की दो टूक शत-प्रतिशत पीओएस मशीन से हो उर्वरकों का वितरण
- डीएम-सीडीओ ने 55 फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को बाटी पीओएस मशीन



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**कृषकों** को निर्धारित दरों पर उनके जोत के अनुसार संस्तुत मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों संग बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सीडीओ ने कुल 55 फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को पीओएस मशीन का वितरण भी किया।

बैठक में डीएम ने उपस्थित समस्त प्रदायकर्ता संस्था, थोक उर्वरक विक्रेता एवं इण्डो-नेपाल सीमा पर संचालित समस्त उर्वरक विक्रेताओं को कड़े निर्देश देते हुये निर्देशित किया कि किसानों को उनकी जोत, कृषित भूमि क्षेत्रफल के आधार पर उर्वरकों की बिक्री की जाये, उर्वरकों का वितरण शत-प्रतिशत पीओएस मशीन से ही किया जाये, किसी भी कृषक को जबरन अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाये, ओवर स्टॉकिंग न की जाये, शासन की मंशा के अनुरूप रियल टाइम एक्नॉलेजमेन्ट एवं रियल टाइम ट्रान्सफर किया जाय, उर्वरकों की बिक्री गैर-जनपद के किसानों को न किया जाये तथा इण्डो-नेपाल सीमा पर संचालित सभी उर्वरक विक्रेताओं को विशेष रूप से यह निर्देश प्रदान किए कि कृषकों को बिक्री किये जाने वाले उर्वरक की बोरी पर कृषक का नाम व ग्राम का नाम अवश्य अंकित किया जाये। बैठक में जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण की स्थिति, कृषको को उनकी जोत, कृषित भूमि के अनुसार संस्तुति मात्रा में उर्वरकों का वितरण, निर्धारित दर पर गुणवत्ता उर्वरको की उपलब्धता के संबंध में गहन समीक्षा बैठक की। बैठक में सहकारिता, गन्ना विभाग के अधिकारी, प्रतिनिधि तथा उर्वरक प्रदायकर्ता संस्था के प्रतिनिधि, थोक उर्वरक विक्रेता एवं इण्डो-नेपाल सीमा पर संचालित फुटकर विक्रेता उपस्थिति रहे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने अपने भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ रामकुमार वर्मा ने कहा ष्कि आज पूरे देश की आवाज राहुल गांधी बन चुके हैं द्य देश की जनता का आशीर्वाद उनके साथ में है। अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल ने आए हुए सभी काँग्रेसजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज हम सब संकल्प लेते हैं की 2024 मिशन को पूरा कर राहुल गाँधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इसी कार्यक्रम में विशेष रुप से पीसीसी सदस्य केके मिश्रा, पीसीसी सदस्य प्रेम कुमार वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला, अजीत जैन, अजय कुमार शुक्ला ,सलमान खान ,ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन राजपासी, ब्लॉक अध्यक्ष मतीन शाह, दीपक राज ,मोहम्मद अनीस अहमद ,अंकुर पटेल ,नंदकिशोर वर्मा ,सतीश चंद्र मिश्रा, विक्रम पटेल, अध्ययन पटेल सहित दो दर्जन लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद गोला की प्रथम बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर प्रस्ताव

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी




**नगर** पालिका परिषद गोला की बैठक का शुभारम्भ प्रदीप नरायन दीक्षित अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया है 28 वे बोर्ड बैठक का प्रारम्भ में सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया गया। अध्यक्ष एवं बोर्ड के सदस्यों द्वारा नगर की प्रमुख समस्या सफाई पर विचार किया गया, सावन मास को ध्यान में रखते हुए एवं वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होने के पूर्व नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक को आदेशित किया गया। नगर के पूर्व में बने नालो पर पत्थर डालने का कार्य किया जाने का विचार किया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा सी0जी0एन0 पी0 कालेज के सामने पार्क बनाये जाने, वार्ड सं0 5 मुन्नूगंज में होली के पास तालाब के सौन्दर्यीकरण, नगर पालिका में स्थित पुस्तकालय का सौन्दर्यीकरण, नगर के प्रमुख शिव मन्दिर के साथ साथ तीर्थ सरोवर के चारो तरफ सावन के पूर्व सौन्दर्यीकरण, सतौती का सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ पानी को एक्जम्शन करके साफ पानी होने नौकाविहार बनाये जाने हेतु, नगर के प्रमुख मार्गो सहित वार्ड में साइन बोर्ड लगाये जाने का, नगर के पास प्रवाहित सरायन नाला एवं शुगर फैक्ट्री द्वारा उसमें छोड़े जाने वाले दूषित रसायनयुक्त जल द्वारा जन जीवन प्रवाभित होता है एवं सफेद राख एवं काली राख को बन्द किये जाने हेतु मिल प्रबन्धन से पत्राचार कर उसे बन्द किये जाने या उसकी अपनी सीमा में निस्तारित किये जाने का प्रस्ताव रखा गया। नगर के विभिन्न सभासदगणों द्वारा अपने-अपने वार्ड की टूट-फूट की मरम्मत एवं अन्य निर्माण किये जाने के लिखित प्रस्ताव अधिशासी अधिकारी को दिये। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पी0एन0 दीक्षित अधिशासी अधिकारी, अमन अरविन्द गिरि विधायक सहित श्रीमती अंजू देवी, इजरान अहमद, धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र कुमार, आनन्द सोनी, हर्ष अवस्थी, धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, श्रीमती अख्तर जहां, आनन्द किशोर, सुफियान खां, श्रीमती गीतादेवी, अनिल कुमार गुप्ता, रियाजुद्दीन, सहित नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ का समस्त स्टाप मौजूद रहा।

# पानी की टंकी लगाने को लेकर विवाद, लाठी-डंडो से पीटकर हत्या

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**सरकारी** जमीन पर पानी की टंकी लगाने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक की पीट पीटकर हत्या कर देने का आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी उनको उठाकर अपने घर के अंदर ले गए। उसके बाद लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया और दोनों आंखें भी फोड़ दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दबंगों के मकान के अंदर से बुजुर्ग के शव को बरामद कर लिया है।

थाना तिलहर क्षेत्र के सुनौरा अजमतपुर निवासी 55 साल के अशोक कुमार मकान के बाहर सरकारी जमीन पर पानी की टंकी लगवा रहे थे। अशोक के ताऊ के बेटे राजेंद्र के परिवार ने पानी की टंकी लगाने का विरोध किया था। विरोध के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि राजेंद्र और उनके साथी अशोक को उठाकर अपने मकान के अंदर ले जाकर बंद कर दिया। परिजनों ने बताया कि अशोक की मकान के अंदर लाठी-डंडो से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लाइसेंसी बंदूक और तमंचों की बट से अशोक आंखे फोड़ दी गईं।

आरोपी बहुत दबंग हैं। अशोक को बचाने की कोई भी हिम्मत नही जुटा पाया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ही अशोक के शव को राजेंद्र के मकान के अंदर से बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में लीपा पोती करने में जुटी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अशोक की आंखें नहीं फोड़ी गई हैं।

सीओ तिलहर प्रयांक जैन ने बताया कि दो पक्षों की मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बाल सुधार गृह नवादा में कैदी बच्चों ने किया योगाभ्यास

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नवम** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में चल रहे योग सप्ताह के अंतर्गत राजकीय बाल सुधार गृह नवादा में आयुष विभाग पुराना जिला चिकित्सालय नगर शाहजहांपुर में कार्यरत योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता ने कैदी बच्चों को कॉमन योगा प्रोटोकाल के आधार पर ग्रीवा संचालन, कटिचक्रासन, ताड़ासन, चक्रासन ,त्रिकोणासन ,पवनमुक्तासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन ,शवासन, भ्रामरी प्राणायाम ,ध्यान ,अनुलोम विलोम आदि आसनो का अभ्यास कराया । योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता ने बताया की इस बार की अंतरराष्ट्रीय योग थीम हर घर आंगन योग के तहत जनपद वासियों को योग विद्या से जोड़ने का साथ ही साथ दैनिक दिनचर्या में योगाभ्यास को लाने का प्रयास कर रहे हैं अगर नियमित हर व्यक्ति 30 मिनट योगाभ्यास को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे तो शरीर स्वस्थ एवं निरोगी रहेगा साथ-साथ मन एकाग्र एवं स्पूर्ति का भी अनुभव किया जा सकता है ।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ राजीव कुमार बताया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जीएफकॉलेज में हजारों जनमानस के साथ सफल बनाया जाएगा जनपद के हर ब्लॉक स्तर पर योग प्रशिक्षक योगाभ्यास करा रहे हैं । कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय कुमार ,पुनीत गुप्ता, मोहम्मद नसीम, सुदेश मिश्रा आदि का सहयोग रहा ।

# पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन कर सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ।जिसमें उन्होंने कहा कि, विभाग में लगभग एक लाख तैनात कर्मचारियों की मांगे पिछले काफी समय से लंबित हैं।

ज्ञापन में कहा गया है पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाई जाए, तैनात सफाईकर्मियों को प्रमोशन दिया जाए। सफाईकर्मियों को 1900 ग्रेड पे का लाभ दिया जाए। माह जून 2023 में ग्राम पंचायत अधिकारी पद होने वाली चयन प्रक्रिया में 20 प्रतिशत पदोन्नति के लिए पद चयन कर सुरक्षित किए जाएं ।उन्होंने चेतावनी दी है कि, अगर मांगे जल्द पूरी नही की गई तो, आने वाले समय में बड़ा आन्दोलन किया जाएगा ।उन्होंने मुख्यमंत्री से आशिर्वाद मांगकर कहा कि, सीएम के नेतृत्व में सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा करेगी। साथ ही चेतावनी दी है कि, मांगे पूरी नही की गई तो, संगठन की तरफसे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। गौर तलब है पंचायती राज विभाग में लगभग एक लाख सफाईकर्मी कार्यरत हैं। पिछले काफी समय से उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार के पास ज्ञापन भेजा, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नही हुई।

# महिलाओं को जागरूक करने के लिए चौपाल का आयोजन



**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**जनपद** के समस्त थाना के क्षेत्रो मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया । महिला पुलिसकर्मियों ने सभी से सीधा संवाद स्थापित कर र उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

चौपाल में आई महिलाओ व बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी देकर शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर 1090, 112, 1076, 108, 1098, 1076, 181 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विधि को बताया गया शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं उज्जवल, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की देकर साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर मो नंबर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का तरीका बताया गया शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा गांव-गावं जाकर चौपाल लगाकर महिला को जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याओं का सुना गया तथा यथासम्भव उसका निस्तारण कराया गया।

# सूर्या फाउंडेशन ने आयोजित किया योग शिविर

**संवाददाता।** निघासन-खीरी




**देशभर** में शिक्षा, स्वास्थ, संस्कार, स्वालंबन, पर्यावरण संरक्षण सरीखे सामाजिक कार्य करने वाली सूर्याफाउण्डेशन द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन हेल्थ, वन वर्ड को केलर देश भर के 18 राज्यों के 320 गांवों के 500 कार्यकर्ताओं द्वारा 50 हजार लोगों को योगा अभ्यास कराया जा रहा है। इसी क्रम में अवध क्षेत्र के लखीमपुर खीरी जिले के निघासन ब्लॉक के सहतेपुरवा, बेलहाडीह, नौगांवा, डंडूरी, बैरिया आदि गांव में योग अभ्यास कराया जा रहा है। इस शिविर में योग साधकों को दैनिक जीवन में स्वस्थ्य रहने के लिए विभिन्न यौगिक क्रियाओं ,आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं ध्यान का सामूहिक अभ्यास करवाकर होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वशुधेय कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन हेल्थ- वन वर्ल्ड पर आधारित रहेगी।

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बताए गए कॉमन प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास क्रम रहेगा। योग के माध्यम से स्वस्थ भारत की कल्पना को मजबूत करेंगे एवं अपनी रोग प्रतिरोधक छमता को बढ़ाएंगे यह जानकारी अवध क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह द्वारा दी गई।

इस कार्यक्रम को फाउंडेशन के कार्यकर्ता सियाराम राज, मनोज कुमार, राजू कुमार, पवन कुमार, अरुण कुमार, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, सियाराम दिवाकर द्वारा गांव के बच्चों, युवाओं, माताओं बहनों को प्रति दिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक एक घण्टे योग अभ्यास कराया जा रहा है।

# ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने को केंद्र सरकार ने दी सचिवों को लैपटॉप की सौगात

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**केंद्र** सरकार ने पंचायती राज में पहली बार फील्ड के लोगो को लैपटॉप मुहैया कराए हैं। लैपटॉप के जरिए खीरी जिले के ग्राम सचिव जहां एक और स्मार्ट बनेंगे वहीं दूसरी ओर स्मार्ट ग्राम पंचायतों की आधारशिला रखेंगे।जिले की ग्राम पंचायतों को पहले से अधिक हाईटेक व कंप्यूटर अनुप्रयोग में अधिक कुशल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत प्रथम चरण में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ 60 ग्राम सचिवों को लैपटॉप वितरित किए।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पंचायती राज महकमे के ग्राम सचिवों को हाईटेक करने और विकास कार्यों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए लैपटॉप मुहैया कराए हैं।ग्राम सचिवों को पंचायती राज के विकास कार्यों की निगरानी के लिए लैपटॉप का सही उपयोग करना होगा। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों से लैपटॉप के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हर गांव पहले स्मार्ट बने और जब स्मार्ट बनेगा तो आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को भी प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी ग्राम पंचायत के संसाधनों का उपयोग इस रूप में करना है कि किसी के आगे हाथ फैलाने की नौबत ना आए। ग्राम पंचायत अपने संसाधनों से समग्र विकास करते हुए जनता को बुनियादी सुविधाओं दे सकें। जिन योजनाओं का संचालन सरकार कर रही है, वह लंबे समय तक सुचारू रहे, इसकी जिम्मेदारी भी ग्राम पंचायतों की है। इसके लिए वह आत्मनिर्भर बनकर अपने संसाधनों का इस्तेमाल कर सकती हैं। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने कहा कि नई तकनीक के माध्यम से वर्तमान में कार्यरत ग्राम सचिव स्मार्ट सचिव बनेंगे जिनके माध्यम से भविष्य में स्मार्ट ग्राम पंचायतों की आधारशिला रखी जाएगा।

## क्विक न्यूज

### तालाब में डूब कर युवक की मौत

**बरेली।** चारा लेने के लिए घर से निकले एक युवक की गांव के पास तालाब में डूबकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरु कर दी। भुता थाना क्षेत्र के गांव से सिसैया निवासी 23 वर्षीय गुड्डू पुत्र पाल सिंह कि कल शाम गांव के पास ही तालाब में डूबने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि गुड्डू कल शाम को घर के पालतू जानवरों को चारा काटने के लिए जंगल में गया था लेकिन वह वापस नहीं लौटा वह गर्मी के कारण गांव के पास स्थित एक तालाब में स्नान करने लगा इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया जब वह घर वापस नहीं लौटा तो उसे तलाशते हुए घर के लोग जंगल में पहुंचे जहां उन्होंने गुड्डू की लाश को तालाब में तैरते देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

### दुर्घटना में घायल ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** सवारियो से भरे एक टेंपो को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार कई लोग घायल हो गए एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।क्योंलडियां थाने के गांव जावेदा जवेदी निवासी 33 वर्षीय महेंद्र पाल पुत्र सुखराम की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि महेंद्र पाल कल दिन में एक टेंपो में बैठकर क्योंलड़िया कस्बा जाने के लिए घर से निकला था जिसमें उसके साथ कई अन्य लोग भी बैठे थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद उसके टेंपो को तेजी से आ रही ट्रक ट्राली में टक्कर मार दी जिससे टेंपो में सवार कई लोग घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उनके घर वालों को सूचना दे दी अस्पताल में भर्ती महेंद्र पाल ने देर रात दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली फरार हो गई मृतक की पत्नी का नाम सुमन देवी है वह तीन बेटों का पिता था

### घरेलू कलह के चलते महिला ने फिनायल पिया

**बरेली।** पति से हुए झगड़े के बाद पत्नी ने फिनायल पी लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव मौला नगर निवासी मोहम्मद नबी की पत्नी नसीना खान को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि नसीना खान का आज सुबह अपने पति मोहम्मद नबी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज नसीना खान ने घर में रखा फिनायल पी लिया उसकी हालत बिगड़ने लगी पता चलने पर घर के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

### अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस का आयोजन

**बरेली।** अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस पर जीवन उमंग किटी द्वारा प्रेम नगर सीआई पार्क में पिकनिक का आयोजन किया गया जिसम सभी नदी विभिन्न पकवान बनाए गए जो घर पर वह लेकर आई थी सभी ने लजीज पकवानों का आनंद लिया बफइंग्लिश पहले के जमाने में लोग परिवार के साथ जाया करते थे जहां लूडो भागदौड़ छुपन छुपाई ऐसे गेम खेला करते थे वह अब सब खत्म होता जा रहा है तो हमें अंतरराष्ट्रीय पिकनिक दिवस पर परिवार के साथ और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जाना चाहिए उसी को मध्य नजर रखते हुए जीवन उमंग ने पिकनिक का आयोजन किया पिकनिक में आए हुए सभी ने विभिन्न प्रकार के गेम खेलें व खूब इंजॉय किया पिकनिक के दौरान बच्चों ने झूलों का खूब आनंद लिया पिकनिक पर सभी सदस्य उपस्थित रहे जिसमें से रचना सक्सेना, नीलम , शिखा सक्सेना, विजेता, पूजा , अंकिता ,दीप्ति ,प्रीति सक्सेना उपस्थित रहे ।

### कब्रिस्तान की चहारदीवारी बनाने को लेकर विवाद

**बरेली।** कब्रिस्तान की दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बातचीत के लिए बुलाया पुलिस चौकी में भी दोनों पक्षों ने हंगामा किया ।बारादरी थाना क्षेत्र में सेमल खेड़ा स्थित कब्रिस्तान की चारदीवारी को बनाने का काम आज सुबह खुद को सुन्नी वक्फबोर्ड रजिस्टर्ड कमेटी का सदस्य बताने वाले कुछ लोगों ने शुरू कर दिया जैसे ही इसकी जानकारी अन्य लोगों को मिली तब स्थानीय नागरिक साबरी बेगम, रईस मियां, फिरासत,चांद, मुन्ना, दुलारे, मोहम्मद मियां आदि मौके पर पहुंच गए और उन्होंने दीवार बनाने वाले लोगों का विरोध करते हुए निर्माण कार्य रोकने को कहा लेकिन उन्होंने निर्माण कार्य रोकने से मना किया तव विवाद होने लगा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने की कोशिश की लेकिन दोनों पक्ष एक दूसरे के विरुद्ध आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे तब पुलिस ने दोनों पक्षों को पुलिस चौकी बुलाया जहां पर भी हंगामा होने लगा।

## कुएं के अंदर मिली है संदिग्ध अवस्था में मोटर साइकिल

**ओयल।** ओयल चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवतीपुर के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम बेरिंग पुरवा के ठीक सामने बरम बाबा के पास स्थित कुआ में आज सुबह ग्रामीणों द्वारा संदिग्ध



अवस्था में देखी गई ब्लैक कलर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल। मौके पर पहुंची स्थानी पुलिस। काफी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाली गई मोटरसाइकिल। अभी तक मोटरसाइकिल स्वामी का नाम पता सब अज्ञात। लेकिन अचानक क्यों मोटरसाइकिल कुँए के अंदर मिलना किसी न किसी बड़ी घटना की ओर इशारा कर रही हैं।

# ईको कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रही ईको कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र की रामचंद्रपुरम कॉलोनी निवासी 64 वर्षीय अनिल कुमार सक्सेना कि कल शाम सुभाष नगर के इटऊआ मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अनिल कुमार कल शाम को स्कूटी लेकर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकले थे लेकिन इटऊआ मोड़ पर पीछे से आ रही एक ईको कार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने भागने की कोशिश कर रही टक्कर मारने वाली कार को रोक लिया और उसके चालक को पकड़कर घटना की सूचना पुलिस को दे दी लेकिन तब तक अनिल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी मृतक तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम अरुणा सक्सेना है।

## दवा लेने जा रहे दंपति की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर दवा लेने के लिए घर से निकले दंपत्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें ।हाफिज गंज थाने के गांव सोडिया निवासी 31 वर्षीय दुर्गेश कुमार और उसकी पत्नी रामप्यारी कल शाम हाफिजगंज कस्बे में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतकों के घरवालों ने बताया कि दुर्गेश और रामप्यारी कल दिन में दवा लेने के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकले थे लेकिन डॉक्टर की क्लीनिक पर पहुंचने से पहले ही पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची दोनों की मौत हो चुकी थी पुलिस ने उनके घर वालों को दुर्घटना की सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दंपति तीन बेटों के माता पिता थे।

# फतेहगंज में गर्मी को देखते हुए समाजसेवी ने बंटवाया शरबत

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी ऋसूर्य की तेज गर्मी और लू के कारण वे हाताशा गर्मी पड़ रही है। सूर्य की तेज गर्मी और लू को देखते हुए। कस्बे के प्रमुख समाज सेवी सर्राफा व्यापारी नरेश ऐरन ने राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत वितरण कराया। इस दौरान सैकड़ों की तादात में राहगीरों ने ठंडा मीठा शरबत पीकर इस भीषण गर्मी ने राहत की सांस ली शरबत वितरण कार्यक्रम में नरेश ऐरन के भतीजे अंतरराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, डॉ मुदित सिंह, लकी अग्रवाल, दर्पण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, यश अग्रवाल, माधव, लव, अक्षत, बासु, टिंकू, अंशु आदि लोगों ने शरबत वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। जानकारी के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी कस्बा काफी बड़ी आबादी वाला कस्बा है। इतने बड़े कस्बे में वर्तमान में तेज गर्मी और लू के चलते एवं तपिस दार गर्मी से राहत दिलाने के लिए न कोई पार्क न ही कोई ट्यूबवेल या स्विमिंग पूल है। लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। भीषण गर्मी में लोगों का दिन काटना व रात गुजारना मुश्किल हो गया है। अगर कस्बे में पार्क और स्विमिंग पूल बन जाए तो यह लोगों के लिए राहत भरा कार्य हो सकता है। तेज धूप से बचने के लिए लोग खाली स्थान व छाया ढूंढते ही रह जाते हैं। लेकिन नहीं मिलती लोगों को गर्मी से राहत। कस्बे में पानी पीने का कोई साधन नहीं है। सारे के सारे पेयजल हैंड पंप खराब पड़े हैं। लोग शुद्ध पानी के लिए बूंद बूंद को तरस रहे हैं। इतना ही नहीं यहां के आधे से अधिक सरकारी हैंडपम्प भी खराब पड़े है। गर्मी आते ही विजली विभाग कुम्भकरणी नींद में सो जाता है।

## युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**बरेली।** तनावग्रस्त चल रहे एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बिथरी चौनपुर थाने के गांव नबदिया निवासी 24 वर्षीय अजय पाल पुत्र राजकुमार ने घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर रसुइया रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले अजय पाल का अपने चाचा गजराज से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था इसके बाद से अजय पाल मानसिक रूप से परेशान चल रहा था घर के लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और बीती रात लगभग 2बजे वह बिना बताए घर से बाहर चला गया और वापस नहीं लौटा सुबह होने पर घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी इसी दौरान उन्हें पता चला कि अजय पाल ने रसुईया रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली है।

## बिजली को लेकर जिलाधिकारी का कड़ा रुख

# अभियंता पर कार्रवाई

● विद्युतीकरण पूर्ण न होने पर एक्सईएन का वेतन रोकने के निर्देश

● एमआरएफ केंद्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने नगर पालिका व नगर पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारियों द्वारा कम वसूली होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की साथ ही चेतवानी दी राजस्व बसूली में तेजी लाएं। नगर पालिका कोंच में वसूली कम होने पर व विद्युतीकरण पूर्ण न होने के कारण संबंधित अधिशासी अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कालपी द्वारा जानबूझकर राजस्व की क्षति की जा रही है इनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित निकायों द्वारा टेंडर कार्य हेतु किया गया है उसमें विलंब होता है तो संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्माण कार्य तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप द्वारा कराए जा रहे कार्य शत प्रतिशत धरातल पर दिखने चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एमआरएफ केंद्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशालाओं में निरीक्षण करें गौशाला में कितने गोवंश और किए जा रहे व्यय का लेखा जोखा रजिस्टर में अंकित रहे गौशाला में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहे।

## मांगों को लेकर बैंककर्मियों ने प्रारम्भ की दो दिवसीय हड़ताल



**संवाददाता।** फतेहपुर

**आवास** ऋण सुविधा प्रदान किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर बड़ौदा यूपी बैंक क्षेत्रीय कार्यालय में कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल का आयोजन किया। तत्पश्चात अपनी आवाज बुलंद करते हुए सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। ऑल इंडिया रूरल बैंक एंप्लॉयज यूनियन एवं ऑफिसर एसोसिएशन के कार्मिक बड़ौदा यूपी बैंक क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे जहां अपनी मांगों को लेकर दो प्रदर्शन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विगत तीन वित्तीय वर्षों से बैंक में हमारे प्रवर्तक बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा सीधी भर्ती से किसी भी कार्मिकों की नियुक्ति नहीं की गई है जबकि इन तीन वर्षों में बैंक का सकल व्यवसाय 45 हजार करोड़ से बढ़कर 85 करोड़ पारकर गया है। विगत तीन वर्षो पहले बैंक में आठ हजार पांच सौ का स्टाफ था, जो वर्तमान में कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने के कारण सात हजार छः सौ ही रह गया है। बैंक के कार्यों में लगातार हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए बैंक में कार्यालय सहायक एवं बैंकिंग अधिकारियों की भी भर्ती हेतु आईबीपीएस को रिपोर्ट करें अन्यथा केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

## नौ वर्ष सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पितः निशंक

● नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में भाजपा ने की विशाल जनसभा



**संवाददाता।** फतेहपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तौर पर मनाए जाने के लिये विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक रहे। इस दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को गरीबों के लिये कल्याणकारी बताते हुए सभी पात्रों तक पहुंचने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व राज्यसभा सदस्य शम्भू शरण पटेल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष की उपलब्धियां गिनाई। कार्यकाल को गरीबों, कमज़ोरों के कार्यों को समर्पित रहा बताया। कहा कि पूर्व की सरकारों में गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था जबकि भाजपा शासन में अंतिम पायदान पर रहने वाले गरीब तक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत का मान बढ़ाने का काम किया है।

### जन कल्याण को समर्पित है मोदी सरकारः शम्भू शरण



**चित्रकूट।** भाजपा नेतृत्व की आदरणीय प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी जी की सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा-जनसम्पर्क अभियान के तहत सम्पर्क से समर्थन के लिए भाजपा बिहार के प्रदेश मंत्री एवं राज्यसभा सांसद मा शम्भू शरण पटेल ने बांदा लोकसभा के दो दिवसीय प्रवास में जनपद चित्रकूट के धर्मगुरूओं, समाजसेवियों, प्रगतिशील किसानो और शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से शिष्टाचार भेंटकर भाजपा की डबल इंजन सरकारों के विकासात्मक कार्यों की चर्चा की।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, सांसद आर के सिंह पटेल , जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय की गरिमामय उपस्थिति रही।

## सर्जरी कर महिला के पेट से निकाला 5 किलो का ट्यूमर



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम मंडल मैं देवदूत बंद कर सर्जन डॉक्टर पंकज पारिया ने एक 5 किलो का ट्यूमर एक महिला के पेट से निकालकर उस महिला को नई जिंदगी दी है यह मरीज भरुआ सुमेरपुर का निवासी है। राजरानी पति केदार उम्र 38 वर्ष भयंकर तरीके से परेशान दर्द की असहनीय पीड़ा से पीड़ित पेट भयंकर तरीके से फूला हुआ फटने की कगार पर था यह मरीज दिल्ली लखनऊ कानपुर इलाहाबाद सभी जगह डॉक्टरों को दिखा चुका था लेकिन कोई भी डॉक्टर इसको ऑपरेट करने को तैयार नहीं थे। हार थक कर वापस विमल नर्सिंग होम में पहुंचकर डॉ पंकज पारियां को दिखाया डॉ पंकज पारियां ने अल्ट्रासाउंड एक्सरे ब्लड की जांच है कुछ टेस्ट करा कर मरीज को ऑपरेट करने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने 1 घंटे के अंदर 5 किलो का ट्यूमर राज रानी के पेट से निकालकर अलग किया महिला को ऐसा लगा मानो उसे जिंदगी का सबसे बड़ा सुख मिल गया हो।

आपको बताते चलें कि डॉक्टर पंकज पारियां सर्जन है उन्होंने बताया यह मरीज बहुत ज्यादा दर्द से कराह रहा था 5 किलो का पेट में ट्यूमर पलना खतरे से खाली नहीं था आगे चलकर एक कैंसर बन जाता इसका पेट ब्लास्ट हो सकता था इसकी जान जा सकती किसके बताने के मुताबिक बड़े-बड़े शहरों में किसी डॉक्टर ने टच नहीं किया मैंने सकुशल इस मरीज का ऑपरेशन 45 मिनट के अंदर सर्जरी कर के ट्यूमर को बाहर निकाल दिया।

## पदोन्नति में एससी-एसटी के हक की टीचर्स एसोसिएशन ने की मांग



**चित्रकूट।** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध की अगुवाई में शिक्षकों ने प्रधानमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र एसडीएम सदर को सौंपा। सोमवार को सौंपे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नति प्रक्रिया में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के शिक्षकों का प्रतिनिधित्व पूरा किये बिना बैकलाक डाटा जारी किये बिना पदोन्नतियां होने व पुरानी पेंशन बहाल की जाये। एसोसिएशन ने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया नियम विरुद्ध चल रही है। बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में सहायक अध्यापक, प्रधानाध्यापक का पहले जातिवाद डाटा सम्पूर्ण प्रदेश में प्रकाशित किया जाये। अनुसूचित जनजाति को वैधानिक प्रतिनिधित्व पूरा किया जाये। डाटा जारी कर अनुसूचित जाति को 21 फीसदी प्रतिनिधित्व एवं अनुसूचित जनजाति के दो फीसदी प्रतिनिधित्व पहले दिया जाये।

## रामलीला भवन पर कब्जे का कुत्सित प्रयास कर रहे भूमाफियाः श्याम गुप्ता

● 20 जून को शांतियात्रा निकाल डीएम को ज्ञापन सौपेंगे हिन्दू संगठन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**श्री** राम लीला समाज की अतिआवश्यक बैठक पुरानी बाजार स्थित रामलीला भवन में धर्मयात्रा समिति के प्रान्त प्रमुख छेदी लाल तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन रामलीला समाज के प्रबंधक श्याम गुप्ता ने किया। बैठक के पूर्व विभिन्न विषयों में चर्चा के बाद श्याम गुप्ता ने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में भाजपा की सरकार में कथित हिन्दू विरोधी, भू-माफिया नियोजित तरीके से राम लीला भवन व उससे जुड़े परिसर को कब्जा करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। ताकि प्रदेश की दूसरी सबसे पुरानी रामलीला को येन केन बंद करा दिया जाए। इसी क्रम में सदन ने नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी सहित अन्य के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में उपस्थित समाजसेवी अभिमन्यु भाई ने कहा कि रामलीला के हित में पूरे समाज को एकजुट होकर राम लीला भवन व परिसर को बचाने के लिए अराजक तत्वों का पुरजोर विरोध करना पड़ेगा। हर जगह व्यवसायिक या सरकारी इस्तेमाल ही होता रहेगा या व्यक्ति खुली हवा में भी कहीं सांस ले सकेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता गया प्रसाद द्विवेदी ने नगर पालिका की क्रियाकलापों की पोल खोलते हुए कहा की पालिका प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के विपरीत क्रियाकलाप किए जा रहे हैं। जैसे कामदगिरि परिक्रमा क्षेत्र में जिस तरह से अतिक्रमण के नाम पर लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि धार्मिक सामाजिक कार्यों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## क्विक न्यूज

### खसरे की चपेट में आया खिरवा गांव

**कुराश।** विकास खंड क्षेत्र के खिरवा गांव में एक दर्जन से अधिक ग्रामीण चेचक रोग की चपेट में है। वही लोग इनको देवी निकलना मान कर पूजा अर्चना करते हैं। दो ग्रामीणों की हालत खराब होने पर कानपुर इलाज के लिए लेकर गए हैं। इसके पहले कस्बा में भी इसके मरीज निकले थे। जिनका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस मामले में अनजान बना हुआ है। क्षेत्र के खिरवा गांव में चेचक रोग की बीमारी से एक दर्जन लोग परेशान है। जिसमे नैना पुत्री धर्मेंद्र, सतेंद्र पुत्र अमर सिंह, बिक्रम पुत्र बीर सिंह, मांडवी पुत्री पप्पू , व सतेंद्र की मां इस बीमारी की चपेट में है। गांव निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि गांव में एक दर्जन लोग बीमार है इसकी जानकारी अस्पताल में दी गई है लेकिन अभी तक कोई कर्मचारी गांव नही आया है। उसने जानकारी देते हुए बताया कि इस बीमारी से ग्रसित दो लोगो की हालत खराब होने पर इलाज के लिए कानपुर लेकर गए हैं। इसके पहले कस्बा के वार्ड 9 एक दर्जन लोग इस बीमारी से परेशान थे।

### अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के नरायच और भमौरा के निकट एक नलकूप पर अधेड़ का शव पडा होने की सूचना से सनसनी फैल गयी पुलिस का मानना है कि अधेड़ की मृत्यु अधिक शराब पीने से हुई है। कोतवाली क्षेत्र के नरायच के निकट बाबू पुत्र रमजान खान के नलकूप के निकट सोमवार सुबह अधेड़ का शव मिलने से हडकंप मच गया।और देखते ही देखते घटना स्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।मृतक के पुत्र आशीष बाबू ने शव की पहचान अपने पिता इंद्रपाल(50)पुत्र मेडेलाल के रूप में की,और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस और पीआरबी ने मामले की जांच की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सपा की 51 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से अनुमोदित जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। जिसमें एक अध्यक्ष, छह उपाध्यक्ष, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, पंद्रह सचिव के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में 27 लोगों को शामिल किया गया है। इसके अलावा सभी छह विधानसभा अध्यक्षों को भी नियुक्त कर दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार शफीक उद्दीन, अजय पटेल, रीता प्रजापति, रामकृपाल सोनकर, शैलेंद्र कुमार पिंटू पासी व मो. शहजादे को जिला उपाध्यक्ष, चौधरी मंजरयार महासचिव, हर्ष गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सचिव पद पर राम बाबू यादव, वीरेंद्र तिवारी, जयकरन यादव, हीरालाल साहू, सुनील कोरी, दीपक कुमार डब्लू, नागेंद्र पाल, सुघर लाल यादव, अखिलेश सविता, राम किशोर प्रजापति, सलमान अहमद, प्रदुम नारायण निषाद, दिनेश सिंह परमार, शनि लोधी, श्रीचंद्र विश्वकर्मा को शामिल किया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में 27 लोग शामिल हैं।

### जन समस्याओं को लेकर भाकपा ने सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** भाकपा जिला सचिव मंडल ने का अमित यादव एड जिला सचिव की अगुवाई में जिलाधिकारी संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को सौंपा। सोमवार को सौंपे ज्ञापन में का अमित यादव ने कहा कि पूरे जिले में हर घर नल योजना के तहत सड़कों को ध्वस्त किया है। बरसात होने पर ग्रामीणों का आवागमन दूभर हो जाएगा। खराब सड़कों को तत्काल ठीक कराया जाये। गर्मी में पानी की किल्लत देखते हुए नलों में पानी की व्यवस्था की जाये। योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। राजपूत विद्यालय के पास शोभा सिंह के पुरवा में नाली निर्माण कराकर जलभराव से होने वाली जनहानि व संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को तत्काल रोका जाये। बरसात से पहले जिले की नालियों की सफाई कराई जाए। कोठी तालाब की सीढ़ियों का जीर्णोद्धार करायें। शासन जितने आवास दे रही है उससे ज्यादा गरीबों के आवास पर बुल्डोजरगीरी कर ध्वस्त किया जा रहा है। भाकपा बर्दाश्त नहीं करेगी। गरीब का घर रोड़ में आ रहा है तो उसे कहीं आवास दें।

### ऋण चुकता न करने पर अधिकारियों ने ट्रैक्टर किया कुर्क

**उरई, जालौन।** सहायक आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जेडीसीबैंक लि. सीएल प्रजापति ने अवगत कराया कि सहकारी समितियों एवं बैंको की वसूली के लिये शासन द्वारा समीक्षा की जा रही है, जिसके क्रम में सहकारिता विभाग द्वारा संघन वसूली अभियान संचालित किया जा रहा है। वसूली अभियान के अंतर्गत 19 जून 2023 को टीम सहकारिता द्वारा बकायेदार कृषकों से वसूली हेतु कुर्की आदेश प्राप्त कर तहसील कोंच क्षेत्र में सहकारिता के बकायेदार सन्तापन सिंह निवासी ग्राम खुटैला जो कि कैलिया समिति के सदस्य है का स्वराज ट्रैक्टर 735 को कुर्क कर थाना कैलिया में रखा गया। उक्त कृषक द्वारा बकाया धन जमा न करने की स्थिति में कुर्क किये गये ट्रैक्टर की 29 जून को पूर्वान्ह 10 बजे कैलिया समिति मुख्यालय पर नीलामी की जायेगी।

## ओबीसी संघ बुंदेलखण्ड ने समारोह में जन प्रतिनिधियों का किया अभिनंदन

● कालपी में ओबीसी की ज्यादातर जातियों का देखने को मिला समागम

● हर वार्ड में आयोजित किये जाएंगे युवा प्रेरणा सम्मेलन



**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**सोमवार** को कालपी कस्बा के मां गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अदल सराय में ओबीसी संघ द्वारा नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शिक्षाविद अशोक राठौर, महेवा ब्लॉक प्रमुख के पिता विष्णुपाल सिंह नन्नू राजा और नगर के युवा चेयरमैन अरविंद यादव समेत शहर के समस्त सर्वदलीय और सर्व समाज से निकल कर आये सभासदों का अभिनंदन किया गया जबकि संचालन ओबीसी संघ के संयोजक एड. डीसी सैनी वरिष्ठ पत्रकार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम साढ़े चार बजे भारत माता के पूजन से शुरू हुआ इसके बाद सभी का परिचय हुआ और अतिथियों के साथ साथ बूढ़े बुजुर्गो और संघ के संरक्षक मंडल में डा. सुरेश प्रजापति, रिटायर्ड दारोगा राम रतन यादव, वरिष्ठ एड. श्री राम बघेल, फूल सिंह कुशवाहा, सुखदेव राजपूत, श्रीराम बाथम, रिटायर्ड पेशकार ओपी सैनी, धर्मदास पाल आदि का ओबीसी संघ के अध्यक्ष राम बिहारी निषाद, महासचिव, वीर सिंह बघेल, श्याम यादव, फारूक अंसारी, राजू राईन एवं उपाध्यक्ष एड. राजेश यादव, मोनू प्रजापति, मुलायम प्रजापति, राजपाल प्रजापति, माता प्रसाद निषाद, सह सन्योजक अरविंद राठौर आदि ने माल्यार्पण किया।

## बलिया जिला अस्पताल में 11 और मरीजों की मौत

### पांच दिनों में मृतकों की संख्या बढ़कर 68 हुई

**बलिया।** बलिया जिला अस्पताल में भर्ती 11 और मरीजों की सोमवार को मौत हो गई। इसके साथ ही पिछले पांच दिनों में इस अस्पताल में मरने वालों की संख्या बढ़कर 68 हो गई है। बलिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) जयंत कुमार ने कहा,"पिछले 24 घंटों में कुल 178 नए रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 11 की मौत हो गई है। जिनकी मौत हुई है वे विभिन्न बीमारियों से पीड़ित थे"।

हालांकि, कुमार ने कहा कि रविवार तक जिले में लू से सिर्फ दो लोगों की मौत हुई है। सीएमओ ने मौत के मूल कारण पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए हर संभव इंतजाम किए गए हैं। इस बीच, जिला अस्पताल में संदिग्ध रूप से गर्मी के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों की वजह का पता लगाने के लिए लखनऊ से जिले में भेजी गई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निदेशक (संचारी रोग) डॉक्टर ए. के. सिंह और निदेशक (चिकित्सा) के. एन. तिवारी की दो सदर्स्ईय समिति ने जिले के बांसडीह क्षेत्र का दौरा किया, जहां सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। इन अधिकारियों ने जिला अस्पताल का भी औचक निरीक्षण किया। मौतों की संख्या में बढ़ोत्तरी पर तिवारी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा,"यह एक संयोग भी हो सकता है, क्योंकि उनमें से ज्यादातर पुरानी बीमारी वाले बुजुर्ग रोगी हैं"। तिवारी ने इस बात से इनकार किया कि भीषण गर्मी के कारण मौतें हो रही हैं। तिवारी ने कहा,"हम सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं कि क्या इन मौतों के पीछे कोई अंतर्निहित सामान्य कारण है। रोगियों से नमूने लिए जा रहे हैं और जांच चल रही है"। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) एस. के. यादव ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 400 से अधिक हो गई है। रोगियों से नमूने लिए जा रहे हैं और जांच चल रही है"। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) एस. के. यादव ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 400 से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल के अलावा जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पिछले कुछ दिनों में मरीजों की संख्या बढ़ी है।

## पेज एक का शेष

### आदिपुरुष पर...

**हम** केंद्र से आग्रह करते हैं कि फिल्म पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक फिल्म बनाने से पहले हिंदू धार्मिक नेताओं द्वारा इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। फिल्म आदिपुरुष के अमर्यादित संवाद और चरित्र चित्रण को लेकर मथुरा के गोविंद नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक सिनेमाघर पर सोमवार को पहले शो से पूर्व ही अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों और अन्य लोगों ने पहुंचकर नारेबाजी की। महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि उन संवादों से सनातन संस्कृति की छवि को बिगाड़ने का प्रयास किया गया है जिससे हमें बेहद पीड़ा महसूस हुई है। उन्होंने कहा कि वे लोग सेंसर बोर्ड का पुतला दहन करने आए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया। एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने वाराणसी के सिगरा स्थित आईपी मॉल पर विरोध प्रदर्शन किया और फिल्म के पोस्टर फाड़ डाले। वहीं, दूसरी तरफ राजधानी लखनऊमें हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने हजरतगंज थाने में तहरीर देकर फिल्म के अभिनेताओं, निर्माता और निर्देशक के खिलाफ प्राथमिकी पंजीकृत दर्ज करने की मांग की है। हालांकि, अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उधर, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने फिल्म आदिपुरुष को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा, लेकिन उन्होंने फिल्म का नाम नहीं लिया। सपा नेता यादव ने ट्वीट कर कहा, जो राजनीतिक आकाओं के पैसों से, उनके एजेंडे वाली मनमानी फिल्में बनाकर लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनकी फिल्मों को प्रमाणपत्र देने से पहले सेंसर बोर्ड को उनके राजनीतिक-चरित्र का प्रमाणपत्र देखना चाहिए। क्या सेंसर बोर्ड धृतराष्ट्र बन गया है? पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने ट्वीट कर कहा, सस्ते सतही संवाद वाले सिनेमा के जरिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और उनकी कथा के विराट तथा प्रेरक चरित्रों को संकुचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे करोड़ों आस्थावान सनातनी आहत हैं। इस कृत्य के लिए तथाकथित सनातनी भाजपाई देश से माफी मांगें। ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो। उत्तराखंड के हरिद्वार में भी आक्रोशित साधु-संतों ने सोमवार को केंद्र सरकार से फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की तथा चेतावनी दी कि ऐसा ना होने पर पूरे देश में आंदोलन छेड़ा जाएगा। रामायण के कथानक पर बनाई गई फिल्म के बारे में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द ने कहा कि यह फिल्म एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के तहत सनातन संस्कृति को बदनाम करने के लिए बनाई गई है और भगवान श्री राम और हनुमान जी के चरित्रों द्वारा बोले गए संवाद वास्तव में बहुत ही निंदनीय हैं। महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद ने आदिपुरुष बनाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए कहा कि फिल्म में जिस प्रकार से किरदारों को फिल्माया गया है, वह सनातन परंपरा के विरुद्ध है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में नालासपोरा स्थित एक मॉल में कुछ लोगों ने फिल्म की स्क्रीनिंग को बाधित किया। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि वे राष्ट्र प्रथम संगठन से हैं। गौरतलब है कि आदिपुरुष शुक्रवार को देशभर में हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषाओं में रिलीज हुई। फिल्म में अभिनेता प्रभास ने भगवान राम की, कृति सेनन ने सीता की और सैफ अली खान ने रावण की भूमिका निभाई है। ओम राउत द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज द्वारा निर्मित बड़े बजट वाली इस फिल्म के खराब संवादों को लेकर सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना हो रही है।

### भारत में...

लगभग डेढ़ दशक के अंतराल के बाद डेरा अनुयाई मनोहर लाल अरोड़ा (नवंबर 2020) और गांव उधमपुर (रोपड़) के पूर्व सरपंच अवतार सिंह (दिसंबर 2021) की हत्या तथा भर सिंह पुरा गांव के पुजारी प्रज्ञा ज्ञान मुनि की हत्या के प्रयास (जनवरी 2021) सहित कई आतंकी मामलों में निज्जर का नाम सुर्खियों में आया था। अधिकारियों ने कहा कि निज्जर ने सरे के पंजाबी गैंगस्टर अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला के साथ गठजोड़ किया था और बाद में अपनी आतंकवादी साजिशों को वित्तपोषित करने के लिए पंजाब और कनाडा दोनों जगह संगठित वित्तीय अपराधों में शामिल हुआ। इस कदम से निज्जर सरे-डेल्टा क्षेत्र में सक्रिय संघर्षरत आपराधिक गिरोहों के निशाने पर आ गया था। वर्ष 2019 की शुरुआत से अमेरिका के सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने निज्जर को कनाडा में तथाकथित रेफरेंडम 2020 अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। तब से निज्जर सरे-वैंकूवर क्षेत्र में एसएफजे द्वारा प्रायोजित प्रदर्शनों और रैलियों में दिखता रहा। अधिकारियों के अनुसार, जब उसके शव को कनाडा की पुलिस घटना स्थल से ले जा रही थी तो सिखों के एक समूह ने खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी नारे लगाए। हाल में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले में शामिल एक प्रमुख खालिस्तानी समर्थक अवतार सिंह पुरबा उर्फ खांडा की लंबी बीमारी के बाद बर्मिंघम शहर के एक अस्पताल में मौत हो गई। सिख फेडरेशन ब्रिटेन ने कहा कि अवतार सिंह ब्लड कैंसर से गंभीर रूप से बीमार था। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुमेध सिंह सैनी और वरिष्ठ अधिवक्ता राजविंदर सिंह बैंस की हत्या की साजिश में वांछित अवतार सिंह ब्रिटेन में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था।

### सम्मान लेंगे...

हालांकि, वर्ष 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार मिलने की खबर मिलते ही गोरखपुर और गीता प्रेस में खुशी की लहर दौड़ गई। हिंदू धार्मिक ग्रंथों और पुस्तकों का दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाशक गीता प्रेस है। इसकी स्थापना वर्ष 1923 में सनातन धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए जयदयाल गोयनका और घनश्याम दास जालान ने की थी। त्रिपाठी ने कहा कि प्रेस की स्थापना वैशाख शुक्ल त्रयोदशी के दिन 29 अप्रैल, 1923 को हुई थी। प्रेस अब तक 93 करोड़ से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन कर चुका है और प्रेस का समस्त प्रकाशन कार्य गोरखपुर में होता है। त्रिपाठी ने कहा कि वे 15 भाषाओं और।,800 प्रकार की पुस्तकें प्रकाशित करते हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पाठकों को दो करोड़ 40 लाख पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं।

## हनी ट्रैप में फंसे रिटायर्ड दारोगा ने गंवाए 24 लाख

### 14 लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** रिटायर्ड दारोगा के साथ साइबर अपराधियों नें 24 लाख की ठगी कर ली। अपने को बदमाशों के चंगुल में फंसा देखकर रिटायर्ड दारोगा नें 24 लाख की रकम बदमाशों को दे दी। मामले में 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना मऊदरवाजा के कुइयांबूट निवासी उपनिरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा कि एक युवती के मोबाइल पर फोन आने के बाद उनका नग्न फोटो बना लिया।

उनके बाद आरोपी सुस्मिता शर्मा उर्फ प्रिया शर्मा, आलोक शर्मा सीबीआई साइबर शाखा दिल्ली विशेष प्रकोष्ट दिल्ली, राहुल शर्मा आल इंडिया मीडिया प्रभारी, प्रमोद कुमार मौर्य, मऊदरवाजा फतेहगढ़, शिवखरवार मऊदरवाजा, शिव कुमार खरवार निवासी एचडीएफसी बैंक भलेपुर वाराणसी, रिंकू कुमार ऊधमपुर उत्तरांचल , गुलाम अशरफ निवासी बसखारा अंबेडकर नगर, अंकित मुखर्जी एचडीएफसी बैंक शाखा राना, चमन अब्बास शाखा एचडीएफसी बैंक आगरा, एडीजी प्रेम प्रकाश, मंदीप रथधाना रोड़ पटेल नगर, हर्ष सिकरवार यमुना आगरा (कमिश्नरेट) बड़क्का व छुटक्का पुत्र सोमपाल निवासी हमीरपुर राजेपुर ने मिली भगत कर रिटायर्ड दारोगा से 24 लाख की ठगी क्रम बद्द तरीके से की है। आरोपियों में कई तरह से उन्हें ब्लेकमेल किया।

उनके फोटो वायरल करने और आरोपी महिला सुस्मिता शर्मा उर्फ प्रिया शर्मा के आत्महत्या करने की धमकी देने और रिटायर्ड दारोगा के खिलाफ मुकदमा लिखने आदि कई प्रकार से दबाब बनाया और ठगी की गयी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच निरीक्षक रमेश कुमार यादव को दी गयी है।

# मोदी सरकार ने संप्रग से अधिक सरकारी नौकरियां दीं : जितेंद्र सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले नौ साल के कार्यकाल की तुलना में अधिक नौकरियां दी हैं। सिंह ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2004 से 2013 के बीच संप्रग सरकार ने छह लाख से कुछ अधिक सरकारी नौकरियां दी थीं जबकि मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में यह संख्या बढ़कर 8.82 लाख से अधिक हो गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) मोटे तौर पर केंद्र सरकार की तीन भर्ती एजेंसियां हैं।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अगर आप एसएससी के आंकड़ों को देखें तो 2004 से संप्रग सरकार के नौ साल के कार्यकाल में कुल भर्तियों की संख्या 2,07,563 थी जबकि मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में यह 4,00,691 है जो लगभग दोगुनी है।उन्होंने कहा कि संप्रग शासन के नौ वर्षों के दौरान यूपीएससी के माध्यम से केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्तियों की संख्या 45,431 थी, जबकि मोदी सरकार के तहत यह 50,906 थी।सिंह ने कहा कि आरआरबी ने संप्रग सरकार के नौ साल के कार्यकाल में 3.47 लाख से अधिक लोगों की भर्ती की और 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से 4.30 लाख से अधिक लोगों की भर्ती की।उन्होंने कहा, कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल बार-बार आरोप लगा रहे हैं कि रिक्तियां पुरानी हैं और भर्तियों के आंकड़े गलत दिखाए जा रहे हैं। रिकॉर्ड को स्पष्ट करने के लिए, हमने तथ्यों को पेश किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, बिना तर्क, सबूत, आंकड़े दिए उनके प्रवक्ता आरोप लगाते हैं, खासकर रोजगार मेले से पहले। उन्होंने कहा कि लेकिन भर्ती आंकड़ों के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि मोदी सरकार का प्रदर्शन पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की तुलना में बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, नवीनतम रोजगार मेला श्रृंखला में छठा आयोजन था।



सूरत के स्वामीनारायण मंदिर के प्रांगण में विश्व योग दिवस से पहले योग का रिहर्सल करते बच्चे

# नाबार्ड किसानों को कम पानी खपत वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करे : सीतारमण



**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री निर्मला सी**तारमण ने सोमवार को नाबार्ड से कहा कि वह किसानों को अधिक लाभदाई के साथ-साथ पानी की कम खपत करने वाली फसलों, खासकर मोटे अनाज, दलहन और तिलहन की ओर अपना रुख करने के लिए प्रोत्साहित करे।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की एक समीक्षा बैठक में सीतारमण ने इस कृषि-वित्त संस्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में ग्रामीण आय में सुधार के साथ जमीनी स्तर पर दक्षता और परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की सलाह दी। चालू अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 में श्री अन्न का उत्पादन और विपणन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। ऐसे में वित्त मंत्री ने नाबार्ड को किसानों को मोटे अनाज के तहत आने वाले खेती के रकबे को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने और पहले से ही मोटे अनाज उगाने वाले किसानों के लाभ की रक्षा करने का निर्देश दिया। वित्त मंत्रालय के ट्वीट में कहा गया है, वित्त मंत्री ने किसानों को अधिक लाभकारी लेकिन कम पानी की खपत वाली फसलों, विशेष रूप से बाजरा, दलहन और तिलहन की ओर बढ़ने के लिए जागरूक करने के ठोस प्रयासों पर जोर दिया। मंत्री ने नाबार्ड को ग्रामीण ऋण बढ़ाने के लिए कदम उठाने के अलावा पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान देने के साथ किसान उत्पादक संगठनों द्वारा जैविक उत्पादकों के एकत्रीकरण को सुविधाजनक बनाने का भी निर्देश दिया।एक अन्य ट्वीट में वित्त मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय बजट और प्रमुख योजनाओं से वित्तपोषित परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए 17 जून को एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया था।

# समान नागरिक संहिता के विरोध में उतरी जमीयत उलेमा-ए-हिंद

**भाषा। नई दिल्ली**

**प्रमुख मुस्लिम** संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने समान नागरिक संहिता से जुड़े मौजूदा कवायदों को नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान की आत्मा को नष्ट करने का एक प्रयास करार देते सोमवार को कहा कि यह मुस्लिम समुदाय के लिए अस्वीकार्य है क्योंकि इससे भारत की एकता एवं अखंडता को चोट पहुंचती है। जमीयत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने यह भी कहा कि नागरिक संहिता लाने के प्रयासों के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, बल्कि कानूनी दायरे में रहकर इसका विरोध होगा।गौरतलब है कि विधि आयोग ने हाल में कहा कि उसने समान नागरिक संहिता पर नए सिरे से विचार करने का फैसला किया है। आयोग ने सभी संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित किया है, जिनमें आम लोग और धार्मिक संगठनों के सदस्य शामिल हैं।अरशद मदनी के नेतृत्व वाले



जमीयत की रविवार रात इस विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संगठन ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि समान नागरिक संहिता संविधान में नागरिकों को अनुच्छेद 25, 29, 30 में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों के सरासर विरुद्ध है।जमीयत ने दावा किया, समान नागरिक संहिता लागू करने का विचार अपने आप में न केवल आश्चर्यजनक लगता है, बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि एक धर्म विशेष को ध्यान में रखकर बहुसंख्यकों को गुमराह करने के लिए अनुच्छेद 44 की आड़ ली जाती....आरएसएस के दूसरे सर संघचालक गुरु गोलवलकर ने कहा था कि समान नागरिक संहिता भारत के लिए अप्राकृतिक और इसकी विविधताओं के विपरीत है। संगठन का कहना है कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद पहले दिन से ही इस प्रयास का विरोध करती आई है क्योंकि वह मानती है कि समान नागरिक संहिता की मांग नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान की आत्मा को नष्ट करने का एक प्रयास है। उसने यह भी कहा, यह संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के विपरीत है, मुसलमानों को अस्वीकार्य है और देश की एकता और अखंडता के लिए हानिकारक है। संगठन के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा, यह मामला सिर्फ मुसलमानों का नहीं बल्कि सभी भारतीयों का है, जमीयत उलेमा हिंद अपने धार्मिक मामलों और इबादत से किसी भी तरह का समझौता नहीं कर सकती है। हम सड़कों पर प्रदर्शन नहीं करेंगे लेकिन कानून के दायरे में रहकर हर संभव कदम उठाएंगे।

## क्विक न्यूज

### मांझी की पार्टी हम ने नीतीश सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की

**पटना,।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने सोमवार को नीतीश कुमार सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांझी के पुत्र संतोष सुमन ने कहा कि समर्थन वापसी का पत्र सौंपने के लिए राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मिलने का समय मांगा गया है। पिछले हफ्ते कैबिनेट मंत्री के पद से इस्तीफा देने वाले सुमन ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने उनकी पार्टी पर जदयू में विलय के लिए दबाव डाला। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी निकाय ने भविष्य की कार्वाई पर निर्णय लेने के लिए सुमन को अधिकृत किया है। इसके बाद सुमन एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह विकल्प तलाशने के लिए दिल्ली जाएंगे और अगर भाजपा नीत गठबंधन उन्हें निमंत्रण देता है तो वह राष्ट्रीय जानतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आमंत्रण पर विचार करने को तैयार हैं। उन्होंने तीसरे मोर्चे की स्थापना के लिए विकल्प खुला रखने की भी बात कही।सुमन ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ दिल्ली में होने वाली बैठक की अपुष्ट खबरों के बारे में पूछे गए सवालों को टाल दिया। बिहार विधानसभा में चार विधायकों वाला दल हम पिछले साल महागठबंधन में उस समय शामिल हो गया था जब नीतीश कुमार ने भाजपा को छोड़ने का फैसला किया था।

### चेन्नई और उपनगरीय इलाकों में भारी बारिश, स्कूल बंद

**चेन्नई।** चेन्नई और इसके उपनगरीय इलाकों में रातभर हुई भारी बारिश से यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर अधिकारियों ने सोमवार को स्कूलों के लिए छुट्टी घोषित कर दी।बारिश के कारण सुबह दफ्तर जाने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं, शहर के कुछ हिस्सों में यातायात जाम से भी लोगों को परेशानी हुई।ग्रेटर चेन्नई नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि एक्कातुथंगल, अडयार और नन्गनल्लूर सहित कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं और निगम के कर्मचारी उन्हें उठाने का काम कर रहे हैं। मौसम विभाग के उप महानिदेशक एस. बालचंद्रन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, तिरुवन्नामलाई और कावेरी डेल्टा जिलों सहित अन्य जिलों में अगले 24 घंटों में भारी बारिश की संभावना है। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री के.के.एस.एस.आर. रामचंद्रन ने कहा कि सरकार ने हर जिलाधिकारी को राहत उपायों का ध्यान रखने और विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों से अग्रिम उपाय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि चेन्नई में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 4,000 कर्मियों और 260 पंप को तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा कि चेन्नई निगम की सहायता के लिए राज्य आपदा मोचन बल के सदस्यों को भेजा गया है। मंत्री ने कहा, अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। स्थानीय मौसम केंद्र ने बताया कि चेन्नई हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे के दौरान 16 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। दोहा, कोलंबो और दुबई से आने वाले विमानों सहित लगभग 10 विमानों को बेंगलुरु में उतारना पड़ा। हालांकि, कुछ घंटों बाद संचालन सामान्य हो गया। व्यासरपदी और बेसिन ब्रिज जंक्शन के बीच जलभराव के कारण दक्षिण रेलवे ने मैसूर, तिरुपति, कोयम्बटूर और मुंबई सहित कई अन्य क्षेत्रों की ओर जाने वाली रेल सेवाओं को आंशिक रूप से रद्द करने की घोषणा की।हालांकि, पिछले कुछ दिनों से शहर और इसके आसपास के जिलों में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को इस बारिश से राहत भी मिली।बारिश के कारण अधिकारियों ने वेल्लोर और रानीपेट के अलावा चेन्नई तथा पड़ोसी जिलों चेंगलपेट, कांचीपुरम तथा तिरुवल्लूर के स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है।मौसम विभाग ने शहर और इसके उपनगरों में सोमवार को और अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सुबह 10.30 बजे ट्वीट किए अपने बुलेटिन में कहा कि पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश चेन्नई हवाई अड्डे (16 सेंटीमीटर) और तारामणि (14 सेंटीमीटर) में हुई। वहीं, पड़ोसी तिरुवल्लूर जिले के चेम्बरमबक्कम में 13 सेंटीमीटर बारिश हुई।

### आईआईटी मद्रास ने पूर्व छात्रों एवं दानदाताओं रिकॉर्ड 231 करोड़ रुपए जुटाए

**चेन्नई।** तमिलनाडु में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने 2022-23 के दौरान अपने पूर्व छात्रों, कॉरपोरेट्स एवं व्यक्तिगत परोपकारी दानदाताओं से 231 करोड़ रुपए की राशि जुटाई है। संस्थान ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। आईआईटी मद्रास ने अपनी संबद्ध संस्थाओं के साथ यह ऐतिहासिक राशि जुटाई है और यह सामाजिक रूप से प्रासंगिक परियोजनाओं को लागू करने के लिए संस्थान द्वारा एक वित्तीय वर्ष में जुटाई गई सबसे बड़ी राशि है। संस्थान की ओर से यहां जारी बयान में कहा गया है, वित्त वर्ष 22 में 131 करोड़ रुपए की तुलना में धन जुटाने में साल-दर-साल 76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। संस्थान को एक करोड़ रुपए से अधिक का दान देने वाले दानदाताओं की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 64 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि पिछले 10 वर्षों में जुटाई गई कुल धनराशि 45 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी है और ए सीएसआर फंड और भारतत के साथ-साथ बहुराष्ट्रीय कॉर्पोरेट फर्मों के अनुदान के अतिरिक्त थे।

### चार छात्रों के शानदार प्रदर्शन

**मुंबई।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी उन्नाव शाखा के आकाश बायजूस के चार छात्रों ने प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2023 में प्रभावशाली परिणाम हासिल करके माता.पिता और संस्थान को गौरवान्वित किया है। टॉप स्कोरर सिद्धांत सिंह हैं जिन्होंने ।‚ 5402 हासिल कीए शिखर गुप्ता ने ।स्‌ 8063 औरश्रेणी ।.1069 हासिल कीए प्रखर द्विवेदी ने ।‚ 16600, अनुभव माहेश्वरी ने ।‚ 23296 और श्रेणी ।‚ 3678 हासिल की। आईआईटी गुवाहाटी ने आज नतीजों की घोषणा की। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डॉण्‌ एचआर राव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं।

# पंजाब मंत्रिमंडल ने सिख गुरुद्वारा कानून में संशोधन को मंजूरी दी

**भाषा।** चंडीगढ़



**पंजाब मंत्रिमंडल** ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से गुरबानी का निशुल्क सीधा प्रसारण सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटिश काल के सिख गुरुद्वारा अधिनियम में संशोधन को सोमवार को मंजूरी दे दी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब विधानसभा के दो दिवसीय सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को इस संबंध में विधेयक पेश किया जाएगा। वर्तमान में, स्वर्ण मंदिर से गुरबानी का प्रसारण पीटीसी द्वारा किया जाता है, जो एक निजी चैनल है जिसे अकसर शिरोमणि अकाली दल के बादल परिवार से जोड़ा जाता है। सिखों के शीर्ष धार्मिक निकाय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के इस कदम का विरोध करते हुए कहा कि 1925 का अधिनियम एक केंद्रीय कानून है और इसे केवल संसद द्वारा ही संशोधित किया जा सकता है। हालांकि पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा कि राज्य सरकार इस अधिनियम में संशोधन करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है क्योंकि उच्चतम न्यायालय हरियाणा के लिए एक अलग गुरुद्वारा कमेटी के मुद्दे पर पहले ही फैसला सुना चुका है कि यह अधिनियम कोई अंतर-राज्य अधिनियम नहीं, बल्कि एक राज्य अधिनियम है।एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री मान ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने सिख गुरुद्वारा अधिनियम में धारा 125ए जोड़कर संशोधन करने का फैसला किया है, जिससे यह एसजीपीसी की जिम्मेदारी बन जाएगी कि वह श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) से पवित्र गुरबानी का निशुल्क सीधा प्रसारण सुनिश्चित करे। मान ने कहा कि इस संशोधन को इस उद्देश्य से मंजूरी दी गई है कि पूरी मानवता मुफ्त में गुरबानी का सीधा प्रसारण सुन और देख सके। इस बीच, एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को आप सरकार के कदम की कड़ी निंदा की। धामी ने अमृतसर में मीडिया से कहा कि अधिनियम में कोई भी संशोधन केवल एसजीपीसी के जनरल हाउस (आम सभा) की सिफारिशों के तहत संसद के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान दिल्ली में अपनी पार्टी के नेतृत्व को ैखुशै करना चाहते हैं और दावा किया कि सिखों के धार्मिक मामलों को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने भी इस कदम को लेकर आप सरकार पर निशाना साधा। शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने इसे पंथ पर सीधा हमला बताया। हालांकि, मान ने दावा किया कि यह निर्णय दुनिया भर में सिख संगत की भावनाओं के अनुरूप है। मुख्यमंत्री ने इसे ैसभी के कल्याणै के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के उद्देश्य से दुनिया भर में ैसरब सांझी गुरबानौ का प्रसार करने के लिए समय की आवश्यकता बताया।मान ने कहा कि नए अधिनियम को सिख गुरुद्वारा (संशोधन) अधिनियम, 2023 कहा जाएगा और यह आधिकारिक राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से लागू होगा।

### कर्नाटक में गोकशी से बचें मुसलमान, कानून अब भी लागू: मौलाना कासमी

**बेंगलुरु।** जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती इफ्तेकार कासमी ने मुसलमानों को बकरीद के दौरान गोकशी के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा है कि हालांकि राज्य में सरकार बदल गई है, लेकिन पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा लाया गया कानून अभी भी लागू है। कासमी ने मुसलमानों को सलाह दी कि वे कानूनी अड़चनें पैदा न करें और उपद्रवियों को कोई व्यवधान पैदा करने की स्थिति न बनने दें क्योंकि कर्नाटक वध रोकथाम और पशु संरक्षण अधिनियम को निरस्त नहीं किया गया है। कासमी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, खास जानवर की एक बड़े समुदाय द्वारा पूजा की जाती है और इसे गौ माता कहा जाता है। इस संदर्भ में, (पशु) की बलि देने की सलाह नहीं दी जाती, जब पहले से ही कानून है जो विशेष पशु की कुरबानी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा, हम कानूनी अड़चनें पैदा न करें और बकरीद के अवसर पर बड़े जानवरों की कुरबानी के नाम पर गड़बड़ी पैदा करने वालों को उपद्रव न करने दें।

# भारत की एक्ट ईस्ट नीति में वियतनाम महत्वपूर्ण स्तम्भ : राष्ट्रपति



**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति में वियतनाम एक महत्वपूर्ण स्तम्भ तथा हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण में देश का अहम सहयोगी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बात तब कही जब वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग ने राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुर्मू ने कहा कि दोनों देश 2,000 से अधिक वर्षों के सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों का एक समृद्ध इतिहास साझा करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति में वियतनाम एक महत्वपूर्ण स्तम्भ तथा हमारे हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण में अहम सहयोगी है।उन्होंने कहा कि भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, कारोबार एवं निवेश संबंध, ऊर्जा सुरक्षा, विकास सहयोग, सांस्कृति एवं लोगों के बीच सम्पर्क सहित द्विपक्षीय सहयोग के आयाम को विस्तार दिया है। मुर्मू ने कहा कि दोनों देशों के बीच गठजोड़ में रक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत और वियतनाम रक्षा सहयोग क्षमता निर्माण, औद्योगिक सहयोग, शांति रक्षा एवं संयुक्त अभ्यास सहित व्यापक क्षेत्र में हैं।

# अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग मोदी की यात्रा का प्रमुख एजेंडा

**भाषा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी 21 से 23 जून तक अमेरिका की महत्वपूर्ण यात्रा पर रहेंगे जिसमें दोनों पक्षों के बीच रक्षा सह उत्पादन, सह विकास में करीबी सहयोग के लिए रक्षा औद्योगिक सहयोग का खाका पेश होने तथा उभरते एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित कई अहम क्षेत्रों में सहयोग के ठोस परिणाम सामने आने की उम्मीद है। मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा, यह दोनों देशों के संबंधों को लेकर मील का पत्थर है। यह एक महत्वपूर्ण यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान रक्षा औद्योगिक सहयोग खाका सामने आने की उम्मीद है। क्वात्रा ने कहा, हम इस यात्रा को काफी गहरे और व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखते हैं और पाते हैं कि इस यात्रा को लेकर अमेरिका में अत्यंत सकारात्मक रुचि है। हम नए क्षेत्र में सहयोग को लेकर प्रतिबद्ध और लक्षित हैं जो दोनों देशों और समाज को लेकर महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ दुनिया के लिए भी सकारात्मक योगदान देने की क्षमता वाले हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा में रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप , उभरते एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग तथा दूरसंचार, अंतरिक्ष, विनिर्माण क्षेत्र में संबंधों को विस्तार देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। क्वात्रा ने कहा, अगर आप भारत-अमेरिका रक्षा गठजोड़ के परिदृश्य को देखें तब यह काफी मजबूत एवं विविधतापूर्ण है। इसमें ऐसे सभी तत्व हैं जो इसे काफी महत्वपूर्ण बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें रक्ष सह उत्पादन और सह विकास से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा हो सकती है। क्वात्रा ने कहा, दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर अनेक अभ्यास हुए हैं, इसमें कुछ द्विपक्षीय और कुछ क्षेत्रीय प्रकृति के रहे हैं। सशस्त्र बलों के बीच भी स्टाफ स्तर पर संपर्क हैं। भारत ने अमेरिकी उपकरणों की तैनाती की है और इनका उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह दोनों देशों के साथ पहले से ही मजबूत संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा करेंगे। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम भारत और अमेरिका के बीच मजबूत प्रौद्योगिकी गठजोड़ बनाना और आर्थिक संबंधों को बेहतर बनाना है। क्वात्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच रक्षा सह उत्पादन और सह-विकास से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा हो सकती है। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के महत्वपूर्ण पहलुओं एवं रक्षा सहयोग के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में विदेश सचिव ने कहा, भारत, अमेरिका के रक्षा सहयोग को एक सीमित दृष्टि से देखने के बजाय, इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमारा सहयोग काफी व्यापक है। इसके कई महत्वपूर्ण भाग हैं। इसके एक नए भाग पर हम काफी ध्यान दे रहे हैं कि भारत और अमेरिका के रक्षा उद्योग अपना द्विपक्षीय सहयोग कैसे बढ़ा सकते हैं।

# चेन्नई-बंगलुरू में नहीं खेलना चाहता पाकिस्तान

## वनडे विश्व कपः अफगानिस्तान के स्पिनरों से चिंतित



**भाषा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान कुछ विशिष्ट स्थलों में कुछ टीमों के खिलाफ खेलने को लेकर सहज नहीं है जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ चेन्नई और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू में खेलना शामिल है। एशिया कप के आयोजन को लेकर गतिरोध समाप्त हो गया है और अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए पाकिस्तान के भारत आने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदबाद में होने की संभावना है। विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पीसीबी सहित सभी सदस्य बोर्ड से प्रस्तावित कार्यक्रम पर सुझाव मांगे हैं। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बोर्ड के आंकड़े, विश्लेषक और टीम रणनीति विशेषज्ञ को उन आयोजन स्थलों को स्वीकृति देने का काम सौंपा गया है जहां आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 50 ओवर के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान के मुकाबलों का अस्थाई कायक्रम तैयार किया है। सूत्र ने कहा, पीसीबी ने टीम का अस्थाई कार्यक्रम चयनकर्ताओ ंविशेषज्ञों के पास भेजा है जो संभवतः पाकिस्तान टीम के कुछ मुकाबलों के कार्यक्रम और स्थल को लेकर सहज नहीं हैं। जैसे कि उन्हें चेन्नई में अफगानिस्तान और बेंगलुरू में ऑस्ट्रेलिया से खेलने को लेकर आपत्ति है। चेन्नई की स्पिन की अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान से खेलने का मतलब है कि पाकिस्तान को राशिद खान और नूर अहमद जैसे स्पिनरों का सामना करना होगा जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में गुजरात टाइटंस की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया। बेंगलुरू की पिच आम तौर पर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है और यह समझना मुश्किल है कि आखिर क्यों पाकिस्तान को चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से खेलने में आपत्ति है। पीसीबी सूत्र ने कहा कि चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान के खिलाफ आयोजन स्थल के रूप में चेन्नई को स्वीकार नहीं करने की सलाह बोर्ड को दी है क्योंकि यह ऐसा स्थल है जो एतिहासिक रूप से और आंकड़ों के लिहाज से स्पिनरों के अनुकूल है। सूत्र ने दावा किया, बोर्ड को सुझाव यह है कि आईसीसीबीसीसीआई को पाकिस्तान के मैचों का कार्यक्रम बदलने को कहा जाए और टीम के मजबूत पक्ष के अनुसार बेंगलुरू में अफगानिस्तान और चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया से खेला जाए। हालांकि बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी का सदस्यों से कार्यक्रम पर सुझाव मांगना प्रोटोकॉल का हिस्सा है और आयोजन स्थल में बदलाव के लिए ठोस कारण होना चाहिए। सदस्य बोर्ड सुरक्षों कारणों से आयोजन स्थल में बदलाव की मांग कर सकते हैं जैसे पाकिस्तान ने 2016 में किया था जब वे टी20 विश्व कप के लिए भारत आए थे। अगर आपने अपनी टीम के मजबूत और कमजोर पक्षों के अनुसार स्थल पर आपत्ति जतानी शुरू कर दी तो कार्यक्रम को अंतिम रूप देना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इसलिए जब तक पर्याप्त ठोस कारण नहीं होता तब तक स्थल में बदलाव नहीं होता। सूत्र 2016 टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले को धर्मशाला से कोलकाता स्थानांतरित करने के संदर्भ में कह रहे थे। पिछले महीने पीसीबी ने नई राष्ट्रीय चयन समिति की घोषणा की थी जिसमें पहली बार हसन चीमा को राष्ट्रीय टीम के सचिव, प्रबंधन विश्लेषक और टीम रणनीतिकार के रूप में शामिल किया गया है।

## हसारंगा के छह विकेट से श्रीलंका ने यूएई को 175 रन से रौंदा

### विश्व कप क्वालीफायर

**बुलावायो।** लेग स्पिनर वानिंदु हसारंगा के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (24 रन देकर छह विकेट) की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात की कमजोर टीम को 175 रन से रौंदकर आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर ग्रुप लीग मे अपना अभियान आरंभ किया। श्रीलंका के सभी शीर्ष क्रम खिलाड़ियों ने अर्धशतक जड़े जिससे टीम ने 50 ओवर मे छह विकेट पर 355 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें चरिथ असालंका और हसारंगा (12 गेंद मे नाबाद 23 रन) की अंत मे खेली पारियो का भी योगदान रहा। हसारंगा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शीर्ष पांच मे से तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया जिससे पूरी टीम 39 ओवर मे 180 रन पर सिमट गई। छह विकेट चटकाने के दौरान हसारंगा ने 50 वनडे विकेट चटकाने की उपलब्धि भी हासिल की। श्रीलंकाई पारी मे कुसाल मेंडिस 63 गेंद मे 78 रन की पारी के दौरान 10 चौके जड़कर स्टार रहे। उन्होंने सादिरा समरविक्रमा के साथ 105 रन की साझेदारी भी निभाई जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने मे सफल रही। समरविक्रमा ने रन आउट होने से पहले 64 गेंद में 73 रन बनाए। उनके आउट होने से यूएई को अंतिम छह ओवर मे स्कोर पर लगाम कसने की उम्मीद जगी। लेकिन चरिथ असालंका ने महज 23 गेंद मे नाबाद 48 रन जड़ दिए। हसारंगा ने अंतिम ओवर में तीन बाउंड्री लगाकर स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। ग्रुप के एक अन्य मैच मे ओमान ने 282 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड को पांच विकेट से शिकस्त दी जो क्वालीफायर टूर्नामेंट का पहला उलटफेर रहा। आयरलैंड ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद हैरी टेक्टर (52 रन) और जॉर्ज डॉकरेल (91 रन) के अर्धशतकों की बदौलत सात विकेट पर 281 रन बनाए। लेकिन एशियाई देश ने कश्यप प्रजापति (72 रन), आकिब इल्यास और जीशान मकसूद (59 रन) के अर्धशतकों से 11 गेंद रहते यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

## मियांदाद ने कहा, भारत को पहले आना चाहिए



**कराची।** दिग्गज बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा है कि पाकिस्तान को इस साल होने वाले आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) विश्व कप सहित अन्य मुकाबलों के लिए तब तक पड़ोसी देश में नही जाना चाहिए जब तक कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी टीम को पहले उनके देश भेजने के लिए राजी नही होता। आईसीसी द्वारा तैयार एकदिवसीय विश्व कप के मसौदा कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान को बहुप्रतीक्षित मुकाबले मे 15 अक्टूबर को अहमदबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे भारत से भिड़ना है। हालांकि पाकिस्तान के 66 साल के पूर्व कप्तान मियांदाद का मानना है कि अब भारत की बारी है कि वह पाकिस्तान का दौरा करे। पाकिस्तान 2012 और यहां तक कि 2016 मे भारत गया और अब भारतीयों की बारी है कि वे यहां आएं। अगर मुझे फैसला करना होता तो मै कभी भी कोई मैच खेलने भारत नही जाता, यहां तक कि विश्व कप भी नही। हम हमेशा उनके (भारत के) साथ खेलने के लिए तैयार रहते है लेकिन वे कभी इसी तरह की प्रतिक्रिया नही देते। पाकिस्तान का क्रिकेट बड़ा है... हम अब भी स्तरीय खिलाड़ी तैयार कर रहे है।

## खबरें स्टेडियम से

### मिटु मुखर्जी की जगह श्यामा साव महिला चयन समिति में, नायडू लड़कों की अंडर 19 चयन समिति के प्रमुख

**मुंबई।** बंगाल और रेलवे की पूर्व क्रिकेटर श्यामा साव को सोमवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय चयन समिति मे चुना गया जो मिटु मुखर्जी की जगह लेंगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति मे कहा , क्रिकेट सलाहकार समिति ने महिला चयन समिति और जूनियर क्रिकेट समिति मे एक चयनकर्ता के पद के लिए आवेदनों पर विचार किया। बाएं हाथ की बल्लेबाज और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज 51 वर्ष की साव ने 1995 मे तीन टेस्ट मे भारत का प्रतिनिधित्व करके दो अर्धशतक लगाए और पांच विकेट लिए। घरेलू सर्किट मे साव ने बंगाल के लिए 1985 से 1997 के बीच मे खेला और 1998 से 2002 के बीच रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। वह दो बार बंगाल के चयनकर्ता भी रही। मुखर्जी का कार्यकाल समाप्त हो गया है जो सितंबर 2020 मे नियुक्त हुई थी। उन्होंने एन श्रीनिवासन के बीसीसीआई अध्यक्ष रहते दो साल का कार्यकाल पूरा किया था। बीसीसीआई ने वी एस तिलक नायडू को जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष बनाया। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज नायडू ने 93 प्रथम श्रेणी मैचों मे कर्नाटक, दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी मे दक्षिण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वह जूनियर चयन समिति मे एस शरत की जगह लेंगे जो अब सीनियर चयन समिति का हिस्सा हैं।

### घुटने की चोट के कारण किर्गियोस हाले ओपन से बाहर

**हाले।** पिछले साल विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के उप विजेता रहे निक किर्गियोस ने घुटने की चोट के कारण सोमवार को हाले ओपन से हटने का फैसला किया। वह लंबे समय से घुटने की चोट से जूझ रहे है। टूर्नामेंट की वेबसाइट पर किर्गियोस ने एक बयान में कहा, पिछले दो दिन मे मैंने हाले मे हर चीज करने का प्रयास किया लेकिन फिर मुझे हटने का फैसला करना पड़ा। मै पिछले साल की तरह अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, जब मै सेमीफाइनल मे पहुंचा था। लेकिन अब यह संभव नही है। किर्गियोस ने जनवरी में घुटने की सर्जरी कराई थी और अक्टूबर के बाद पिछले हफ्ते टेनिस कोर्ट पर लौटे थे लेकिन स्टुटगार्ट ओपन में उन्हे वु यिबिंग से सीधे सेट में हार मिली।

### एसएससीबी ने युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप जीता

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन सेना खेल नियंत्रण बोर्ड ने सिक्किम के गंगटोक में छठी युवा पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप मे खिताब जीत लिया। हरियाणा और चंडीगढ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। हरियाणा ने चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते जबकि चंडीगढ ने दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। एसएससीबी के मुक्केबाजों ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल मे पहुंचने वाले उसके 11 मे से नौ खिलाड़ी विजई रहे। एसएससीबी ने 13 पदक जीते जिसमें दो रजत और दो कांस्य शामिल थे। रिषि (48 किलो) और आर्यन (51 किलो) ने क्रमशः बिहार के राहुल और मणिपुर के थोकचोम सिंह को 5 . 0 से हराया।वही 54 किलो वर्ग मे एसएससीबी के आशीष ने कड़े मुकाबले मे सिक्किम के जयंत डागर को शिकस्त दी। सेना के लिए निखिल (57 किलो), एम हंथोइ (60 किलो), अंकुश (67 किलो) , प्रीत मलिक (71 किलो), योगेश (75 किलो) और आर्यन (86 किलो) ने स्वर्ण पदक जीते। एशियाई जूनियर चैम्पियन भरत जून (92 किलो) ने हरियाणा के लिए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने) पर सेना के हर्ष को हराया।

### आडवाणी ने भारत को अफगानिस्तान व मलेशिया पर जीत दिलाई

**तेहरान।** कई बार के विश्व चैम्पियन और एशियाई खेलो के स्वर्ण पदक विजेता पंकज आडवाणी की अगुआई मे टीम इंडिया। ने यहां एशियाई टीम स्नूकर चैम्पियनशिप के ग्रुप चरण के मैचों मे दो शानदार जीत हासिल की। भारत ने अफगानिस्तान और मलेशिया को 3-0 के समान अंतर से शिकस्त दी जिसमे आडवाणी दोनो मैच मे खेले। अफगानिस्तान के खिलाफ आडवाणी ने मोहम्मद नूर जई को 54-07 से जबकि लक्ष्मण रावत ने सालेह मोहम्मद को 75-17 से हराया। भारत ने डबल्स फ्रेम 68-41 के अंतर से जीता। मलेशिया के खिलाफ मैच में आडवाणी ने मोह कीन हू को 109-13 से मात दी। आदित्य मेहता ने थोर चुआन लियोग की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए 60-47 से जीत दर्ज की जिसके बाद भारत ने डबल्स फ्रेम 57-46 से जीता। भारत ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है लेकिन टीम अपना अंतिम लीग मैच संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेलेगी।

### बॉबी ने याद किया, कैसे पिता की दुखद दुर्घटना के बाद मिला हॉकी करियर को आकार

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान बॉबी सिंह धामी का मानना है कि उनके अब तक के करियर मे नियति की बड़ी भूमिका थी क्योंकि अगर उनके जीवन में व्यक्तिगत त्रासदी नही होती तो उन्होने कभी हॉकी स्टिक नही उठाई होती। बॉबी केवल 10 साल के थे जब उनके पिता श्याम सिंह धामीसड़क दुर्घटना का शिकार हुए और उनकी मां को उन्हे टनकपुर मे उनके मामा के साथ रहने के लिए भेजने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो रहा था। टनकपुर मे ही बॉबी ने अपने मामा प्रकाश के साथ प्रतएक दिन मैदान पर जाने के दौरान खेल के प्रति रुचि विकसित की।

### अमेरिका ने कनाडा को हराकर कोनकाकाफ नेशन्स लीग का खिताब जीता

**लास वेगास।** फ्लोरियन बेलोगन और क्रिस रिचर्ड्स के पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से अमेरिका ने रविवार को यहां कनाडा को 2-0 से हराकर लगातार दूसरा कोनकाकाफ नेशन्स लीग फुटबॉल खिताब जीता। रिचर्ड्स ने 12वें मिनट में कॉर्नर किक पर गोल दागकर अमेरिका को बढ़त दिलाई। गुरुवार को मैक्सिको पर अमेरिका की 3-0 की जीत के दौरान पदार्पण करने वाले बेलोगन ने इसके बाद 34वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।

### हरियाणा ने महाराष्ट्र को 4-0 से हराया

**अमृतसर।** हरियाणा ने अंत में दो गोल की मदद से सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप मे ग्रुप बी के दूसरे मैच मे यहां महाराष्ट्र पर 4-0 से जीत हासिल की। पिछले मैच में महाराष्ट्र को मणिपुर से।-3 से हार का सामना करना पड़ा था। रेणु रानी ने प्रत्एक हाफ मे एक एक गोल दागकर हरियाणा को बड़ी जीत दिलाई। ग्रुप के अन्य मुकाबलों में रेलवे ने हिमाचल प्रदेश को 7-। से रौंदा जबकि मणिपुर ने पश्चिम बंगाल को 3-2 से शिकस्त देकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

### मुंबई ने आकाश मिश्रा से करार किया, हैदराबाद से जुड़े

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र से पहले सोमवार को आकाश मिश्रा से करार की घोषणा की जो हैदराबाद एफसी से इस क्लब से जुड़ेंगे। मुंबई सिटी एफसी की विज्ञप्ति के अनुसार मिश्रा पांच साल के करार के लिए क्लब से जुड़ेंगे, लेकिन उन्हे मिलने वाली राशि की जानकारी का खुलासा नही किया गया। आईएसएल के लिए एक क्लब से दूसरे क्लब से जुड़ने की ट्रांसफर विंडो नौ जून से शुरु हुई और 31 अगस्त तक खुली रहेगी। मिश्रा 2020-21 सत्र मे हैदराबाद एफसी से जुड़े थे और इससे अगले सत्र में टीम के आईएसएल विजई अभियान का हिस्सा रहे थे।

### भारतीय फुटबॉल टीम ने ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को 20 लाख रुपए दान दिए

**भुवनेश्वर।** भारतीय फुटबॉल टीम ने इंटरकॉन्टिनेटल कप खिताब जीतने के लिए ओडिशा सरकार द्वारा मिले नकद पुरस्कार का एक हिस्सा राज्य में हाल में हुई बालासोर ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए देने का फैसला किया। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने यहां इंटरकॉन्टिनेटल कप खिताब जीतने के लिए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एक करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की जिसमें से कोच इगोर स्टिमक के खिलाड़ियों ने मिलकर 20 लाख रुपए दान देने का फैसला किया।

### मेस्सी के बिना अर्जेंटीना ने दोस्ताना मैच जीता

**जकार्ता।** लियोनेल मेस्सी के बिना उतरी अर्जेंटीना टीम ने दोस्ताना फुटबॉल मैच मे इंडोनेशिया को 2-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना के लिए मिडफील्डर लिएंड्रो पारेदेस ने पहले हाफ मे गोल किया जबकि दूसरा गोल डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो ने दूसरे हाफ में किया। मेस्सी बृहस्पतिवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बीजिंग में 2 .। से मिली जीत में टीम का हिस्सा थे। कोच लियोनेल स्कालोनी ने आराम के लिए उन्हे घर लौटने की अनुमति दे दी।

## भवानी देवी ने कांस्य पर छोड़ा तीर

### एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपियन सीए** भवानी देवी ने सोमवार को चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप की महिला सेबर स्पर्धा के सेमीफाइनल में हार के बावजूद कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। यह इस प्रतियोगिता में भारत का पहला पदक है। सेमीफाइनल में भवानी को उज्बेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 14-15 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया।भवानी ने क्वार्टर फाइनल में गत विश्व चैंपियन जापान की मिसाकी एमुरा को 15-10 से हराकर उलटफेर किया था। मिसाकी के खिलाफ यह भवानी की पहली जीत थी। इससे पहले उन्होंने जापान की खिलाड़ी के खिलाफ अपने सभी मुकाबले गंवाए थे। भवानी को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी जिसके बाद अगले दौर में उन्होंने कजाखस्तान की डोस्पे करीना को हराया। भारतीय खिलाड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में भी उलटफेर करते हुए तीसरी वरीय ओजाकी सेरी को 15-11 से हराया। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव



राजीव मेहता ने भवानी को उनकी एतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। मेहता ने पीटीआई से कहा, यह भारतीय तलवारबाजी के लिए बेहद गौरवपूर्ण दिन है। भवानी ने वह किया है जिसे इससे पहले कोई और हासिल नहीं कर पाया। वह प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज हैं। पूरे तलवारबाजी जगत की ओर से मैं उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, भले ही वह सेमीफाइनल में हार गई लेकिन मुकाबला काफी करीबी था। सिर्फ एक अंक का अंतर था। इसलिए यह बड़ा सुधार है। ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं भवानी तोक्यो खेलों में राउंड ऑफ 32 से बाहर हो गईं थी।

## एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में भारत का सामना उजबेकिस्तान से

**पाथुम थानी (थाईलैंड)।** इंटर कॉंटिनेंटल कप में सीनियर टीम की जीत से प्रेरित भारतीय जूनियर टीम एएफसी अंडर 17 एशियाई कप में मंगलवार को यहां उजबेकिस्तान से खेलेगी। एक अंक हासिल कर चुकी भारतीय टीम ग्रुप डी के मैच में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। भारत ने पहले मैच में वियतनाम से 1-1 से ड्रॉ खेला था। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने कहा , हमारे लिए यह बहुत जरूरी है कि उजबेकिस्तान के खिलाफ शांतचित्त होकर खेलें। हमारे पास एक अंक है जो अच्छी शुरूआत है। इस समय ग्रुप में सभी टीमों के पास एक एक अंक है और एक अच्छा नतीजा मिलते ही हमारा पलड़ा भारी हो जाएगा।

## जीत के लिए आस्ट्रेलिया के सामने 281 रन का लक्ष्य

### पहले एशेज टेस्ट



**भाषा।** बर्मिंघम

**आस्ट्रेलिया को** पहला एशेज टेस्ट जीतने के लिए 281 रन की जरूरत है चूंकि इंग्लैंड की टीम चौथे दिन चाय तक दूसरी पारी में 273 रन पर आउट हो गई। आस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन ने 80 रन देकर चार और कप्तान पैट कमिंस ने 63 रन देकर चार विकेट लिए। ओली रॉबिनसन ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली। उन्होंने आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को 141 रन पर आउट करने के बाद उन्हें अपशब्द कहे थे। रॉबिनसन ने नौवें विकेट के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ 27 रन जोड़े थे। इंग्लैंड के लिए सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने टीम को 270 रन के पास पहुंचाया। वह कमिंस की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। इसी मैदान पर 2005 में आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 282 रन की जरूरत थी और टीम दो रन से हार गई थी। इस बार उसे 281 रन की जरूरत है और उसके बाद शीर्ष तीन रैंकिंग वाले बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड हैं। इंग्लैंड के पहली पारी के आठ विकेट पर 393 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 386 रन बनाए थे।

## मध्यांतर के समय कोच की फटकार ने आंखें खोल दीः छेत्री

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा है कि मुख्य कोच इगोर स्टिमक से मध्यांतर में मिली फटकार आंखें खोलने वाली थी जिसकी भारत को इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीतने के लिए जरूरत थी। भारत पहले हाफ में लेबनान के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहा था लेकिन दूसरे हाफ में सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल के अलावा लालियानजुआला छांगटे के गोल की मदद से रविवार रात फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने में सफल रहा। छेत्री ने कहा, मध्यांतर के समय बॉस ने फटकार लगाई। हम पिछले मैच के अपने प्रदर्शन के आसपास भी नहीं थे।

## आईओए की तदर्थ समिति पांच अमान्य प्रदेश ईकाइयों से 21 को करेगा सुनवाई

### भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव की तैयारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय कुश्ती** महासंघ के चुनाव की तैयारी में जुटी भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने सोमवार को पांच विवादित प्रदेश ईकाइयों को 21 जून को सुनवाई के लिए बुलाया है और मतदाता सूची तैयार करने के लिए नामांकन जमा करने की तारीख भी दो दिन के लिए बढ़ा दी है। प्रदेश ईकाइयों को मतदाता सूची तैयार करने के लिए नाम भेजने की तारीख 19 जून दी गई थी जो बढाकर 21 जून कर दी गई है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, हिमाचल, हरियाणा और राजस्थान की अमान्य ईकाइयों ने हाल ही में तदर्थ समिति से संपर्क करके दावा किया था कि वे मतदाता सूची में सदस्यों को नामित करने के पात्र हैं और छह जुलाई को होने वाले चुनाव में उन्हें भाग लेने का अधिकार है। सहायक निर्वाचन अधिकारी तापस कुमार भट्टाचार्य द्वारा जारी एक सूचना में कहा गया , निर्वाचन अधिकारी ने उक्त प्रतिनिधियों को सुनवाई के लिए 21 जून को तीन से चार बजे के बीच बुलाया है। इसके लिए मतदाता सूची तैयार करने के लिए नामांकन भेजने की सीमा बढाकर 21 जून को रात 12 बजे तक कर दी गई है। डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान महासचिव वी एम प्रसूद भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहेंगे। डब्ल्यूएफआई ने हरियाणा और महाराष्ट्र की प्रदेश ईकाइयों को जून 2022 में भंग करके नई ईकाइयों को नियुक्त किया था। शरद पवार की अध्यक्षता वाली महाराष्ट्र ईकाई ने बंबई उच्च न्यायालय की शरण ली थी। जिसने प्रदेश ईकाई को भंग करने के डब्ल्यूएफआई के फैसले को अवैध करार देकर 31 जुलाई को हुए चुनाव भी रद्द कर दिए थे। डब्ल्यूएफआई अधिकारियों ने हरियाणा ईकाई को भंग कर दिया था क्योंकि पदाधिकारी अपने कार्यकाल से अधिक समय तक जमे हुए थे।

## दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त तीसरे स्थान पर रही

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) पर करियर के दूसरे खिताब से चूक गई और यहां 2023 अमुडी जर्मन मास्टर्स मे संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। दीक्षा ने एलईटी पर पिछले चार टूर्नामेंट मे तीसरी बार शीर्ष 10 मे जगह बनाई है। इस दौरान जर्मन मास्टर्स मे उन्होने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पिछले साल लाकोस्टे ओपन डि फ्रांस टूर्नामेंट के बाद यह दीक्षा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दीक्षा अंतिम दौर मे आठ होल के बाद एक समय 14 अंडर के स्कोर से शीर्ष पर भी थी लेकिन नौवें, 10वें और 11वे होल मे बोगी के साथ खिताब की दौड़ मे पिछड़ गई। चेक गणराज्य की क्रिस्टीना नेपोलियोवा ने पहले प्ले ऑफ होल मे बर्डी के साथ इंग्लैंड की कारा गेनर को पछाड़कर खिताब जीता। दोनो का कुल स्कोर 14 अंडर था।

## अदिति इस साल चौथी बार एलपीजीए में शीर्ष 10 में

**बेलमोंट (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां अंतिम दौर मे पांच अंडर 67 के स्कोर से एलपीजीए क्लासिक मे संयुक्त रूप से आठवां स्थान हासिल किया।अदिति का स्कोर 11 होल के बाद एक अंडर था लेकिन अंतिम सात होल मे चार बर्डी के साथ उन्होने पांच अंडर का स्कोर बनाया। अदिति ने चार दौर मे से तीन मे बोगी नही की। उन्होने 68, 67, 72 और 67 के स्कोर से कुल 14 अंडर का स्कोर बनाया।आयरलैंड की लियोन मैग्वायर ने अंतिम दौर मे 64 के स्कोर से कुल 21 अंडर के स्कोर के साथ थाईलैंड की एरिया जुतानगार्न को दो शॉट से पछाड़कर खिताब जीता। अदिति ने एलपीजीए पर पिछली आठ प्रतियोगिता मे से चार मे शीर्ष 10 मे जगह बनाई है। यह भारतीय गोल्फर एलपीजीए की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 15वें स्थान पर पहुंच गई है।

## स्पेन ने नेशन्स लीग फाइनल जीता

**रोटरडम।** स्पेन ने रविवार को यहां फाइनल मे पेनल्टी शूट आउट मे क्रोएशिया को 5-4 से हराकर नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता लिया। स्पेन ने इस तरह 11 साल के खिताब के सूखे को खत्म किया जबकि क्रोएशिया और उसके अनुभवी कप्तान लुका मोड्रिच का पहले अंतरराष्ट्रीय खिताब का इंतजार जारी है। निर्धारित और अतिरिक्त समय मे मुकाबला गोल रहित बराबर रहने के बाद गोलकीपर उनाइ साइमन ने क्रोएशिया की दो पेनल्टी रोककर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पेनल्टी शूट आउट मे जब स्कोर 3-3 से बराबर था तब साइमन ने लोवरो माएर और फिर ब्रूनो पेटकोविच की पेनल्टी रोकी। डेनी कार्वाइल ने इसके बाद अपनी पेनल्टी को गोल मे बदलकर स्पेन की जीत सुनिश्चित की।

## ताइपे ओपन बैडमिंटन की अगुआई करेंगे प्रणय

### आज से शुरू होंगे मुकाबले, भारतीय चुनौती देने को तैयार

**भाषा।** ताइपे

**इंडोनेशिया** में सेमीफाइनल में मिली हार से उबरकर एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को यहां नौंवी वरीयता दी गई है और वह इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता के पुरुष एकल के पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ेंगे।

पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले प्रणय ने सुपर 1000 टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्हें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और चैंपियन बने डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 15-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



पुरुष एकल में मेइराबा लुवांग मेसनाम, किरण जॉर्ज, सतीश कुमार करूणाकरन, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन भी चुनौती पेश करेंगे। शुभंकर डे और पारूपल्ली कश्यप क्वालीफायर में हिस्सा लेंगे। महिला एकल में लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल फॉर्म हासिल करने का प्रयास करेंगी जबकि मालविका बंसोड़, आकर्षी कश्यप और रुतविका शिवानी गड्डे भी खिताब के लिए भिड़ेंगी। साइना को पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग से भिड़ना है जबकि मालविका का सामना तीसरी वरीय बेइवेन झेंग से होगा। सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ताइपे में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेगी। उनकी गैरमौजूदगी में कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की आठवीं वरीय जोड़ी पुरुष युगल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। इस जोड़ी को पहले दौर में अमेरिका के विंसन च्यू और जोशुआ युआन से भिड़ना है। महिला युगल में रितुपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा के रूप के एकमात्र भारतीय जोड़ी कोर्ट पर उतरेगी जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी तथा नवनीत बोक्का और प्रिया कोंजेंगबाम चुनौती पेश करेंगे।

## अश्विनी-तनीषा की जोड़ी ने नैनटेस अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैलेंज खिताब जीता

**नैनटेस (फ्रांस)।** भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने चीनी ताइपे की हुंग एन जु और लिन यु पेई की जोड़ी को महज 31 मिनट मे शिकस्त देकर नैनटेस अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब अपने नाम किया। अश्विनी और तनीषा की जोड़ी ने फाइनल मे 21-15, 21-14 से जीत हासिल की। पहले भारतीय जोड़ी 0-4 से पिछड़ रही थी लेकिन जल्द ही उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 10-10 से बराबर किया और पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम मे भारतीय जोड़ी का दबदबा साफ दिखाई दिया। 3-3 की बराबरी के बाद अश्विनी-तनीषा ने लगातार सात अंक जुटाए। भारत को हालांकि मिश्रित युगल के फाइनल मे हार का सामना करना पड़ा जिसमे तनीषा और के साई प्रतीक को डेनमार्क की मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टिन बुश से 21 मिनट में 21-14, 14-21, 17-21 से हार मिली। अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीरीज का हिस्सा नही है। अश्विनी ने कहा, काफी लंबे समय से जीत हासिल नही कर पा रही थी इसलिए यह जीत शानदार लग रही है। तनीषा और मै जनवरी से एक साथ खेल रहे है जिससे यह जीत हासिल करना शानदार है।

## प्रमोद भगत ने एकल में रजत और युगल में दो कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में ओटावा मे समाप्त हुई कनाडा पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय 2023 प्रतियोगिता की एकल स्पर्धा मे एक रजत पदक और युगल स्पर्धाओ (पुरुष युगल और मिश्रित युगल) में दो कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल के फाइनल मे भगत को इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से 58 मिनट मे 12-21 13-21 से हार मिली जिससे पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भगत और सुकांत कदम की दुनिया की नंबर एक जोड़ी पुरुष युगल मे पिछले कुछ समय से चल रही शानदार फॉर्म को बरकरार नहीं रख सकी और कांस्य पदक ही जीत सकी। मिश्रित युगल मे भगत और मनीषा रामदास की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय जोड़ी को फ्रेडी सेटियावान और खालीमातुस सादिया की इंडोनेशियाई जोड़ी से हार मिली। भगत ने कहा, मै इस टूर्नामेंट मे अपने प्रदर्शन से ज्यादा खुश नहीं हूं, बेथेल ने काफी अच्छा खेल दिखाया। मुझे अपनी गलतियों को देखकर उन पर काम करना शुरू करना होगा।